लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 133, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, भीमताल में तितलियों का अनोखा संग्रह व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com




**आज का मौसम** 36.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 01 सूर्यास्त 18 : 25

बरेली, रविवार, 31 मार्च 2024

फिल्म खेल-खेल में लीड रोल में नजर आएंगी तापसी-वाणी...13

**अमृत विचार लोक दर्पण**



इस बार के रविवारीय संस्करण ' में भीमताल में तितलियों का अनोखा संग्रह।



सुल्ताना डाकू : जिससे कांपते थे अंग्रेज भी।

पढ़ें विशेष...

**रमज़ान मुबारक**

(बदायूं)
31 मार्च 2024 बीसवां रोज़ा इफ्तार 6:34
01 मार्च 2024 इक्कीसवां रोज़ा सहरी 4:38
(कासगंज)
31 मार्च 2024 बीसवां रोज़ा इफ्तार 6:34
01 मार्च 2024 इक्कीसवां रोज़ा सहरी 4:41

नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।




## मुख्तार की फरार पत्नी अफसां और जेल में बंद बेटा अब्बास नहीं हो सके जनाजे में शामिल, गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान के पास 3 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी रहे तैनात

# कड़ी सुरक्षा और भारी भीड़ के बीच मुख्तार सुपुर्द-ए-खाक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्तार के शव को शनिवार सुबह 11 बजे सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया। गाजीपुर स्थिति मुहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तार की कब्र पिता सुभानउल्ला अंसारी व मां बेगम राबिया खातून के पास है। इसी बीच मुख्तार की मौत की जांच भी तेज हो गई है। शनिवार को ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं एसपी अंकुर अग्रवाल ने जेल का निरीक्षण किया।

गुरुवार रात मुख्तार की बांदा मेडिकल कालेज में हुई मौत के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव देर रात दो बजे मुहम्मदाबाद पहुंचा। बिहार के बाहुबली शहाबुद्दीन का बेटा ओसामा भी जनाजे में पहुंचा। बेटे उमर ने मुख्तार की मूंछों को आखिरी बार ताव दिया। कब्रिस्तान के पास 3 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात थे। परिवार के अलावा किसी को कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी गई। इस पर गाजीपुर डीएम आर्यका अखौरी और सांसद अफजाल अंसारी में बहस भी हुई। मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी, पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी, मुहम्मदाबाद विधायक भतीजे सुहेब अंसारी, बेटा उमर ने अंतिम विदाई दी। मुख्तार की फरार पत्नी अफसां और कासगंज जेल में बंद अब्बास जनाजे में नहीं आ सके। बांदा में मुख्तार की मौत को लेकर न्यायिक और मजिस्ट्रेट जांच शुरू हो गई है। शनिवार को बांदा जिला जज डा. बब्बू सारंग, डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल और एडीजे की टीम मंडल कारागार पहुंची। टीम ने बैरक 16 की 45 मिनट जांच की, जिसमें मुख्तार था। टीम ने सीसीटीवी को परखा।



गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के अंतिम संस्कार के दौरान जमा हुए लोग। ● एजेंसी

### सीसीटीवी फुटेज सील

**लखनऊ।** मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक और मजिस्ट्रेट जांच से पहले बैरक और निगरानी में लगे सीसीटीवी के फुटेज सील कर दिए गए हैं। मुख्तार को कौन-कौन सी बीमारियां थीं, कब-कहां और किससे इलाज कराया गया, कौन-कौन सी दवाएं चल रही थीं, इसकी रिपोर्ट जेल प्रशासन तैयार कर रहा है।

### आरोपों की जांच होनी चाहिए : अजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने मुख्तार अंसारी की मौत प्रकरण में कहा कि आरोपों की जांच की होनी चाहिए। मुख्तार की मौत के दो दिन बाद चुप्पी तोड़ते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने हमारे साथ न्याय किया था। इसके लिए न्यायपालिका का हमेशा आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि मौत के बाद किसी पर टिप्पणी करना ठीक नहीं है। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया के बीच मौत को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जांच होनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के ही बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### मायोकार्डियल इंफ्राक्शन मौत की वजह, विसरा सुरक्षित

मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उठे सवालों के बीच शनिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आयी। इसमें मुख्तार की मौत की वजह मायोकॉर्डियल इंफ्राक्शन के चलते बताई गई है। चिकित्सीय भाषा में इसे मायोकार्डियल रोधगलन (एमआई) कहते हैं जिसे आमतौर पर दिल का दौरा कहा जाता है। धमनियों में किसी एक हिस्से में रक्त के प्रवाह में कमी या पूर्ण समाप्ति के कारण अचानक मृत्यु हो सकती है। वहीं, स्लो-पॉयजन के दिए जाने के मद्देनजर विसरा भी सुरक्षित रख लिया गया है।

# पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत दिया गया भारत रत्न

## कर्पूरी ठाकुर और स्वामीनाथन के परिवार के सदस्यों को राष्ट्रपति मुर्मू ने दिया सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन तथा बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' मरणोपरांत प्रदान किया। राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन को दिए पुरस्कार उनके परिजनों ने लिए। नरसिम्हा राव का सम्मान उनके पुत्र पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने पुरस्कार ग्रहण किया।

समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आदि उपस्थित रहे। सरकार ने इसके अलावा पूर्व उप प्रधानमंत्री एलके आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा की थी। बहुभाषाविद्, राजनेता और विद्वान, पीवी नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्री रहने के दौरान देश में आर्थिक सुधारों की शुरुआत हुई थी। वह 1991 से 1996 तक दक्षिणी राज्य से देश के पहले प्रधानमंत्री थे। चौधरी चरण सिंह 28 जुलाई 1979 और 14 जनवरी 1980 के बीच प्रधानमंत्री रहे। कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा। उन्होंने 1971 में अनाज उत्पादन में देश को आत्म-निर्भर घोषित किया। 'जननायक' के रूप में मशहूर ठाकुर पहले गैर-कांग्रेसी नेता थे जो दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भारत रत्न प्राप्त करते पीवी प्रभाकर राव, जयंत चौधरी, रामनाथ ठाकुर और नित्याराव। ● एजेंसी

### ये किसानों, पिछड़ों के प्रति प्रतिबद्धता



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों, कृषि वैज्ञानिक और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को भारत रत्न से सम्मानित करना मोदी सरकार की किसानों, दलितों और पिछड़ों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि देश की चार प्रमुख हस्तियों को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित करना किसानों, दलितों और पिछड़े लोगों के प्रति नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महान हस्तियों को सम्मानित करने के फैसले के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

### प्रधानमंत्री ने सम्मानित हस्तियों को दी श्रद्धांजलि



प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित हुए लोगों के योगदान की सराहना की और पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और चौधरी चरण सिंह सहित अन्य दिग्गजों को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने एक्स पर कहा, कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देश के विकास, विशेषकर कृषि और ग्रामीण विकास में उनके अतुलनीय योगदान का सम्मान है। नरसिम्हा राव ने देश की प्रगति के लिए बड़े पैमाने पर काम किया। प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन के कृषि विज्ञान के क्षेत्र में किए गए कार्य और अनुसंधान प्रशंसनीय है।

# सांसद की भतीजी को दरोगा ने पीटा, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सदर विधायक, नपा चेयरमैन कोतवाली में धरने पर बैठे, हंगामा
- दरोगा की पत्नी-बेटी के खिलाफ भी दर्ज की गई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** दरोगा ने पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी से छेड़छाड़, अभद्रता कर कपड़े फाड़े और रिवॉल्वर दिखाकर धमकाया। सदर विधायक योगेश वर्मा और पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने देर रात तक कोतवाली में हंगामा किया और धरने पर बैठ गए। आरोपी दरोगा, उसकी पत्नी व बेटी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर दरोगा को निलंबित कर किया गया।

नारकोटिक्स सेल में तैनात दरोगा अभय मिश्रा शहर में पत्नी और बेटी के साथ किराए पर रहता है। उसकी पत्नी भी सब इंस्पेक्टर हैं और सदर कोतवाली में तैनात हैं। मकान मालिक की पत्नी के अनुसार वह पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी हैं। रात कुछ लोग उनके यहां होली मिलने आए थे। दरोगा नशे में धुत होकर आया और पति व उनके साथियों से गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर दरोगा ने उनका दुपट्टा खींच लिया और कपड़े फाड़ दिए और मारपीट की। इसी बीच दरोगा की पत्नी व बेटी आ गई। उन्होंने भी मारपीट की। मामला दर्ज कराने वह थाने पहुंचीं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने सदर विधायक योगेश वर्मा और नगर पालिका चेयरमैन डॉ. इरा श्रीवास्तव को जानकारी दी। वे दोनों समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंचे। फिर भी कार्रवाई न होने पर विधायक पीड़ित परिवार के साथ कोतवाली में धरने पर बैठ गए। महिला से छेड़खानी को लेकर विधायक समर्थक इस कदर नाराज थे कि आरोपी दरोगा को पीटने के लिए दौड़ पड़े। एएसपी पूर्वी पवन गौतम, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने विधायक व चेयरमैन से वार्ता की और आरोपी दरोगा और उसकी पत्नी व बेटी के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की।

> आरोपी दरोगा की मेडिकल रिपोर्ट में अल्कोहल की पुष्टि हुई है। पीड़ित महिला को आई चोटों का भी मेडिकल परीक्षण कराया गया है। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **गणेश प्रसाद साहा**, एसपी










### भोजशाला परिसर में सर्वे के नौवें दिन खुदाई जारी

**धार (मप्र)।** भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में एएसआई के अदालत की निगरानी में किए जा रहे सर्वेक्षण के तहत खुदाई जारी है। इससे जुड़े व्यक्ति ने बताया कि एकत्रित मिट्टी सुरक्षित रखे जा रहे हैं। यह सर्वेक्षण 22 मार्च को शुरू हुआ और आज नौवां दिन है।

# दबंगों से खतरा, राष्ट्रपति से परिवार ने मांगी इच्छा मृत्यु

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कोतवाली में तहरीर और सीएम को भेजा पत्र, नहीं हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** तीन दबंग भाइयों से परेशान परिवार ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की मांग की है। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव आमगांव के अजयपाल सिंह के बेटे राजीव राठौर ने बताया कि उनके गांव में तीन भाई दबंग किस्म के हैं। कुछ दिन पहले उनके ट्यूबवेल से चल रहे पानी की गूल कट गई। पानी पड़ोस के खेत में चला गया। आरोपी गाली-गलौज कर मारने की धमकी देने लगे। 21 मार्च की दोपहर वह खेत पर जा रहे थे। रास्ते में तीनों भाइयों ने घेर लिया और गाली-गलौज कर मारपीट की। विरोध पर सोने की चेन और 15 हजार रुपये छीन लिए। अन्य किसानों के आने पर आरोपी धमकी देकर चले गए। कोतवाली सिविल लाइन में तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। 23 मार्च को मुख्यमंत्री और अधिकारियों को पत्र भेजा। फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। तीनों भाइयों से उनके परिजनों को खतरा है। उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की मांग की है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि कोई शिकायती पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

## सनी देओल की जगह दिनेश रिंकू और बिट्टू को मिला टिकट

**भाजपा की 8वीं सूची जारी**

**नई दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की आठवीं सूची जारी की है। पंजाब की छह, पश्चिम बंगाल की दो और ओडिशा की तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। वहीं पंजाब की गुरदासपुर सीट से सांसद और अभिनेता सनी देओल की जगह दिनेश सिंह चुनाव लड़ेगे। भाजपा ने 11 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की, उसमें भर्तृहरि महताब, रवनीत सिंह बिट्टू, सुशील कुमार रिंकू और परनीत कौर के नाम हैं। ये सभी अलग दल से भाजपा में आए थे। सभी को उन्हीं सीटों से मैदान में उतारा गया है, जिनका वे प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पूर्व भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू अमृतसर से तो हंसराज हंस फरीदकोट से चुनावी लड़ेंगे। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू लुधियाना, पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर पटियाला और सुनील कुमार सिंह रिंकू जालंधर से चुनाव लड़ने की तैयारी करेंगे।

# दिल्ली के मंत्री गहलोत से 5 घंटे पूछताछ

नई दिल्ली, एजेंसी

**आबकारी नीति मामला**

- नजफगढ़ से आप विधायक हैं दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री
- पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया, पूर्व शहरी विकास मंत्री जैन के समूह का थे हिस्सा

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में शनिवार को दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता कैलाश गहलोत से पांच घंटे पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। नजफगढ़ से आप विधायक गहलोत मुख्यमंत्री केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। ईडी ने इस मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया है।

गहलोत ने सुबह साढ़े 11 बजे मध्य दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में प्रवेश किया और वह करीब साढ़े चार बजे कार्यालय से निकले। मंत्री ने कहा कि उन्होंने जांच एजेंसी के सभी सवालों का जवाब दिया।

वह जांच में सहयोग करते रहेंगे। गहलोत से नीति के निर्माण के संबंध में पूछताछ की गई, क्योंकि वह 2021-22 के लिए नई शराब नीति को तैयार करने और कार्यान्वयन के लिए गठित उस मंत्री समूह (जीओएम) का हिस्सा थे, जिसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन भी शामिल थे।

गहलोत ने कहा कि उन्हें ईडी ने मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था क्योंकि संभवतः मैं जीओएम का हिस्सा था... पूछताछ नीति के सभी पहलुओं के बारे में थी और मैंने अपनी सर्वोत्तम जानकारी और याददाश्त के अनुसार उत्तर दिया।

### भाजपा के खिलाफ एकजुट हो रहा देशः आप

आप नेता दिलीप पांडे ने कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत को मिले ईडी के समन पर कहा, जिस दिन ईडी कोई समन नहीं जारी करती है तो यह हमारे लिए चौंकाने वाली बात होती है। देश भाजपा की तानाशाही के खिलाफ एकजुट हो रहा है। हमने देश से भाजपा की गुंडागर्दी और अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। आप नेता ने कहा, भाजपा अभी तक इस बात का जवाब नहीं दे रही है कि उसने शरत चंद रेड्डी से 60 करोड़ क्यों लिए? भाजपा को इसका जवाब देना होगा।

# जल बोर्ड से जुड़े धन शोधन मामले में आरोप पत्र दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरोपपत्र में चार व्यक्तियों तथा एक कंपनी का नाम शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन की जांच के सिलसिले में अपना पहला आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने 28 मार्च को दिल्ली में विशेष पीएमएलए (धनशोधन रोकथाम कानून) अदालत में 8,000 पृष्ठों की अभियोजन शिकायत दर्ज कराई, जिसमें अनुलग्नकों के अलावा 140 पृष्ठ शामिल हैं।

अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के लिए एक अप्रैल की तारीख तय की है। आरोपपत्र में चार व्यक्तियों तथा एक कंपनी का नाम है, जो क्रमशः डीजेबी के पूर्व मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल, एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डी के मित्तल, तेजिंदर सिंह और एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि डीजेबी द्वारा दिए गए ठेके में भ्रष्टाचार के माध्यम से प्राप्त धन दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी आप को कथित तौर पर चुनावी फंड के रूप में भेजा गया था।

# बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन पूरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 36 करोड़ रुपये से अधिक मूल्यांकन का पारिश्रमिक शुल्क विभाग को होगा चुकाना
- 3.1 करोड़ कॉपियां निधारित अवधि 31 मार्च से पहले ही हो गईं चेक

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन निर्धारित समय 31 मार्च से पहले शनिवार को ही समाप्त हो गया। 16 मार्च से शुरू हुई मूल्यांकन प्रक्रिया 30 मार्च तक चली। जिसमें 3.1 करोड़ कॉपियों को चेक किया गया। इसके साथ ही मूल्यांकन कार्य में लगे 1.50 लाख से अधिक शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि पहली बार 12 कार्य दिवसों में यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन समाप्त हुआ है। इससे पहले इतने कम समय में कॉपियां कभी नहीं चेक हुई है। उन्होने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नकलविहीन परीक्षा और सुचितापूर्ण मूल्यांकन तीनों प्रक्रिया में शिक्षकों का अहम योगदान है।

### 36 करोड़ से अधिक का करना होगा भुगतान

यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा होने के बाद अब विभाग को शिक्षकों को 36 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करना होगा। मौजूदा व्यवस्था में दसवीं में प्रत्येक कॉपी का 11 रुपये और इंटरमीडिएट में प्रति कॉपी का 13 रुपये मूल्यांकन का पारिश्रमिक शुल्क भुगतान विभाग को भुगतान करना होगा।

### सोमवार से शुरू होगी आगे की प्रक्रिया

मूल्यांकन समाप्ति के बाद अब सोमवार को बोर्ड परीक्षा के परिणाम को लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। परीक्षा परिणाम में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो पाए इसको विशेष ध्यान में रखते हुए परिणाम की घोषणा की जायेगी। संभवत : अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में परिणाम जारी हो जायेगा।

## पीएफआई के तीन सदस्य धन शोधन मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तीन कथित सदस्यों को धन शोधन के आरोपों पर गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अब्दुल खादर पुत्तूर, अनशद बदरुद्दीन और फिरोज के. पीएफआई के लिए शारीरिक प्रशिक्षु के तौर पर काम कर रहे थे। तीनों को धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को शनिवार को विशेष अदालत में पेश किया गया। एजेंसी ने तीनों पर प्रतिबंधित संगठन से धनराशि लेने का आरोप लगाया है।

# पांच तक मौसम शुष्क रहने व तेज हवाएं चलने का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/नई दिल्ली

- शनिवार को तेज धूप के बीच हल्की बदली ने दी थोड़ी सी राहत
- राजधानी को अधिकतम पारा 37.3 व न्यूनतम 22.8 डिग्री रहा

**अमृत विचारः** पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले छह दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 25 से 35 किमी गति से चलने वाले हवा से तापमान 40 डिग्री से ऊपर जा सकता हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया शनिवार को लखनऊ शहर को अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री और न्यूनतम 22.8 डिग्री दर्ज किया गया। अगले छह दिन यानी पांच अप्रैल तक बारिश के आसार नहीं हैं। मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही धूप और तेज हवा से तापमान चढ़ेगा।

वहीं दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री रहा, जो औसत से 4 डिग्री अधिक है और अधिकतम 37 डिग्री रहा। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 64 प्रतिशत रहा। मौसम विज्ञानियों ने दिन में गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है।

# 15 निकायों के अधिशासी अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- संचारी रोग अभियान के तहत नहीं दिया उन्मुखीकरण माइक्रो प्लान

**अमृत विचार:** संचारी रोग नियंत्रण को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। जिसमें माइक्रो प्लान न दिए जाने तथा उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन न करने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही 15 निकायों अधिशासी अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा और एक अप्रैल तक माइक्रो प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि आदेशों का पालन न करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में प्राप्त शासनादेश का अनुपालन कराया जाए। इस दौरान पता चला कि 21 नगर निकायों में से 06 के ही माइक्रो प्लान प्राप्त हो सके हैं। 15 नगर निकायों ने माइक्रो प्लान नहीं दिया है। इस पर उन्होंने इन निकायों के अधिशासी अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब कर लिया। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि संचारी रोग अभियान को शासन स्तर से 10 दिन आगे बढ़ा दिया है। अब यह अभियान 10 अप्रैल से प्रारंभ होगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अब्दुल सलाम, यूनिसेफ के सुभाष सिंह, डॉ. सनोज मिश्रा सहित अन्य अधिकारी चिकित्सक आदि मौजूद रहे।

## दो बार दूसरे स्थान पर रही थी पार्टी, इस बार बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी की अब तक नहीं हुई है घोषणा

# बसपा ने कई बार बदले प्रत्याशी, किसी चुनाव में नहीं दौड़ सका हाथी

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं

- पहली बार वर्ष 1989 में बसपा ने उतारा प्रत्याशी, मिले थे 9279 वोट

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। बदायूं सीट जीतने के लिए राजनैतिक दलों ने भी बिसात बिछानी शुरू कर दी हैं। सपा और भाजपा ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। प्रचार प्रसार भी शुरू कर दिया है लेकिन बसपा की स्थिति अभी तक साफ नहीं हो सकी है। अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं। उनमें बसपा ने खूब पैतरेबाजी की लेकिन हाथी आज तक नहीं दौड़ सका। बसपा के संस्थापक कांशीराम ने भी यहां सियासी जमीन को बखूबी तराशा, लेकिन कामयाब नहीं हुए। बसपा ने बदायूं लोकसभा सीट से जितने भी प्रत्याशी उतारे वह कामयाब नहीं हुए। हालांकि हर बार के चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ा। पार्टी तीसरे से दूसरे स्थान तक पहुंचने में कामयाब रही लेकिन जीत नसीब नहीं हुई। बसपा प्रत्याशी घोषित करने में देरी कर रही है। माना जा रहा है कि बसपा मजबूत दावेदार को मैदान में उतार सकती है।

वर्ष 1989 में पार्टी का गठन होने के बाद बहुजन समाज पार्टी द्वारा सैय्यद अनवर अली को प्रत्याशी बनाया था। लेकिन वह मंडल कमंडल के दौर को पार नहीं सके और 9279 वोट लेकर पांचवें स्थान पर रहे। इस चुनाव में जनता दल से उतरे शरद यादव जीत दर्ज कर संसद पहुंचे थे। इसके बाद साल 1996 में हुए चुनाव के दौरान पार्टी ने सैय्यद अनवर अली के स्थान पर ब्रजपाल सिंह शाक्य को प्रत्याशी बनाया। इस चुनाव में 1,52,878 मत प्राप्त कर वह दूसरे स्थान रहे। उन्हें समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सलीम इकबाल शेरवानी से शिकस्त झेलनी पड़ी। 2004 तक ब्रजपाल सिंह शाक्य पर दांव खेलते हुए बसपा पार्टी मैदान में उतारती रहीं। लेकिन पार्टी तीसरे स्थान से ऊपर न उठ सकी। साल 2009 में पार्टी ने ब्रजपाल सिंह शाक्य के स्थान पर बाहुबली नेता धर्मपाल सिंह यादव (डीपी यादव) को चुनाव मैदान में उतारकर सीट पर कब्जा जमाने का प्रयास किया। परंतु पार्टी का यह प्रयास भी विफल साबित हुआ। धर्मपाल सिंह यादव, सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव से करीब 32 हजार से ज्यादा मतों से पराजित हो गए। चुनाव नतीजों को लेकर बाद में डीपी यादव ने धांधली का भी आरोप लगाया और चुनाव आयोग से शिकायत की लेकिन तब तक धर्मेंद्र यादव को जीत का सर्टिफिकेट मिल चुका था। 2014 के चुनाव में बसपा प्रत्याशी अकमल खान उर्फ चमन भी बसपा का सूखा खत्म करने में कामयाब नहीं हो सके। उन्हें तीसरे नंबर पर रहकर ही संतोष करना पड़ा। 2019 का चुनाव पार्टी सपा के गठबंधन के साथ लड़ी। सीट गठबंधन में चले जाने की वजह से बसपा ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा। अब फिर से चुनावी बिसात बिछ गई है। प्रत्याशियों को लेकर सपा और भाजपा की स्थित साफ हो गई है, लेकिन बसपा ने अभी तक प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं किया है। भाजपा और सपा के प्रत्याशी घोषित होने के बाद माना जा रहा है इस बार मुस्लिम समाज से बसपा का चेहरा होगा।

**चुनावों में बसपा को मिले वोट**

| वर्ष | प्रत्याशी | मिले वोट |
|---|---|---|
| 1989 | सैय्यद अनवर अली | 9279 |
| 1996 | ब्रजपाल सिंह | 152878 |
| 1998 | ब्रजपाल सिंह | 104718 |
| 1999 | ब्रजपाल सिंह | 137909 |
| 2004 | प्रेमपाल सिंह यादव | 75886 |
| 2009 | धर्मपाल सिंह यादव | 201202 |
| 2014 | अकमल खान | 156973 |

# जनपद में ब्लैक स्पॉट की बढ़ी संख्या पीडब्ल्यूडी जल्द कराएगा सुधार

## साल 2023 में जिले में थे 38 ब्लैक स्पॉट, डीएम के निर्देश पर हुआ था निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम मनोज कुमार।

- संख्या बढ़कर हुई 41, जिसमें 32 लोक निर्माण विभाग और 6 एनएचएआई के

**अमृत विचार:** जिले में ब्लैक स्पॉट की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। एक साल में चार नए ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं जबकि सुधार के बाद एक कम हो गया है। इसके साथ ही ब्लैक स्पॉट की संख्या 38 से बढ़कर 41 हो गई है। इनमें 31 लोक निर्माण विभाग और 10 एनएचएआई के शामिल हैं। सड़कों पर बढ़ी ब्लैक स्पॉट की संख्या के बाद डीएम ने इनमें सुधार करने के निर्देश पीडब्ल्यूडी को दिए हैं।

शनिवार को कलेक्ट्रेट में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी मनोज कुमार ने अधिकारियों से कहा कि आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। सड़क सुरक्षा में घायल व्यक्ति को निकटवर्ती अस्पताल में पहुंचाने वाले को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। जागरुकता के लिए जनपद की सीमाओं पर होर्डिंग लगवाए जाएं। हिट एंड रन मोटर दुर्घटना मामलों के पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए। जिलाधिकारी ने परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए कि ओवर स्पीड वाहनों, बिना लाइसेंस वाहन चलाने वालों, डग्गामार वाहनों, ओवरलोडेड वाहनों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग न करने वालों और हेलमेट का प्रयोग न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

इस दौरान सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन अम्बरीश कुमार ने बताया कि जनपद को इंटरसेप्टर मिल चुका है। इस इंटरसेप्टर के माध्यम से गत माह की तुलना में तीन गुना ज्यादा चालान किए गए हैं। 88 वाहनों के लाइसेंस भी निरस्त किए गए हैं। वहीं लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 में जनपद में 38 ब्लैक स्पॉट थे, जिनमें से 32 लोक निर्माण विभाग व 06 एनएचएआई के थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में कुल 41 ब्लैक स्पॉट्स जनपद में है जिनमें से 31 लोक निर्माण विभाग व 10 एनएचएआई के हैं। सभी पर सुधारात्मक कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त वैभव शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बिल्सी में खुला भाजपा का चुनाव कार्यालय



**बदायूं।** शनिवार को बिल्सी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का चुनावी कार्यालय खोला गया। इस दौरान हवन पूजन किया गया। हवन पूजन में बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, क्षेत्रीय अध्यक्ष/लोकसभा प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, प्रदेश मंत्री डीपी भारती, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, डीसीबी चेयरमैन जे.के सक्सेना ने आहुतियां डालीं। इस मौके लोकसभा प्रत्याशी ने कहा कोई भी चुनाव हो, हमारे बूथ कार्यकर्ता एक प्रत्याशी के रूप में परिश्रम कर अपने बूथ विजय के संकल्प को साकार करते हैं। क्षेत्र के जनता-जनार्दन व कार्यकर्ताओं का उत्साह यह बताता है कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी मेहनत कर रहे हैं। इस मौके सुधीर श्रीवास्तव, उमेश कठेरिया, शरदेन्दु पाठक, ग्रीशपाल सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

### चुनाव की तैयारी में जुटा भाजयुमो



**बदायूं।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक कैंप कार्यालय पर हुई। जिसमें प्रवास पर आए युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू वाल्मीकि ने चुनाव को लेकर चर्चा की। इससे पूर्व युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद स्वरूप पाठक ने उनका माला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। मुख्य वक्ता ने बताया प्रत्येक विधानसभा में युवा मोर्चा द्वारा युवा सम्मेलन एवं बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक मण्डल पर जाकर बैठक की जाएगी। इस मौके पर सहदेव सागर, सुयश जौहरी, राहुल सिंह, डी पी पाल, सुमित वार्ष्णेय, धर्मेन्द्र पटेल, पंकज गुप्ता आदि युवा उपस्थित रहे।

### गहराई से मिट्टी उठाने पर किसानों ने जताया विरोध

**कुंवरगांव।** गंगा एक्सप्रेस-वे पर मिट्टी डालने को कार्य चल रहा है। सालारपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव भटौली के किसानों के खेतों से मिट्टी उठाई जा रही है। एक्सप्रेस वे बनाने वाली फर्म मानक से अधिक गहराई तक मिट्टी उठा रही है। जिसका किसानों ने विरोध कर प्रदर्शन किया। साथ ही इस पर रोक लगाने की मांग डीएम से की है। किसान छोटे सिंह, कुलदीप सिंह, विजय बहादुर सिंह, सुशील सिंह, सौरभ सिंह, रिंकू सिंह, वीर बहादुर सिंह का कहना है कि फर्म को 6 से 7 फिट गहराई तक मिट्टी उठाई जानी चाहिए। परंतु फर्म अधिक गहराई तक मिट्टी खेतों से उठा रही है। जिससे उनके खेतों को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने डीएम से इस पर रोक लगाने की मांग की है।

### तीन दिवसीय सेल्फ स्टीम प्रशिक्षण का समापन

**वजीरगंज।** नगर के बीआरसी केंद्र पर त्रिदिवसीय सेल्फ स्टीम सुगमकर्ता प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हो गया। अंतिम दिन ब्लॉक बिसौली व कादरचौक से आए प्रशिक्षकों ने उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को मीना मंच, जेंडर व रंग रूप संबंधी भेदभाव को छात्रों में दूर करने के प्रति जागरूक किया। प्रशिक्षण मंडल की प्रशिक्षिका चंचल उपाध्याय व मोनिका शर्मा ने परिवेश बदले, एक कदम स्वच्छता की ओर, शारीरिक दृष्टि का प्रभाव, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को लेकर चर्चा की। इस मौके पर डॉ. हिलाल अहमद, सुमत मिश्रा, प्रियंका कटियार, वैशाली शाक्य, प्रगति कमल, रूपा रानी गुप्ता, एकता, ज्योत्स्ना शंखधार, गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

### पीड़ित परिवार से मिले राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष

**बदायूं।** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी दो बच्चों की हत्या कर दी गई थी। शनिवार को राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार और अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संगठन महामंत्री हरेंद्र कुमार ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। बच्चों की निर्मम हत्या में हिंदू समुदाय के लोगों को उपद्रवी बताकर रिपोर्ट दर्ज करने पर रोष जताया। कहा कि अगर मुकदमे वापस नहीं लिए तो देश में इसके खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष विकेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज

डॉ. कुशाग्र सिंह
MBBS, M.S. (Surgery), FMAS, DMAS
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
दूरबीन द्वारा आपरेशन के विशेषज्ञ
7983368142



पं. दीन दयाल उपाध्याय कार्डधारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन, हर भारतवासी का-रविवार व बुधवार
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
●पित्त की पथरी ●पित्त की नली की पथरी ●अपेन्डिक्स ● हार्निया
●पेशाब नली की पथरी (PCNL, URSL) ●बच्चेदानी व रसौली ●आबेरियन सिस्ट
●एक्टापिक प्रगनेन्सी ●गदूद ऑपरेशन (TURP) ●पेट की जाँच।
●महिला ऑपरेशन स्त्री रोग डाक्टर की देख-रेख में
●गम्भीर मरीजों के लिए ICU एवं वेन्टीलेटर ●मात्र एक टीका और ऑपरेशन



नवजात शिशु कहीं भी पैदा हो?
आयुष्मान कार्ड धारक पिता अथवा माताओं के नवजात शिशुओं का निःशुल्क इलाज नर्सरी (NICU) में
महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल
निकट कुदेशिया फाटक, इज्जतनगर, बरेली-9411090551

रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ
उत्तर प्रदेश व भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
महेन्द्र गायत्री नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी कालेज
धनवन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली मो. 7599203105
G.N.M. योग्यता-इण्टरमीडिएट, अंग्रेजी अनिवार्य
A.N.M. योग्यता-इण्टरमीडिएट
B.Sc. Nursing योग्यता-इण्टरमीडिएट, बायो ग्रुप
◆DIPLOMA O.T. ◆ D.P.T. ◆ D.Opt.
योग्यता-इण्टरमीडिएट, मैथ या बायो ग्रुप
D. Pharma 12th Pass Science Side
B.A.M.S.
● उच्च शिक्षा ● उच्च प्रैक्टिस ● उच्च क्लीनिक ट्रेनिंग

### वीरपाल यादव बने बदायूं लोकसभा प्रभारी

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव को बदायूं लोकसभा का प्रभारी मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने मनोनयन पत्र जारी किया है। बदायूं से पार्टी ने राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव को प्रत्याशी बनाया है।

### पंचायत घर से सामान चोरी

**बदायूं।** चोरों ने कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव बुधवाई के पंचायत भवन से शुक्रवार की रात पंचायत घर में रखा लैपटॉप, यूपीएस, कंप्यूटर, एलसीडी, सीसीटीवी कैमरे आदि चोरी कर लिया।

# शिप्रा ने उठाई नदियों को प्रदूषण मुक्त करने की मांग

संवाददाता, ककराला


मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपती शिप्रा पाठक।

- सोत नदी को प्रदूषण मुक्त कराने के लिए मुख्यमंत्री को सौंपा पत्र

**अमृत विचार:** चार हजार किलोमीटर तक पदयात्रा का कीर्तिमान स्थापित करने वाली दातागंज निवासी शिप्रा पाठक ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को जिले में बह रही सोत नदी तथा गोमती नदी को प्रदूषण तथा कब्जा मुक्त कराने के लिए मांग पत्र सौंपा।

मुलाकात के दौरान शिप्रा पाठक ने पर्यावरण जागरण करने की संरचना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने सोत नदी और दातागंज में अरिल नदी तथा पीलीभीत की गोमती नदी को प्रदूषण तथा कब्जा मुक्त कराने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया उनके द्वारा नर्मदा, शिप्रा, गोमती, सरयू, नाद, वरुणा, सोत जैसी नदियों पर पौधारोपण कर नदी संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। उनकी संस्था द्वारा अब तक लगभग 12 लाख पौधे रोपित किए जा चुके है। जनपद पीलीभीत के माधोटांडा से निकलने वाली गोमती नदी की 1008 किमी की पदयात्रा की है जो उत्तर प्रदेश के दर्जनों जनपदों से होते हुए बनारस जौनपुर सीमा कैथी तक जाती है। शिप्रा ने नदी को कब्जा मुक्त करते हुए किनारे पड़ने वाले दिव्य शिवालयों के जीर्णोद्धार करने की चर्चा मुख्यमंत्री से की।

## सभी विधानसभा क्षेत्रों में पहली बार बनेगा युवा मतदान केंद्र

**बदायूं, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में आयोग मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चला रहा है। जिले में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इस बार के चुनाव में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में युवा मतदान केंद्र बनाया जाएगा।

बदायूं लोकसभा क्षेत्र में युवा मतदाताओं की संख्या 5 लाख 44 हजार 625 है। इनमें 18 से 19 साल 28 हजार 260 युवा मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। चुनाव में युवाओं की भागीदारी 11.9 फीसद रहती है। इस संख्या को बढ़ाने के लिए इस बार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में युवा मतदाता केंद्र बनाए जाएंगे। साथ ही सभी विधानसभा क्षेत्र में एक दिव्यांग मतदान केंद्र भी बनेगा। दिव्यांग मतदान केंद्र पर सभी अधिकारी व कर्मचारी दिव्यांग होंगे, जबकि युवा मतदान केंद्र पर युवा अधिकारी और कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। पिछले कई चुनावों से सभी विधानसभा क्षेत्र में एक पिंक मतदान केंद्र बनता आ रहा है जो इस बार भी बनेगा।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
☛ अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
☛ इंजियोग्राफी
☛ एंजियोप्लास्टी
☛ पेसमेकर
☛ टी.एम.टी.
☛ होल्टर टेस्ट (Holter Test)
☛ बैलून बाल्बोटामी
☛ इकोकार्डियोग्राफी
☛ कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
☛ इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)



हृदय रोग के लक्षण
● क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
● क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
● क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
● क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
● क्या चलने पर घबराहट होती है?
● क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

**सियासत** 1991 में स्वामी चिन्मयानंद बने थे सांसद, इसके बाद 2019 में खिला था कमल

# बदायूं में पहली महिला सांसद बनी थीं डॉ. संघमित्रा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वर्ष 1991 के बाद भाजपा के सूखे को डॉ. संघमित्रा मौर्य ने किया खत्म


डॉ. संघमित्रा मौर्य।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज हो चुका है। सपा के गढ़ में पिछली बार की तरह इस बार भी भाजपा सेंध लगाकर विजय पताका फहराने की कोशिश में है। बदायूं संसदीय सीट पर लंबे समय तक तमाम राजनैतिक दलों का कब्जा रहा। जिसमें सबसे ज्यादा सपा ने ही यहां जीत का परचम लहराया। खास बात यह रही कि यहां वर्ष 2019 से पहले कभी महिला सांसद नहीं बनी थीं। बदायूं की जनता ने वर्ष 2019 में हुए चुनाव में भाजपा के टिकट से चुनाव मैदान में उतरीं डॉ. संघमित्रा मौर्य को जिता कर संसद भेजा। उन्होंने बदायूं लोकसभा सीट पर वर्ष 1991 के बाद से आए भाजपा के सूखे को खत्म किया था। वह भी सैफई घराने के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को शिकस्त देकर। इस बार भाजपा ने भले ही उनका टिकट काट दिया हो, लेकिन बदायूं लोकसभा सीट से पहली महिला सांसद बनने का रिकार्ड उन्होंने अपने नाम कर लिया है।

वर्ष 1991 में भाजपा की लहर के दौरान स्वामी चिन्मयानंद बदायूं लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े और जीते भी थे। इसके बाद इस सीट पर सपा का ही वर्चस्व रहा। वर्ष 1991 के बाद भाजपा कई बार अपनी सहयोगी पार्टियों के गठबंधन के साथ यहां पर जीत का परचम फहराने की कोशिश में जुटी रही लेकिन हर बार हार का सामना करना पड़ा। वोटर का रुझान सिर्फ यहां समाजवादी पार्टी की ओर रहा। ऐसे में भाजपा को यहां तमाम कोशिशों के बाद सफलता नहीं मिल रही थी। वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने यहां से डॉ. संघमित्रा मौर्य को चुनाव मैदान में उतारा। मगर, उनके सामने बढ़ी चुनौती के रूप में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के भतीजे यहां से दो बार लगातार सांसद रहे धर्मेंद्र यादव थे। सपा के गढ़ में और सैफई परिवार के सदस्य को मात देना आसान नहीं था लेकिन समीकरण बदले और डॉ. संघमित्रा मौर्य ने धर्मेंद्र यादव को चुनाव मैदान में शिकस्त दे दी। इसके साथ ही उन्होंने इस सीट से पहली महिला सांसद होने का गौरव भी अपने नाम कर लिया। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. संघमित्रा मौर्य को 5,11,352 मत प्राप्त हुए, वहीं सपा के धर्मेंद्र यादव को 4,92,898 मत प्राप्त हुए थे।

इस बार भाजपा ने उनके स्थान पर भाजपा के बृज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य को चुनाव मैदान में उतारा है। सपा से मुलायम सिंह यादव के भाई शिवपाल सिंह यादव खुद चुनाव मैदान में हैं। इस बार देखना है कि जीत का सेहरा किसके सिर पर बंधता है, लेकिन दोनों प्रत्याशी अपने अपने चुनावी गणित को समझाते हुए चुनावी नैया को पार लगाने की कोशिश में हैं।

## निरस्त हुआ लोडर वाहन के हेलमेट पर हुआ मुकदमा


**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नसरुल्लागंज निवासी मुकीम ने 19 मार्च को कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर अपने लोडर वाहन का हेलमेट न होने पर चालान करने की बात कही थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद साजिद ने इसे आपत्तिजनक बताते हुए नोटिस देकर थाना जरीफनगर के निरीक्षक संजीव कुमार और ट्रैफिक इंस्पेक्टर से 29 मार्च तक स्पष्टीकरण तलब किया था। थाना जरीफनगर पुलिस ने आख्या देकर बताया था निरीक्षक संजीव कुमार का स्थानांतरण बरेली हो गया है। फोन पर बात करने पर निरीक्षक के लखनऊ में तैनाती होने की बात सामने आई। नोटिस भेजने के बाद भी वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। सीजेएम ने मुकदमा पोषणीय न होने के कारण निरस्त कर दिया है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली
अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
31 मार्च 2024 बीसवां रोज़ा इफ्तार 6:34
01 मार्च 2024 इक्कीसवां रोज़ा सहरी 4:38
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
लाइफ केयर हॉस्पिटल
निकट बी.आर.बी. स्कूल, बरेली रोड, बदायूँ
मो. इमरान चौधरी
डायरेक्टर
विशेष सुविधाएं :
● हड्डी के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा।● महिलाएं के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● बी.पी., शुगर व डेंगू के मरीजों के लिए विशेष इलाज की सुविधा। ● आई.सी.यू. की सुविधा।
24 घण्टे मेडीकल व इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
9758669652, 8474913186

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# नामी कंपनियों के स्टीकर चिपका लगा दीं लोकल लाइटें

## जांच में ग्राम पंचायत में खराब मिलीं लाइटें, डीएम ने फर्म को जारी किया नोटिस, जवाब न देने पर दर्ज होगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गंगा इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स की ओर से जिले की सात ग्राम पंचायतों में 370 लाइटें लगाई गईं। जिसके भुगतान की अधिक मांग की गई। नियमानुसार लाइट नहीं मिलने पर विभाग ने फर्म के भुगतान को रोक दिया। इस पर आपत्ति जताते हुए संबंधित फर्म द्वारा डीएम से शिकायत कर भुगतान कराने के लिए मांगी। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम गठित कर जांच कराई। टीम को गांवों में ब्रांडेड कंपनी के स्थान पर लोकल लाइटें लगी मिलीं। साथ ही उनकी संख्या में भी काफी अंतर पाया गया। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम ने फर्म को नोटिस जारी किया है। साथ ही सात दिनों का समय देते हुए जवाब मांगा है। चेतावनी दी है कि संतोष जनक जवाब न मिलने पर फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा और उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी जाएगी। इधर डीपीआरओ ने संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधान और सचिवों का जवाब तलब किया है।



● डीपीआरओ ने सचिवों और प्रधानों को भी जारी किया नोटिस

जिले के ब्लॉक इस्लामनगर की फर्म गंगा इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा सात ग्राम पंचायत बहबलपुर, भगतपुर, चंदेसी, भमोरी गौसपुर, जरीफपुर गढ़िया, बहेरिया, जाहिदपुर घनसौली में 370 लाइटें लगाई गईं थीं। लाइट लगाने के बाद फर्म द्वारा भुगतान की मांग की गई। भुगतान की मांग किए जाने पर जिला पंचायती राज विभाग द्वारा फर्म ने जो लाइटें लगाई थीं उनका सत्यापन कराया। लाइटें मानक अनुसार न लगी मिलने पर विभाग की ओर से फर्म के भुगतान पर रोक लगा दी गई। विभाग द्वारा धनराशि न मिलने पर फर्म ने मामले की शिकायत डीएम की।

शिकायत पर गौर करते हुए डीएम मनोज कुमार ने डायट प्राचार्य, सहायक लेखाधिकारी विकास विभाग और विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को नामित करते हुए मामले की अपने स्तर से जांच कराई। टीम ने जांचकर अपनी रिपोर्ट डीएम के समक्ष प्रस्तुत कर दी। जांच रिपोर्ट मिलने पर फर्म द्वारा किया गया गोलमाल उजागर हो गया। रिपोर्ट में डीएम ने पाया कि शासनादेश के अनुसार सभी ग्राम पंचायतों में 35 वाट की लाइट लगाई जानी थी। सभी लाइट ब्रांडेड कंपनी की लगनी थी। लेकिन फर्म की ओर से किसी ग्राम पंचायत में 30 तो किसी में 35 वाट की लाइट लगा दी। सभी लाइट लोकल एवं असेंबिल्ड की हुई थीं। इसके बाद भी फर्म ने सभी लाइट की कीमत एक बराबर लगाकर भुगतान की मांग की थी। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम ने फर्म गंगा इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर समय पर जवाब नहीं दिया तो फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। साथ ही उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी जाएगी।

### जांच टीम को मौके पर मिलीं 250 लाइट

जांच में टीम ने पाया कि मौके पर 250 लाइट लगी हैं। जबकि फर्म ने गांवों में 370 लाइट लगा होना बताया था। जो लाइटें लगी थीं। उनमें 125 लाइट खराब और 125 चालू हालत में थीं। शासन के आदेशानुसार 35 वाट की लाइट का मूल्य सभी कर समेत 3482 रुपये है। जबकि फर्म ने 30 और 35 वाट की लाइट की कीमत 3899 .84 रुपये प्रत्येक लाइट दिखाकर धनराशि की मांग की। टीम के अधिकारियों द्वारा प्रधान व सचिव के भी बयान लिए गए।

### गांवों में यह मिली स्थिति

गांव बहबलपुर में फर्म ने 40 लाइट लगा होना बताया था, लेकिन टीम को 32 लाइट लगी मिलीं। इनमें 17 खराब थीं। भगतपुर में 35 लाइट लगे होने का दावा किया गया था। यहां 14 लगी मिलीं, इनमें सात खराब थीं। चंदेसी गांव में 50 में 27 लगी मिलीं, 23 खराब, भमोरी गौसपुर 60 लाइटों में 51 मौके पर लगी मिलीं 17 खराब थीं। ऐसी ही स्थिति जरीफपुर गढ़िया की थी। यहां 100 में 53 लगी मिलीं जिसमें 26 खराब, बडेरिया में 40 में 25 खराब थीं। गांव जाहिदपुर घनसौली 45 में से 33 लगी मिलीं और 10 खराब हालत में मिलीं।

### डीपीआर ने प्रधान व सचिव को जारी किया नोटिस

जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डीपीआरओ श्रेया मिश्रा ने जाहिदपुर घनसौली प्रधान विपिन कुमार, तत्कालीन सचिव योगेंद्र कुमार, बड़ेरिया प्रधान सुख देवी, तत्कालीन सचिव योगेंद्र कुमार, जरीफपुर गढ़िया प्रधान गुड्डो देवी, तत्कालीन सचिव महिपाल सिंह को नोटिस भेजकर जवाब तलब किया है। साथ ही कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है।

### फर्म ने मांगा 14,42,940.8 का भुगतान

शासन के आदेशानुसार एक स्ट्रीट लाइट जीएसटी के साथ 3482 रुपये में लगानी थी। परंतु फर्म ने विभाग से 3482 निर्धारित मूल्य पर 12 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगाते हुए 3,899 .84 रुपये एक लाइट की कीमत बताते हुए 370 लाइटों की 1,442,940 .8 धनराशि की मांग की।

### लाइटों पर चिपका था ब्रांडेड कंपनी का स्टीकर

शासन के आदेशानुसार फर्म को ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट किसी भी ब्रांडेड कंपनी की लगानी थीं। परंतु संबंधित फर्म द्वारा लोकल लाइट लगाई गईं थीं। उनके ऊपर अलग से हैविल्स और वॉट कंपनी का स्टीकर चिपकाया गया था।

गंगा इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के द्वारा ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट लगाई गई थीं, जो कि लोकल है। जांच में इसकी पुष्टि हुई है। फर्म को नोटिस भेजा गया है। जवाब मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रधान और सचिवों से भी इस संबंध में जवाब मांगा है। -श्रेया मिश्रा, डीपीआरओ

# पड़ोस में चल रहे कार्यक्रम में गए युवक की मौत

संवाददाता, विजय नगला

● ग्रामीणों के अनुसार करंट लगने से हुई युवक की मौत, पुलिस मान रही हार्टअटैक

**अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव गिधौल में आयोजित कार्यक्रम शामिल होने गए युवक की मौत हो गई। शव कार्यक्रम स्थल के बाहर मिला। लोगों के अनुसार जेनरेटर का करंट लगने से युवक की मौत हुई थी, जबकि पुलिस के अनुसार युवक की मौत हार्टअटैक से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव गिधौल निवासी अजय मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। शुक्रवार शाम उनके घर के पड़ोस में कार्यक्रम चल रहा था। वह कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल के बाहर जेनरेटर चल रहा था। बताया जा रहा है कि वह जेनरेटर के खुले तार में आए करंट की चपेट में आ गए। मौके पर उनकी मौत हो गई। मौके पर भगदड़ मच गई। लोगों के चीखने की आवाज सुनकर अजय के परिजन पहुंच गए। चीत्कार मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मूसाझाग के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जिसकी रिपोर्ट में मौत की स्थिति साफ हो सकेगी। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पर पलटी अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली, चालक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** सीमेंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली कादरचौक मार्ग पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर के नीचे दबकर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान चालक ने दम तोड़ दिया।

थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव पसेई निवासी सज्जन (32) पुत्र रघुनंदन मुन्ना लाल की ट्रैक्टर-ट्रॉली मजदूरी पर चलाते थे। शनिवार को वह ट्रॉली में सीमेंट लादकर अपने गांव आ रहे थे। रास्ते में गांव सरकी के पास ट्रैक्टर-ट्राली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। सज्जन ट्रैक्टर के नीचे दब गए। राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने ट्रैक्टर को सीधा कराकर सज्जन को नीचे से बाहर निकाला। पुलिस पहुंची। घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां सज्जन की मौत हो गई।

# सामूहिक दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सौरभ सक्सेना ने 10 वर्ष पुराने सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 वर्ष का कारावास समेत 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को छह महीने का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना जरीफनगर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 12 सितंबर 2014 की रात तहरीर दी थी। बताया था कि जिला अलीगढ़ निवासी मुख्तियार पशुओं की हड्डी जोड़ने का काम करता है। क्षेत्र में सभी लोग उसे डॉक्टर कहकर बुलाते हैं।

उसने गांव निवासी भूरा पंडित और दो किशोर के साथ मिलकर उनकी बेटी के मुंह में कपड़ा ठूंसा। आंखों पर पट्टी बांधी और धमकाते हुए उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की और कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। दोनों किशोरों की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड में भेज दी। न्यायधीश ने पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक प्रदीप भारती और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने मुख्तियार को सजा सुनाई है। जबकि ट्रायल के दौरान आरोपी भूरा की मौत हो चुकी है।

● न्यायाधीश ने दोषी पर 50 हजार रुपये लगाया जुर्माना, पीड़िता को दी जाएगी 90 प्रतिशत धनराशि

### किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की सजा

**बदायूं।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सौरभ सक्सेना ने आठ साल पुराने किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी को 10 साल के कारावास समेत 35 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की 90 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को दी जाएगी। जुर्माना की धनराशि जमा न करने पर दोषी को तीन महीने का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 13 मई 2016 को तहरीर देकर बताया था कि 4 मई को उनकी पत्नी और बेटा दोपहर डेढ़ बजे भूसा कमरे में डाल रहे थे। उनकी नाबालिग बेटी शौच के लिए दूसरे मकान में गई थी। जहां उसे अकेला पाकर अजीत पुत्र जय प्रकाश घर में घुस गया। गलत नीयत से उनके बेटी को पकड़ लिया। उसके मुंह में कपड़ा ठूंसा। तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। उसके साथ दुष्कर्म किया। मुंह से कपड़ा हटने पर किशोरी ने शोच मचाया तो आसपास रहने वाले कुछ लोग आ गए। आरोपी को मौके से पकड़ लिया। विवेचक ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक प्रदीप भारती और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद आरोपी अजीत को सजा सुनाई है।

### अप्राकृतिक कार्य के प्रयास के दोषी को पांच साल की सजा

**बदायूं।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो दीपक यादव ने 10 वर्ष पुराने अप्राकृतिक कार्य करने के प्रयास के मामले में आरोपी को दोषी माना। उसे पांच साल के कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार ग्रामीण ने 18 अप्रैल 2014 को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनका 10 साल का बेटा घर के बाहर गली में खेलने गया था। मोहल्ला में रहने वाला आदर्श सक्सेना पुत्र शिवचरन सक्सेना उसे अपने घर ले गया। उसके साथ कुकर्म का प्रयास कर रहा था। पीड़ित बालक चिल्लाया तो उसकी आवाज सुनकर उसके परिचित मौके पर पहुंच गए। आरोपी अर्द्धनग्न था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पीड़ित बालक ने अपने बयान में गलत कार्य करने के प्रयास की पुष्टि की। विवेचक ने जांच करके आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद आरोपी आदर्श सक्सेना को सजा सुनाई।

# शिक्षिका ने दिया नशा, उसके भाई ने किया दुष्कर्म, आरोपी पकड़ा

संवाददाता, बिल्सी

● साल 2016 में छात्रा को घर ले गई थी शिक्षिका, नशीला पदार्थ डालकर पिलाई थी चाय

● वीडियो वायरल करने की धमकी देकर सात साल तक किया दुष्कर्म

**अमृत विचार :** एक स्कूल के प्रबंधक की बेटी और शिक्षिका कक्षा 8 की दूसरे समुदाय की छात्रा को अपने घर ले गई। नशीला पदार्थ मिलाकर छात्रा को चाय पिलाई। शिक्षिका के भाई ने उसके साथ दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर सात साल तक दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती ने तहरीर देकर बताया कि साल 2016 में वह नगर के एक स्कूल में कक्षा आठ में पढ़ती थी। स्कूल प्रबंधक की बेटी व शिक्षिका उसे पढ़ाई कराने के बहाने अपने घर पर ले गई। जहां उसे नशीला पदार्थ मिली चाय पिलाई। वह बेहोश हो गई। जिसके बाद शिक्षिका के भाई अदनान ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि उस दौरान अदनान ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली थी। जिसके बाद आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा। आरोपी निकाह करने को कहा। छात्रा मानसिक रूप से परेशान हो गई तो अपने परिजनों को अवगत कराया। बीती 28 मार्च को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। शनिवार को आरोपी अदनान को मुजरिया चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। बिल्सी के प्रभारी निरीक्षक कमलेश मिश्रा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

# चीज खिलाने के बहाने बालक से कुकर्म का आरोप

**सहसवान, अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के कस्बा के एक मोहल्ला निवासी किशोर के साथ कुकर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है।

एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला एक किशोर उनके 9 साल के बेटे और एक अन्य किशोर को सरसोता कुंड स्नान कराने के बहाने ले गया था। जहां आरोपी ने उनके बेटे को चीज खिलाने और गेम खिलाने के बहाने कुकर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने घर पर बताने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी।

# अपहरण कर हत्या करने के दोषी दो भाई समेत पांच को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दोषियों पर 82-82 हजार रुपये लगाया जुर्माना

**अमृत विचार :** अपहरण कर हत्या करने के मामले में दो भाई समेत पांच दोषियों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार अग्रवाल ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 82-82 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव परसेरा निवासी रीना पत्नी जोगेंद्र ने 28 नवंबर 2012 को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके दो भाई थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव कुवी निवासी भूरे और रंजीत पुत्र बदन सिंह हैं। वह 15 नवंबर 2012 दोपहर दो बजे रंजीत के साथ दवा लेने के लिए बिसौली आई थीं। दवा लेकर कुछ देर के बाद वापस घर जा रही थीं। रास्ते में गांव बसई की पुलिया पर पहले से घात लगाए बैठे बलराम, निहाल, भूरे और दो अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया। गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी थी। रंजीत को कार में डालकर अपहरण करके ले गए। जिसके बाद उसकी हत्या कर दी। तकरीबन एक साल पहले आरोपियों ने बड़े भाई भूरे की जमीन का गलत तरीके से बैनामा करा लिया था। जिसके चलते छोटे भाई रंजीत से अक्सर कहासुनी होती रहती थी। वह लोग रंजीत से रंजिश मानने लगे थे। न्यायालय में गांव कुवी निवासी निहाल सिंह पुत्र राम सिंह, उनके बेटे भूरे उर्फ सुखवीर व योगेंद्र सिंह, कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव मलिकपुर निवासी बलराम पुत्र सोहन लाल, गांव कुलचौरा निवासी शिशुपाल पुत्र सूबेदार के खिलाफ रंजीत का अपहरण करके उसकी हत्या करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन करने बाद पांचों आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

मुद्दा | किसानों और बेरोजगारों की बात करने वाला होना चाहिए हमारा सांसद

# वादे नहीं अब होना चाहिए विकास, बातों से नहीं बनेगी बात

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** हर बार की तरह इस बार के लोकसभा चुनाव में उतरने वाले महारथियों की अग्नि परीक्षा है। बदायूं लोकसभा क्षेत्र में तमाम ऐसे मुद्दे हैं जिन पर साल-दर-साल कुछ नहीं हो पाया। नतीजा, जस का तस है। यहां मुद्दों की धार काफी पैनी है। वादे होते हैं, लेकिन चुनाव के बाद उसे निभाने की रफ्तार धीमी हो जाती है। इस बार भी फिर से वही मुद्दे प्रत्याशियों के समक्ष होंगे। जो पूरे हो पाएंगे या नहीं इसी को लेकर गली मोहल्लों, चाय की दुकानों और गांव की चौपालों पर चर्चाएं होने लगी हैं।



गांव के दलान में चुनावी चर्चा करते लोग। ● अमृत विचार

गंगा और रामगंगा नदी के दोआब में बसे बदायूं क्षेत्र पौराणिक गाथाएं समेटे हुए है। मान्यता है कि कछला में मां गंगा को धरती पर लाने के लिए भागीरथ ने तपस्या की थी। साथ ही कस्बा सहसवान में भगवान परशुराम ने सहस्त्रबाहु का घमंड चूर करने के साथ फरसे के प्रहार से जल स्रोत उत्पन्न किया था। ऐसे कई स्थल हैं जो पौराणिक हैं। जिनका उल्लेख धर्म ग्रंथों में है। यहां कई वीर योद्धा व देशभक्त भी हुए, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजों के साथ लड़ते हुए अपने जीवन के साथ ही परिवार को भी न्योछावर कर दिया। कभी वेदामऊ के नाम से प्रसिद्ध बदायूं की गिनती पिछड़े जिलों में होती रही है। जबकि यहां से सांसद चुनने के वह केंद्र में कपड़ा और स्वास्थ्य मंत्री तक रहे हैं। परंतु आज तक जिले की तस्वीर कोई नहीं बदल सका है। एक बार फिर से लोकसभा चुनाव को लेकर मैदान सज रहा है। इसके साथ ही लोगों में चुनावी मुद्दों को लेकर चर्चाएं होने लगीं हैं। लोग ऐसे सांसद को चुनना चाहते हैं जो जिले में विकास कराने के साथ ही रोजगार के अवसर मुहैया कराए। किसानों और बेरोजगारों की बात करने वाला हो।

● मतदाता बोले-क्षेत्र में हो विकास, बढ़ें रोजगार के अवसर



सांसद ऐसा हो जो जनता के सुख-दुख में साथ दे, विकास करने वाले सांसद को चुनेंगे। किसानों की बात सुनने वाला सांसद होना चाहिए। -शिवकुमार



सांसद जनता के साथ भेदभाव न करे। जिले का विकास कराए। युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराए। -धर्म वीर सिंह



हम ऐसे सांसद को चुनना पसंद करेंगे जो विकास कराने की बात करे। जातिवादी से उठकर जिले की उन्नति की ओर ले जाए। -सुरेश चंद्र गुप्ता

### दुष्कर्म का आरोपी मामा गिरफ्तार

**बदायूं।** थाना उघैती क्षेत्र के एक गांव में एक महिला होली के त्योहार पर अपने मायके आई थी। उसकी साढ़े तीन साल की बेटी 27 मार्च को घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान उसके ताऊ का 14 साल का बेटा बच्ची को चॉकलेट दिलाने के बहाने उठाकर अपने घर ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। दो घंटे तक बच्ची के न दिखने पर उसकी मां तलाश करते हुए ताऊ के घर पहुंचीं। जहां बच्ची रोती हुई खून से लथपथ मिली। परिवार की बदनामी के डर से परिजन चुप रहे। पीड़िता के पिता को जानकारी हुई तो 29 मार्च की शाम आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी किशोर के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को धर्मपुर जाटान मंदिर के पास से पकड़ लिया।

### कोर्ट में पेश हुए पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव

**बदायूं,** । विधानसभा 2022 में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव समेत कई लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पत्रावली साक्ष्य में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पिछली तारीख में सभी गवाही पूरी हो गई थीं। शनिवार को पूर्व सांसद ने विशेष न्यायालय एमपी-एमएलए में न्यायाधीश लीलु की कोर्ट में उपस्थित होकर धारा 313 की कार्रवाई पूरी की। पत्रावली को बहस में नीयत कर दिया गया है। अगली तारीख 4 अप्रैल निर्धारित की गई है।

### लोकसभा चुनाव के चलते दो अपराधी जिला बदर

**ककराला।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को थाना कुंवरगांव पुलिस ने गांव बनेई निवासी अबरार पुत्र ननकू अली को जिला बदर किया। वहीं थाना अलापुर पुलिस ने गैंगस्टर और एनएसए के आरोपी वार्ड 21 निवासी रफत पुत्र इशराक को भी जिलाधिकारी के आदेश के बाद जिला बदर किया है।

# मूल्यांकन पूरा, क्षेत्रीय कार्यालय भेजी जाएंगी कॉपियां

## 13 दिन में जांची गईं हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की साढ़े 3 लाख उत्तर पुस्तिकाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन समय से पूर्व ही पूरा हो गया। मूल्यांकन पूरा होने के बाद शिक्षकों से मांग पत्र जमा कराकर उन्हें रिलीव किया जा रहा है। कॉपियों के बंडल क्षेत्रीय कार्यालय भेजे जाने की तैयारी चल रही है। कॉपियां सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहुंचाई जाएंगी। इस बार सभी केंद्रों पर तीन लाख से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन किया गया है। यूपी बोर्ड की नौ मार्च को परीक्षाएं समाप्त होने के बाद 16 मार्च से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने का काम शुरू हुआ था। मूल्यांकन कार्य शहर के चार कॉलेजों में कराया गया। जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज में 69236 और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में 79903 इंटरमीडिएट की कॉपियां जांचने के लिए पहुंची थीं। वहीं एसके इंटर कॉलेज में 90380 और इस्लामिया इंटर कॉलेज में 93863 हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया।

- **जिले में चार केंद्रों पर 16 मार्च से शुरू हुआ था उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन**

मूल्यांकन कार्य चारों केंद्रों पर समय से पूरा कर लिया गया। अब माध्यमिक शिक्षा विभाग आवंटित उत्तर पुस्तिकाओं को संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय वापस भेजने की कोशिश में जुट गया है। कॉपियों के बंडल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच क्षेत्रीय कार्यालय भेजे जाएंगे। मूल्यांकन के बाद परीक्षक पारिश्रमिक व यात्रा भत्ता समेत अन्य भत्तों का मांग पत्र जमा करने में जुटे हैं। डीआईओएस ने शिक्षकों को रिलीव होकर कॉलेज में कार्यभार ग्रहण कर एक अप्रैल से नवीन प्रवेश के साथ शिक्षण कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया है।

### मूल्यांकन के लिए लगी थी 1552 शिक्षकों की ड्यूटी

16 मार्च से शुरू हुए हाईस्कूल-इंटरमीडिएट की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य के लिए 1552 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। पहली बार शिक्षकों की ड्यूटी शासन स्तर से लगाने के साथ ही उनके ड्यूटी कार्ड भी भेजे गए थे। मूल्यांकन कार्य सीसीटीवी की निगरानी में हुआ था। साथ ही इसकी मॉनिटरिंग जिले के साथ क्षेत्रीय कार्यालय और मुख्यालय से की जा रही थी।

> सभी केंद्रों पर आवंटित उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा करा लिया गया है। इसकी सूचना माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव को दे दी गई है। कड़ी सुरक्षा में कॉपी क्षेत्रीय कार्यालय भेजी जाएंगी। इसकी जिम्मेदारी मूल्यांकन केंद्र प्रभारी को दी गई है। शिक्षकों को रिलीव किया जा रहा है। जिससे वह नवीन सत्र में शिक्षण कार्य करना शुरू करेंगे।
> – डॉ. प्रवेश कुमार, डीआईओएस

# जिले भर में वितरित हुए परीक्षाफल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


प्रथम स्थान पर आए बच्चों को पुरस्कृत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

- **स्कूल-कॉलेजों में परीक्षाफल देकर बच्चों को किया गया सम्मानित**

**अमृत विचार:** शनिवार को जिले भर के परिषदीय स्कूलों में परीक्षाफल बच्चों में वितरण किया गया। इस दौरान स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मेधावी बच्चों को स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शहर के श्री राम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, शिवदेवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के साथ ही इंटर कॉलेजों और परिषदीय स्कूलों में परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद मेधावी बच्चों को मेडल आदि पहनाकर सम्मानित किया गया।

**मेधावियों को स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मानित: बिल्सी :** कस्बे के बाबा इन्टरनेशनल स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय चेयरमैन नरेन्द्र बाबू वार्ष्णेय, विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय, डायरेक्टर साधना वार्ष्णेय, राज कुमार गुप्ता एवं प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने सत्र 2023-24 में शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद में स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा पीजी से 11 तक के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कक्षा पीजी से अविका दिवाकर, एनसी से इशांत, केजी से दीक्षा, कक्षा 1 से मानवी, कक्षा 2 से आदित्री सक्सेना, कक्षा 3 से सिद्धार्थ चौधरी, कक्षा 4 से देवांश यादव, कक्षा 5 से निर्भय पाठक, कक्षा 6 से अमिशी वार्ष्णेय, कक्षा 7 से योग्यता वार्ष्णेय, कक्षा 8 से मनु उपाध्याय, कक्षा 9 से अनन्या यादव, कक्षा 11 से अक्षरा माहेश्वरी, आस्था वार्ष्णेय, कृष्णा माहेश्वरी, नम्रता सिंह ने अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन्हें स्कूल प्रबंधन ने सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर फ्यूचर लीडर्स स्कूल में अवार्डिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुखवीर सिंह, चेयरमैन ज्ञानवती सागर रहीं। उनके द्वारा मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा पीजी में ईशांत, एनसी में आजम, केजी से कृष्य और कृतिका, कक्षा 1 से ईशु शर्मा, हिमांशी और वर्तिका चौहान कक्षा 2 से दृष्टी सिन्हा और आराध्यम प्रताप सिंह आदि ने प्रथम स्थान पर रहते सम्मान हासिल किया। श्री जीएस बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल रायपुर बुजुर्ग में विद्यार्थियों में परीक्षाफल वितरण किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर भुवनेश कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य आकाश शर्मा ने सभी टॉपर्स को अंक पत्र प्रदान किये।इस मौके पर अंजू ठाकुर, दुष्यंत शर्मा, उपदेश यादव, अभिषेक सागर, अंशिका शर्मा, नीतू सिंह, आरजू मलिक, गीता शाक्य, सोनम, ज्योति, शेष कुमारी, आशी शर्मा, नीलोफर मलिक आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### परीक्षाफल वितरण समारोह का स्कूल में हुआ आयोजन

**कादरचौक।** विकासखंड के ग्राम पंचायत चतुरी नगला में वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शिव कुमार एडीओ पंचायत रहे। उनके द्वारा मेधावी बच्चों में परीक्षाफल वितरण किया गया। साथ ही उन्होंने बच्चों को पुरस्कृत किया। एडीओ पंचायत ने बच्चों के माता- पिता से शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन विद्यालय भेजने का आह्वान किया।

### शराब की दुकानों का किया निरीक्षण

**बिल्सी।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को डीएम मनोज कुमार के आदेश पर एसडीएम प्रवर्धन शर्मा और सीओ सुशील कुमार सिंह ने आबकारी टीम के साथ क्षेत्र की शराब की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर को बारीकी से चेक किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक की सील चेक की गई और पेटियों पर लगे बार कोड और पौवों पर लगे क्यूआर कोड को विभागीय एप से चेक किया। एसडीएम ने बताया बिल्सी नगर में दो, एक नरैनी चौराहा और उघैती की शराब की दुकानों को चेक किया है। इस दौरान आबकारी निरीक्षक चमन सिंह आदि मौजूद रहे।

### बदलते मौसम में रखें विशेष सावधानी

**ककराला।** संचारी रोग अभियान के तहत पालिका परिसर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पालिका अध्यक्ष इंतखाब अहमद सकलैनी ने कस्बे को संचारी रोग मुक्त बनाने का आह्वान किया। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार मिश्रा ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए आम आदमी का जागरूक होना अति आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपने घर के आस पास पानी इकट्ठा न होने देने का आह्वान किया। कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए पालिका की ओर से एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग भी कराई जाएगी। बैठक में बीएमसी जेबा खान, पालिका सफाई कर्मचारी और आम जनमानस मौजूद रहे।

### मदन लाल इंटर कॉलेज में परीक्षाफल वितरण



**बिसौली।** शनिवार को मदन लाल इंटर कॉलेज का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जूनियर वर्ग में अभिषेक कक्षा छः, हिमांशु गौतम कक्षा सात एवं नितिन कक्षा आठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौ में मयंक शर्मा प्रथम, चिराग प्रताप सिंह द्वितीय एवं भीम यादव तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य डॉ. एनपी सिंह ने उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजीव कुमार गर्ग ने भी समस्त छात्रों को बधाई दी।

### कक्षा आठ उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दी विदाई



**कुंवरगांव।** सालारपुर ब्लाक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय सिगोई में कक्षा आठ पास छात्र-छात्राओं को समारोह का आयोजन विदाई दी गई। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। शिक्षकों ने बच्चों को परीक्षाफल देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर अनुराग सक्सेना, संगीता रस्तोगी, नेहा सक्सेना, सौरभ सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, संध्या पटेल, नेहा मौजूद रहे।

### आरकेएम जूनियर हाईस्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित



**सहसवान।** आरकेएम जूनियर हाईस्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। मुख्य अतिथि रमाकृष्ण सक्सेना उर्फ राय साहब ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और पंचम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को रिजल्ट के साथ ट्राफियां दी गईं। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक आदर्श सक्सेना, अनिल सैनी, बिलाल अहमद, शुभम चांडक आदि रहे।

### रिजल्ट पाकर खिले बच्चों के चेहरे



**रूदायन।** गांव विक्रमपुर चरसौरा एसआर कॉन्वेंट स्कूल वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक जितेंद्र यादव ने मेधावी रहे बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार गुप्ता ने बच्चों को आगे पढ़ने को प्रेरित किया। इस मौके पर हिमांशु गुप्ता, उमेश कुमार, सुबोध कुमार, ओमवीर सिंह, गौरव पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें : 9058575790, 8077383286
चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि), बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना, बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी, महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याएं ल्यूकोरिया आदि, बवासीर, फिशर, मानसिक रोग (डिप्रेशन), चेहरे के कील, मुहांसे, मिर्गी, माइग्रेन (आधे सिर का दर्द), ब्लड प्रेशर, शुगर, सियाटिका का दर्द, मानसिक दुर्बलता, मोटापा, पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग, साइनस, टॉसिल का बढ़ जाना, थायराइड, जोड़ों का दर्द, गुप्त रोग
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक

ओम शान्ति हॉस्पिटल
डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुंह में छाले ● गले में गांठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसे:-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुंह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

Lifelines OF BAREILLY MEDICAL अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डा. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाइन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नासूर के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
आर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ● घबराहट ● छाती में दर्द या भारीपन ● सांस फूलना ● पैरों में सूजन ● हाई ब्लडप्रेशर ● हाई कोलेस्ट्रोल ● डाइबिटीज (शुगर) ● सीने या पेट में जलन या दर्द ● हार्ट अटैक ● हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

## शहर में आज

- संत निरंकारी सत्संग शहर के सोरों गेट स्थित हरप्यारी धर्मशाला में सुबह 10 बजे से।
- अखिल भारतीय यादव महासभा का होली मिलन समारोह अशोक नगर स्थित कार्यालय पर सुबह 10 बजे से।
- ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक अमांपुर कस्बे के बैकुंठी देवी राष्ट्रीय शिशु सदन में दोपहर 12 बजे।

## एक नजर

### सामान्य जानकारी एवं शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कासगंज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम राकेश पटेल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन की घोषणा करते ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है तथा जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 40 में हर समय सक्रिय रहेगा। उन्होंने बताया कि किसी भी सामान्य जानकारी एवं शिकायत के लिए कंट्रोल रूम के नंबरों- 05744-297228, 05744-272088, 05744-272105 टोल फ्री नंबर- 1950 पर की जा सकती है।

### रोड शो, सभा, रैली की ऑनलाइन अनुमति होगी

**कासगंज।** प्रत्याशियों के रोड शो, सार्वजनिक सभा, रैली, जुलूस वाहनों की परमिसन आदि के लिए निर्वाचन अयोग की ओर से ऑनलाइन परमिशन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए सुविधा पोर्टल के माध्यम से आवेदन करें। केवल दो मिनट का समय देकर ऑनलाइन आवेदन करें जिसके बाद परमिशन ऑनलाइन प्राप्त हो जाएगी।

### सी-विजिल ऐप को अनिवार्य रूप से करें डाउनलोड

**कासगंज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को सी-विजिल एप का प्रशिक्षण दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार पटेल ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी सी-विजिल एप को अनिवार्य रूप से डाउनलोड करें। उड़नदस्ता एवं स्थायी निगरानी टीम को सी-विजिल एप के स्टेप वाई स्टेप तकनीकी पहलुओं के बारे में बताया कि निर्धारित घंटों के अंदर ही आपको सावधानी व जवाबदेही के साथ सभी बिंदुओं को एप में फीड करना है। सी-विजिल ऐसा एप है जिसमें कोई आचार संहिता का उल्लंघन करता है, तो उसकी शिकायत की जा सकेगी।

# हादसे में ग्रामीण की मौत, हत्या का आरोप

## जाम लगाने की कोशिश पर पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को किया शांत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



बाईपास मार्ग पर जाम लगाने की कोशिश करते ग्रामीणों को समझाते पुलिसकर्मी।

- **तहरीर मिलने पर नामजद आरोपितों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज, मामले में जांच शुरू की**

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव दानियागंज बाईपास के समीप सड़क हादसे में एक ग्रामीण की मौत हो गई। परिजनों ने नामजदों पर वाहन से रौंदकर हत्या करने का आरोप लगाया है। एफआईआर न होने पर परिजन एवं ग्रामीणों ने जाम लगाने की कोशिश की हालांकि पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर बाईपास पर जाम नहीं लगने दिया। बाद में तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर ली गई।

घटना शुक्रवार की है। गांव दानियागंज निवासी सुनहरी लाल बाईपास के समीप से गुजर रहे थे। तभी वाहन की टक्कर से वह घायल हो गया। परिजन उसे अलीगढ़ ले गए। अलीगढ़ में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। शनिवार को परिजनों ने नामजदों पर हत्या का आरोप लगाया। परिजनों का आरोप था कि गांव नगला कटा के ही त्रिमलसिंह, मनीष ने वाहन से रौंदकर सुनहरी लाल की हत्या कर दी। परिजनों का आरोप है कि उनका जमीनी विवाद था। उसमें आगामी दिनों में तारीख थी। गवाही होनी थी, इसीलिए जानबूझ कर हत्या कर दी गई। परिजनों ने शव बाईपास पर रखकर जाम लगाने का प्रयास किया। ढोलना पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों को समझाया। कार्रवाई का भरोसा दिया। उसके बाद ग्रामीण शांत हुए। पुलिस ने नामजद एफआईआर दर्ज की है। तब जाकर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



मृतक सुनहरी लाल।

> दानियागंज का ग्रामीण सड़क हादसे में घायल हुआ। उसकी मौत हो गई है। परिजनों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।
> – **अजीत चौहान**, सीओ सिटी



परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव।

### सपा जिलाध्यक्ष ने दी सांत्वना

सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव भी गांव पहुंच गए। यहां उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी। ढांढस बंधाया और पुलिस से मांग की कि इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की जानी चाहिए।

## कल से रफ्तार भरेगी पूर्णागिरी स्पेशल ट्रेन

**कासगंज, अमृत विचार :** पूर्णागिरी मेले के लिए एक अप्रैल से स्पेशल ट्रेन रफ्तार भरेगी, जो कासगंज से चलकर टनकपुर पहुंचेगी। इसकी समय सारणी जारी कर दी गई है।

इज्जत नगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि एक अप्रैल से यह ट्रेन चलेगी। सुबह पांच बजे कासगंज से यह ट्रेन प्रस्थान करेगी जो कासगंज सिटी, गंगागढ हाल्ट, सोरों, मानपुर नगरिया, कछला ब्रिज, कछला हाल्ट, बितरोई, उझानी, शेखूपुर, बदायूं, मल्लाहनगर, घटपुरी, खरतौली, मकरंदपुर, बमियाना, रामगंगा, बरेली जंक्शन, बरेली सिटी, इज्जत नगर, दोहना, भोजीपुरा, दिवनापुर, सेथल, बिजोरिया, साही, ललोरी खेड़ा, पीलीभीत, न्योरिया, हुसैनपुर, मझौला, पकडिया, घटीमा, वनवसा होते हुए 11:55 टनकपुर पहुंचेगी। इसी तरह दोपहर ढाई बजे यह ट्रेन टनकपुर से चलकर रात 09:45 बजे कासगंज जंक्शन रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

## वकील पर जानलेवा हमले के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग



अधिवक्ता पर हमले को लेकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कासगंज बार एसोसिएशन की आम सभा अधिवक्ता परिसर में हुई, जिसमें एक अधिवक्ता पर हत्या की मंशा से किए गए हमले के आरोपियों पर कार्रवाई न होने पर आक्रोश जताया गया। अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया और सोमवार को भी न्याय कार्य न करने का ऐलान किया है। साथ ही हत्या के प्रयास के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश शर्मा, महासचिव चेतन चौहान की उपस्थिति में यह बैठक हुई। अधिवक्ता आदित्य प्रकाश एडवोकेट पर पिछले दिनों नामजद आरोपी ने हमला कर दिया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। अधिवक्ता सत्येंद्र पाल सिंह बैस ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई। एफआइआर दर्ज हो गई लेकिन पुलिस लापरवाही कर रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। आम सभा में निर्णय लिया गया कि जिस तरह शनिवार को कार्य बहिष्कार किया गया है। इसी तरह सोमवार को कार्य नहीं करेंगे। प्रस्ताव की प्रतिलिपि संबंधित न्यायालय को भेज दी है। इस मौके पर धर्मेंश शर्मा, राजकिशोर यादव, पंकज चतुर्वेदी, यश प्रताप, मुनाजिर रफी, अमित कुमार, अभिषेक गुप्ता, संजय सोलंकी, यशवीर सिंह, सत्येंद्र कुमार, रोहित सक्सेना, निर्मल कुमार सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पालिका नहीं ले रही टूटी पुलिया एवं सड़कों की सुधि

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- **सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किया विरोध-प्रदर्शन**
- **टूटी सड़कें एवं पुलिया ठीक कराने की मांग**



शिवपुरी में पट्टिका लेकर विरोध करते सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी।

**अमृत विचार :** गंजडुंडवारा में टूटी सड़कें और पुलियों को जल्द बनाने की मांग को लेकर सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने शनिवार को पट्टिका लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

पालिका क्षेत्र में टूटी सड़कों और पुलियाओं की सुध न लेते देख पालिका के जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर आकर्षित करने के लिए सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी ने मुहिम छेड़ दी है। इसके लिए वह डेढ़ माह से मोहल्ला शिवपुरी की टूटी जर्जर पुलिया पर हाथ में पोस्टर ले बैठ पालिका को जागृत करते दिखे। पालिका के जिम्मेदारों का पोस्टर पर लिखे टूटी सड़कों व पुलिया की कब सुधि लोगे।

पोस्टर के माध्यम से ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने इस टूटी पुलिया को जल्द बनाए जाने की मांग की। यह देख कस्बाई लोग और किसान यूनियन के पदाधिकारी भी वहां पहुंच गए। सपा प्रवक्ता ने कहा कि सड़क और पुलिया बहुत ही जर्जर स्थिति में है। इसकी ऊपर की ओर खड़ी सरिया बड़े हादसों को दावत दे रही है। इस कारण कई वाहन भी फंस चुके है लेकिन पालिका के जिम्मेदारों और जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर नहीं है।

## स्वीप अभियान के तहत कराएं जागरुकता कार्यक्रम

**कासगंज, अमृत विचार :** स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। डीएम ने मतदाताओं में जागरुकता लाने के लिए निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम सुधा वर्मा ने बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि 'स्वीप'' अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने के लिए रोस्टर तैयार कर लें। पोस्टर, बैनर, स्लोगन इत्यादि के माध्यम से आमजन को मतदान दिवस के दिन अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश पटेल ने संबोधित किया और कहा कि जनपद के 85 वर्ष से अधिक मतदाताओं को चिह्नित कर उन्हें मतदान हेतु जागरूक करें, वृद्धाश्रमों में मतदान जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करें, जनपद के पेंशन लाभार्थियों को मैसेज के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक करें।

# दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर, युवक की मौत

संवाददाता, गंजडुंडवारा



मृतक के घर के बाहर बड़ी संख्या में जुटे लोग। ● अमृत विचार

- **होली पर डीजे पर गाना बदलवाने को लेकर हुआ था विवाद, जो शुक्रवार की रात बढ़ गया**
- **पुलिस ने कराया बीच-बचाव घायल युवक को भेजा एम्स इलाज के दौरान तोड़ा दम**

**अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला कादरगंज रोड पर होली पर गाना बदलवाने को लेकर विवाद चार दिन बाद इतना बढ़ गया कि शुक्रवार रात्रि दोनों पक्षों में खूब ईंट-पत्थर फेंके गए। इसमें घायल एक युवक की एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चार लोगों को हिरासत में लिया है।

मृतक के परिजन अभिनय सिंह ने बताया कि मोहल्ला कादरगंज रोड के निवासी रतनेश और अभिषेक उर्फ सैंडी में होली पर डीजे पर गाना बदलवाने को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों का शांति व्यवस्था के चलते चालान कर दिया।

बाद में परिजनों द्वारा मामले में समझौता कराकर समाप्त कर दिया गया लेकिन यह विवाद शुक्रवार रात गाली गलौज से शुरू हुआ, जिसमें दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर तक फेंके गए, जिसमें अभिषेक व उनके पिता मदन गोपाल घायल हो गए। इसमें मौके पर पहुंची पुलिस ने अभिषेक की हालत ज्यादा गंभीर होने पर उन्हें सीएचसी भर्ती कराया। मौके से रतनेश, अतुल, अंकुश, आशीष को हिरासत में ले लिया, जिनसे पूछताछ की जा रही है। इधर, गंभीर घायल अभिषेक उर्फ सैंडी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंजडुंडवारा से जिला चिकित्सालय व वहां से अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। यहां भी हालत में सुधार न होने पर उन्हें एम्स मेडिकल कॉलेज, दिल्ली भर्ती कराया गया जहां शनिवार देर शाम अभिषेक (22 वर्ष) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जैसे ही यह खबर मोहल्ले में पहुंची तो माहौल गमगीन हो गया।

> मामले में अभिषेक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पर शुक्रवार को ही कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया था। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।
> –**विनोद कुमार**, कोतवाली प्रभारी

## विद्यार्थियों के खातों में भेजी गई छात्रवृत्ति

**कासगंज।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष में पूर्वदशम एवं दशमोत्तर कक्षाओं के पात्र छात्र-छात्राओं को पीएफएमएस के माध्यम से धनराशि का प्रेषण किया गया है।

पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनांतर्गत शासन स्तर से जनपद कासगंज की शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग के कुल 10,743 छात्र-छात्राओं के खातों में पीएफएमएस के माध्यम से कुल धनराशि 442.97 लाख रुपये प्रेषित किया गया। इसमें पूर्वदशम के सामान्य वर्ग के 1021 छात्र-छात्राओं को 30.63 लाख रुपये, अनुसूचित वर्ग के 2408 छात्र-छात्राओं को 33.71 लाख रुपये तथा दशमोत्तर के सामान्य वर्ग के 3015 छात्र-छात्राओं को 240.29 लाख, अनुसूचित वर्ग के 4299 छात्र-छात्राओं को 138.34 लाख की धनराशि का प्रेषण किया गया।

# कुत्ते नोच रहे थे शव, बदायूं के युवक के रूप में शिनाख्त

संवाददाता, गंजडुंडवारा

> अभी तक परिजनों की तरफ से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होती है तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। – **गोविंद वल्लभ शर्मा** कोतवाली प्रभारी

**अमृत विचार :** मोहनपुर रोड स्थित आम के बाग में युवक का शव मिला। शव को कुत्ते नोच रहे थे। पुलिस को मृतक के कपड़ों में एक पैनकार्ड मिला जिसमें नाम योगेंद्र पुत्र जगन्नाथ लिखा था। सीओ पटियाली वीके राना ने जांच पड़ताल की। शव लगभग चार दिन पुराना लग रहा था और बहुत खराब अवस्था में था। सोशल मीडिया का सहारा लिया गया तो शव की शिनाख्त हुई।



मृतक योगेंद्र

जिला बदायूं के सिद्धपुर निवासी अंकित ने कपड़े व जूते से अपने भाई की शिनाख्त की। बताया उनका भाई योगेंद्र धूलिंद्री वाले दिन मामूली बात पर मां से नाराज होकर घर से कासगंज जाने की कहकर निकल गया था। 26 मार्च को फोन पर भाई से बात हुई थी। उसके बाद कोई संपर्क नहीं हो पाया। बताया उनका भाई खाद बीज का काम करता था। अंकित को योगेंद्र की हत्या की आशंका है।

# पिता के जनाजे में शामिल नहीं होने पर बेचैन दिखे अब्बास

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **रात भर हाई सिक्योरिटी बैरक में करवटें बदलते रहे**
- **सीसीटीवी में कैद रही हर गतिविधि, नहीं आई नींद**

**अमृत विचार:** कासगंज की जिला जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में निरुद्ध अब्बास पिता मुख्तार अंसारी के जनाजे में शामिल नहीं हो सका। इस कारण वह रात भर तड़पता रहा। उसे नींद नहीं आई और वह करवटें बदलता रहा। उसकी बेचैनी सीसीटीवी में कैद हो गई। उसकी हरकतों पर जेल प्रशासन की नजर रही। हालांकि जेल प्रशासन ने सहानुभूति का परिचय दिया।

मुख्तार की मौत के बाद कासगंज जिला जेल की हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद अब्बास की पैरोल के लिए पहले हाईकोर्ट में अर्जी लगाई गई, फिर सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई गई, लेकिन पेरोल नहीं हो सकी। इधर, मुख्तार का अंतिम संस्कार हुआ। अब्बास अपने पिता के जनाजे में नहीं पहुंच सका। जेल प्रशासन उस पर नजर बनाए रहा। उसकी हरकत गतिविधि कमरे में कैद रही।

सीसीटीवी के फुटेज के अनुसार वह रात में कई बार रोता भी रहा और करवटें बदलता रहा। उसे नींद नहीं आई और वह कभी बिलखता था तो कभी दीवाल के सारे बैठकर बेचैन दिखाई दे रहा था।

> अब्बास के परिजनों से उसकी फोन पर वार्ता कराई गई। वह रात भर बेचैन रहा। उसकी हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद रही है। उसकी पैरोल का कोई आदेश जेल प्रशासन को नहीं मिला।
> – **विजय विक्रम**, जेल अधीक्षक




### एक घूंट पानी पीकर रखा रोजा

शनिवार सुबह सहरी के समय अब्बास ने एक घूंट पानी पिया और उसके बाद रोजा रखा। अल्लाह से दुआ की और पांचों वक्त की नमाज भी अदा की।

### जेल प्रशासन ने कराई फोन पर वार्ता

जेल प्रशासन ने अब्बास के भाई उमर से फोन पर वार्ता कराई। दोनों भाई आपस में वार्ता कर काफी भावुक दिखाई दिए। जेल प्रशासन की सहानुभूति रही और नियम अनुसार निर्धारित समय तक फोन पर वार्ता कराई।

# सरकार की योजनाओं के प्रति लोगों को करें जागरूक



कार्यशाला में मौजूद सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स की बैठक में किया संबोधित**

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स की कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री एवं लोकसभा एटा क्लस्टर प्रभारी असीम अरुण एवं एटा सांसद राजवीर सिंह ने इसका आरंभ किया।

राज्य मंत्री असीम अरुण ने वॉलिंटियर्स से कहा कि सरकार की नीति से जनता को अवगत कराए। योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए ताकि पात्रों को इसका लाभ मिल सके। सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने कहा कि योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने की। कार्यक्रम का संचालन कृष्णकांत वशिष्ठ ने किया। इस दौरान हर्षवर्धन आर्य, प्रत्येंद्र पाल सिंह पप्पू भैया, एमएलसी ज्ञान प्रकाश तिवारी, कासगंज विधानसभा प्रभारी स्योराज सिंह, सुरेंद्र सिंह पुंडीर, सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, जिलाध्यक्ष एटा संदीप जैन, राजवीर सिंह भल्ला, जिला महामंत्री नीरज शर्मा, संजय सोलंकी, कुलदीप प्रतिहार, डीएस लोधी, शिव प्रताप सिंह सोलंकी, हिमांशु उपाध्याय, गजेंद्र मोहित गौर, हर्ष वर्मा, अमित कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

**तैयारी** — एक से 30 अप्रैल तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

# 10 से 30 अप्रैल तक चलेगा दस्तक अभियान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज




बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम सुधा वर्मा और सीडीओ सचिन।

- **रोगों की रोकथाम के लिए हुई बैठक में सीडीओ ने दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** जिले में एक से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। सीडीओ ने अभियानों को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

डीएम सुधा वर्मा के निर्देशन में सीडीओ सचिन ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पंचायत भवन, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आशा/आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ओआरएस की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अर्न्तविभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। लोगों में जागरुकता लाया जाए। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में समय से संचारी रोग से संबंधित बैठकें आयोजित करने के साथ ही कार्ययोजना के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी एक अप्रैल से पहले संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरा कर लें। इस मौके पर सीएमओ डा. राजीव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक पीके मौर्य, डीपीआरओ देवेंद्र सिंह आदि रहे।

### साप्ताहिक बंदी के दिन होगा सेनिटाइजेशन

बैठक में सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया साप्ताहिक बंदी के दौरान स्वच्छता, सेनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाए। बाजारों की नालियों, नालों में एंटी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए।

**अभियान को लेकर सहावर ब्लॉक पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम :** विकास खंड सहावर परिसर में सभी ग्राम सचिव व पंचायत सहायकों को संचारी रोगों से बचाव व जागरुकता के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में एडीओ पंचायत चंद्रभान बताया कि संचारी रोग अभियान एक अप्रैल से और दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। अभियान में माइक्रो प्लान के अनुसार सभी ग्राम पंचायत में नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई व जल भराव आदि पर कार्य किया जाएगा। यूनिसेफ के ब्लॉक कॉर्डिनेटर लाइक खान, चिकित्सा अधीक्षक डा. मसकूर आलम ने संबोधित किया। डा. नावेद, डा. शिखर, डा. अभिषेख शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सीताराम मंदिर में स्थापित हुई शनिदेव की प्रतिमा



सीताराम मंदिर में शनिदेव की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, गंजडुंडवारा

- **शोभायात्रा निकाल कराया नगर भ्रमण, जगह-जगह हुई आरती**
- **प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुए भंडारे में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण**

**अमृत विचार :** गांव छितौनी स्थित प्राचीन सीताराम परिसर में शनिदेव की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पूर्व मूर्ति की गांव में शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह लोगों द्वारा आरती उतारी गई। प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

तहसील सहावर क्षेत्र के गांव छितौनी में शनिवार को सीताराम मंदिर परिसर में पंडित अनिल मिश्रा और सुभाष द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शनि देव महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पूर्व मूर्ति की गांव के विभिन्न मोहल्लों में ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। उसके पश्चात प्रतिमा को मंदिर परिसर में लाकर प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस मौके पर हवन यज्ञ भी किया गया। जगह-जगह आरती उतारी गई। पंडित अनिल मिश्रा द्वारा हवन-यज्ञ व अनुष्ठान संपन्न कराया गया। बाद में हुए भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विद्याराम, उदयवीर, नेत्रपाल ,बदन सिंह , विनीत, राहुल ,राजेश ,विजय सिंह, देवेंद्र ,कुलदीप राजपूत सहित भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।


## कार्यालय गन्ना किसान महाविद्यालय बहादुरनगर, मोहम्मदी खीरी

### सूचना नीलामी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मा. सचिव/कोषाध्यक्ष महोदय के निर्देश के अनुक्रम में महाविद्यालय की कृषि योग्य भूमि को पाँच वर्ष के लिए ठेका पर दिये जाने हेतु 01 अप्रैल 2024 को दोपहर बाद 2 बजे महाविद्यालय भवन में नीलामी (बोली लगाने) हेतु सर्वसाधारण को आमंत्रित किया जाता है। बोली लगाने एवं ठेका की शर्ते निम्न प्रकार है :-

(1) बोली लगाने के पूर्व (2:00 बजे से पूर्व) जमानत राशि के रूप में मु. 10,000/- रू. (दस हजार रूपये) नकद जमा करने पड़ेंगे।
(2) सबसे ऊँची बोली लगाने वाले को ही ठेका पर जमीन दी जायेगी।
(3) बोली स्वीकृत हो जाने पर एक वर्ष की ठेका की धनराशि अग्रिम के रूप में तुरन्त जमा करनी पड़ेगी। तथा आगे के प्रत्येक वर्ष का ठेका 30 अप्रैल तक प्रत्येक दशा में महाविद्यालय के खाते में जमा करना पड़ेगा अन्यथा ठेका स्वत: निरस्त हो जायेगा। इसमें अलग से कोई भी सूचना नहीं दी जायेगी और नये तरीके से नीलामी की पुन: प्रक्रिया प्रारम्भ हो जायेगी इसमें किसी का प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
(4) अगर किसी पर संस्था का पिछला ठेका बकाया है तो वह इस प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा।
(5) महाविद्यालय की कृषि योग्य समस्त जमीन एक ही व्यक्ति को ठेका पर दी जायेगी। जिस व्यक्ति को संस्था की कृषि योग्य समस्त जमीन ठेका पर लेनी हो वही व्यक्ति इस प्रक्रिया में भाग ले।
(6) समस्त जमीन के ठेका की धनराशि प्रति बीघे के हिसाब से एक ही समान होगी।

**संस्था की कृषि योग्य जमीन (लगभग)**

| क्र.सं. | गाटा संख्या | रकबा बीघा/डिसमिल |
|---|---|---|
| 01 | 537 | 21 बीघा |
| 02 | 540 | 09 बीघा |
| 03 | 629 | 09 बीघा |
| | अन्य 3 बीघा 41 डिसमिल | |

अध्यक्ष/प्रशासक
गन्ना किसान महाविद्यालय, बहादुरनगर, मोहम्मदी-खीरी

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान
डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)
धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली 9837007202

खून के आंसू
हकीम जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693

# सतरंगी हो गई तीर्थनगरी, उड़ा गुलाल

## रंग पंचमी महोत्सवः श्री वराह और मां गंगा के जयकारों से गूंज उठे गली-चौबारे


शोभायात्रा में होली खेलकर ब्रज संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।


श्रीवराह शोभायात्रा से पूर्व मुख्य अतिथि को प्रतीक चिह्न देकर स्वागत करते गंगा भक्त समिति के अध्यक्ष सतीश भारद्वाज।

संवाददाता, सोरोंजी

- महिलाओं एवं युवतियों ने भी खेली भगवान के संग होली

**अमृत विचार :** शनिवार को तीर्थनगरी में रंग पंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गंगा भक्त समिति के तत्वावधान में भगवान वराह की शोभायात्रा निकाली गई। गंगा, वराह संग खेले गए होली कार्यक्रम में भक्तों ने भगवान के साथ होली खेली। तीर्थनगरी रंग गुलाल की वर्षा से सतरंगी हुई तो वातावरण भगवान वराह और गंगा की जय-जयकार से गूंज उठा।

रंग पंचमी के दिन शनिवार को सुबह से ही हरिपदी गंगा के घाट पर स्थित वराह मंदिर पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालु गंगा मइया और भगवान वराह की जय-जयकार कर रहे थे। लाउडस्पीकर पर धार्मिक भजनों का प्रसारण हो रहा था। जिन पर श्रद्धालु झूम रहे थे। मौका था रंग पंचमी के अवसर पर गंगा वराह संग होली खेले कार्यक्रम और भगवान वराह की शोभायात्रा का। शोभायात्रा का आरंभ भाजपा नेता पप्पू यादव ने गंगा मइया एवं भगवान वराह की आरती उतारकर किया। यात्रा के शुभारंभ होते ही सतरंगी गुलाल की वर्षा होने लगी।

शोभायात्रा मोहल्ला चौसठ, रामलाल चौराह, रमसिंहपुरा, कटरा बाजार, कछला गेट, सहावर गेट, स्टेशन रोड, थाना चौराहा, अनाज मंडी, चंदन चौकी, रोडवेज बसस्टैंड होते हुए तुलसीनगर बदरिया पर संपन्न हुई।

कार्यक्रम के आयोजक सतीश भारद्वाज ने अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार जताया। भगवान वराह के रथ पर जमकर गुलाल व पुष्प बरसे। माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में सपा नेता देवेश शाक्य भी मौजूद रहे।

**जगह जगह बंटी ठंडई व छाछः** श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा करने वाले लोगों में तमाम समाजेसवी भी शामिल थे। जो श्रद्धालुओं की सेवार्थ आगे आए और जगह जगह शिविर लगाकर ठंडई और छांछ बांटी। भक्तों ने जमकर आनंद लिया।

**सुरक्षा के लिए रहे कड़े इंतजामः** भगवान वराह के संग होली खेलने के लिए उमड़े सैलाब के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। शोभायात्रा के लिए चयनित मार्गों पर जगह जगह पुलिस फोर्स तैनात रहा। शोभायात्रा के आगे और पीछे पीएसी के जवान सुरक्षा की कमान संभाले हुए थे। एएसपी राजेश कुमार भारतीय, सीओ अजीत सिंह चौहान, इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। शोभायात्रा में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई।


रंग गुलाल की वर्षा से सतरंगी हुए माहौल का दृश्य।

### जहां भी नजर पहुंची दिखा भक्तों का सैलाब

भगवान वराह के संग होली खेलने के लिए भक्तों में खासा उत्साह रहा। भीड़ इस कदर उमड़ पड़ी जहां तक नजर पहुंच रही थी भक्तों में सैलाब दिखाई दे रहा था। लोग जमकर गुलाल उड़ा रहे थे। माहौल ऐसा था कि मानो सोरोंजी में ब्रज की ऐतिहासिक होली खेली गई हो।

## सम्मान समारोह में बच्चों ने दी प्रस्तुति

**पटियाली।** शनिवार को विकास क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला आशानंद पर सेवानिवृत शिक्षक मलिखान सिंह के सम्मान एवं विदाई समारोह के दौरान बच्चे, रसोइया एवं शिक्षक जमकर थिरके। पटियाली विकास क्षेत्र के शिक्षकों ने सेवानिवृत्ति पर शिक्षक मलिखान सिंह को उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला आशानंद पर सम्मानित करते हुए विदाई समारोह किया। विद्यालय पर भोज का आयोजन भी किया गया। पटियाली सहित विभिन्न ब्लॉकों से पधारे लोगों ने भी उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान देवेंद्र कुमार, रतन प्रकाश यशवीर सिंह, जयप्रकाश आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### धूमधाम से मनेगी बीआर आंबेडकर की जयंती

**कासगंज।** भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति की बैठक शहर के सहावर गेट स्थित आंबेडकर धर्मशाला में हुई। इसमें 14 अप्रैल को बाबा साहेब डा भीमराव आंबेडकर की जयंती को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। समिति के अध्यक्ष आंनद प्रिय विद्यार्थी ने कहा कि सुबह छह बजे से प्रभात फेरी पूरे शहर में निकाली जाएगी। शाम पांच बजे भीमनगर सहावर गेट पर शोभायात्रा का आरंभ किया जाएगा। इसमें मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में रामेश्वर दयाल जाटव, बृजेश कुमार, होशियार सिंह निमेष, योगेंद्र कुमार आर.सी.राना, शील प्रिय विद्यार्थी मौजूद रहे।

### शराब के साथ चार आरोपी पकड़े

**कासगंज।** शराब के विरुद्ध जिला पुलिस का अभियान जारी है। शनिवार को चलाए गए विशेष अभियान क्रम में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एएसपी राजेश कुमार भारतीय ने बताया कि थाना अमांपुर पुलिस द्वारा कालीचरन निवासी ग्राम बरसौड़ा को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 30 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की है। थाना सहावर पुलिस ने सतेंद्र सिंह, रामेश्वर निवासी ग्राम दीपपुर के कब्जे से 25, उसके साथी के कब्जे से 22 क्वार्टर देशी शराब बरामद हुए हैं। थाना सिढ़पुरा पुलिस द्वारा राहुल निवासी ग्राम रामनगर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 21 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुए हैं। सभी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician
- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात - पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। - पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। - सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।
लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली
मो. 6398965384

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपरेशन
दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलोर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.वी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

## फरार आरोपी के घर नोटिस किया चस्पा

**अमांपुर, अमृत विचारः** कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे नामजद आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने कुर्की की तैयारी की है। गांव पहुंचकर आरोपी के घर नोटिस चस्पा किया है। इससे पहले ढोल बजाकर मुनादी कराई गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सहावर लोकेश भाटी व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमांपुर हरिभान सिंह राठौर ने बताया कि संजय पुत्र नारायण सिंह निवासी ग्राम परतापपुर थाना सहावर का निवासी है। उसके खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज है। न्यायालय के आदेश की अवहेलना का भी मामला दर्ज है। पुलिस ने कुर्की की चेतावनी का नोटिस चस्पा कर कार्रवाई की है।

## देशी बंदूक, तमंचा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** थाना पटियाली व सदर कोतवाली पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने खुशीराम निवासी ग्राम रायपुर मौथर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से एक अवैध देसी बंदूक 315 बोर, एक कारतूस बरामद किया है। सदर कोतवाली पुलिस द्वारा प्रशांत निवासी मोहल्ला बस्ती नई मस्जिद दरगाह के पीछे मारहरा जिला एटा के कब्जे से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर संबंधित थानों पर सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# गेहूं की फसल को नष्ट कर रहे नीलगाय, किसान चिंतित

## किसानों के लिए चुनौती बने नीलगाय व छुट्टा पशु, जिम्मेदार मौन

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** रबी फसल की बोवनी के बाद से ही किसानों को लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है। किसानों को पहले डीएपी, यूरिया व खाद के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी। अब खेतों में पकी खड़ी गेहूं की फसलों पर नीलगायों का कहर जारी है। फसलों को बचाना किसानों के लिए चुनौतीपूर्ण बन गया है। सुबह और शाम किसान खेतों पर निगरानी कर रहे हैं, लेकिन रात के अंधेरे में नीलगाय 25-30 के झुंड में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। खेतों में फसलें तो नीलगाय कम खा रही हैं, लेकिन छुट्टा गोवंश के चलने से पके गेहूं के पौधे कुचल रहे हैं। इससे किसानों को ज्यादा नुकसान हो रहा है।

गेहूं की बोवनी के बाद से ही खेतों में नीलगाय सक्रिय हो जाते हैं। मारहरा, जलेसर और अलीगंज क्षेत्र के गांवों में नीलगाय अधिक संख्या में हैं। साउसपुर, अमृतपुर, नयाबांस, अखतौली, पिथनपुर, सिरसाबदन, मेहनीसोरा, दतेई, गिरौरा, अल्लैपुर समेत आदि अनेक गांव के क्षेत्रों में अधिकांश किसानों द्वारा गेहूं की खेती की जाती है। इसके चलते क्षेत्र में नीलगाय के झुंड द्वारा फसलों को चौपट किया जा रहा है। इस वजह से ग्रामीण किसान परेशान हो रहे हैं। खासकर रात के समय नीलगाय झुंड में खेतों में आते हैं। इस समय किसान अपने घरों पर रहते हैं। दूसरी ओर छुट्टा गोवंश भी किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे बचाव के लिए किसान तो आवाज उठा रहे हैं बावजूद जिम्मेदार कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।


गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाते नीलगाय। ● अमृत विचार

### क्षेत्र में बढ़ रही संख्या, जंगलों में छोड़ने की मांग

किसान रामवीर सिंह, रनवीर सिंह, नेत्रपाल सिंह, हरी सिंह आदि ने बताया कि वन विभाग द्वारा नीलगायों को पकड़कर दूरदराज जंगलों में छोड़ना चाहिए, ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सके। इस संबंध में उनके द्वारा कई बार सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर वन विभाग से नीलगाय पकड़ने की गुहार लगाई गई, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा किसानों के हित में कोई पहल नहीं की गई। नतीजतन, किसान अपने स्तर पर फसलों को नीलगाय से बचाने में लगे हैं। किसानों का कहना है कि कुछ वर्षों पूर्व तक नीलगाय की संख्या कम थी, लेकिन धीरे-धीरे प्रजनन के चलते नीलगायों की संख्या बढ़ गई है। जो पूरे सीजन फसलों को नष्ट करती हैं। इसलिए जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आने वाला समय नुकसान ज्यादा बढ़ जाएगा।

**फसलों को सुरक्षित रखना चुनौती :** किसान जयप्रकाश ने बताया कि उनके खेत पर दोपहर के समय करीब 35 नीलगाय आई थी। जो खेतों में गेहूं की पकी फसल को काफी नुकसान पहुंचा गईं। इसी प्रकार बाबसा, अमरगोजिया, पिपहरा, गदनपुर क्षेत्र में भी नीलगाय से किसान परेशान हो रहे हैं।

## फुसलाकर बालिका, किशोरी व युवती भगाई

**एटा, अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से नामजद लोग एक बालिका, किशोरी व युवती को फुसलाकर भगा ले गए। परिजनों ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के एक आवासीय कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने बताया है कि उसकी 19 वर्षीय बहन आवासीय कालोनी में मौजूद थी। इसी दौरान यहीं का निवासी संतोष पुत्र बलवीर सिंह अपने साथियों के साथ आ गया। पीड़ित की बहन को फुसलाकर अगवा कर ले गया। जानकारी होने पर मामला दर्ज कराया गया है। वहीं, दूसरी ओर निधौलीकलां के गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि कासगंज के मलौता निवासी ओमपाल पीड़ित की 13 वर्षीय और 8 वर्षीय बेटी को फुसलाकर भगा ले गया। काफी तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### अलग-अलग आरोपों में पांच लोग गिरफ्तार

**अलीगंज।** अलीगंज, नयागांव और कोतवाली नगर पुलिस ने विभिन्न आरोपों में पांच लोगों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है। अलीगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन तमंचा और सात कारतूस समेत सावा मोड़ अलीगंज से शानू उर्फ शान मोहम्मद पुत्र नियाम शेर निवासी मो. गांधीनगर कस्बा व थाना सिढ़पुरा, कोहिनूर पुत्र अयूब निवासी मो. पठान कस्बा व थाना कुरावली जनपद मैनपुरी, शाहिद पुत्र महबूब निवासी मो. पठान कस्बा व थाना कुरावली जनपद मैनपुरी को गिरफ्तार कर लिया। नयागांव थाना पुलिस ने अपहरण की घटना के फरार आरोपित नयागांव थाना क्षेत्र के गांव अल्लापुर निवासी अखिलेश पुत्र राजेश कुमार को पकड़ लिया। कोतवाली नगर पुलिस ने पत्नी की मृत्यु होने के उपरान्त फर्जी दस्तावेज तैयार कर कूटरचित तरीके से बैनामा कराने के मामले में वांछित चल रहे सुधीश कुमार पुत्र स्व. फूलन सिंह निवासी आनंदपुरम शिकोहाबाद रोड कोतवाली नगर को दबोच लिया।

### मारपीट में जीजा-साली समेत पांच घायल

**एटा।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुईं मारपीट की घटनाओं में जीजा-साली समेत पांच लोग घायल हुए हैं। सभी को उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराने के पश्चात आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

निधौलीकलां के गांव पलिया निवासी प्रभु की पुत्री प्रियंका का आरोप है कि गांव के निवासी आकाश पुत्र नंदकिशोर ने पीड़ित व उसके बहनोई के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी। गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की है। जलेसर कोतवाली क्षेत्र के गांव समसपुर निवासी प्रमोद की पत्नी अनीता के साथ गांव के निवासी विजयपाल की पत्नी मार्गश्री समेत तीन लोगों ने मारपीट कर गाली गलौज की है। अवागढ़ के गांव नगला गुलरिया निवासी साहब सिंह की पुत्री मोहिनी के साथ गांव के निवासी खूब सिंह पुत्र हेत सिंह समेत चार लोगों ने मारपीट कर धमकी दी है। बागवाला थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी देवेन्द्र पुत्र सियाराम का आरोप है कि गांव के निवासी अमित कुमार पुत्र कालीचरन समेत दो लोगों द्वारा पीड़ित की भतीजी सपना के साथ मारपीट की। गाली गलौज करते हुए ईंट फेंककर मारी, जिससे वह चोटिल हो गई। जान से मारने की धमकी दी गई।

### बच्चों को बताए संचारी रोगों से बचाव के उपाय

**अवागढ़।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनता इंटर कॉलेज अवागढ़ में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश बाबू यादव द्वारा की गई। डॉ. अश्वनी शर्मा ने स्कूली बच्चों को मच्छर जनित रोगों के बारे में जानकारी दी। बीमारियों के लक्षण बताने के साथ ही उनसे बचाव के तरीकों के बारे में बताया। कहा कि मच्छरदानी का उपयोग करें, घर के अलावा आसपास सफाई रखें, सुबह-शाम पूरी बाजू के कपड़े पहनकर मच्छरों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर राजकीय हाईस्कूल कुसवा, राजकीय हाईस्कूल कुसैत, जन कल्याण इंटर कॉलेज सिकरारी, जेएलएन इंटर कॉलेज नूहखेड़ा, चेतराम सिंह इंटर कॉलेज नरोरा, जावित्री देवी इंटर कॉलेज पोंडरी, सुल्तान सिंह हाईस्कूल नगला भूड, महेशचंद्र लोंगश्री देवी हाईस्कूल ओनेरा, दीनदयाल इंटर कॉलेज इसौली आदि विद्यालयों के प्रतिभागी बच्चों एवं अन्य को डॉ अश्वनी कुमार शर्मा चिकित्सा अधिकारी चुरथरा ने संचारी रोग नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। इस दौरान रणवीर सिंह परमार, विवेक दुबे, डॉ एसएन यादव, रामप्रकाश आर्य, दीपक जैन आदि मौजूद रहे।

### रासायनिक खेती छोड़ प्राकृतिक खेती अपनाएं

**अवागढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र पर प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डा. एसके सिंह ने की। उन्होंने किसानों से कहा कि आज के दौर में प्राकृतिक खेती अति आवश्यक है। किसान रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक रूप से करें। इससे उपलब्ध संसाधन बीजामृत, घनजीवामृत, मल्चिंग, वापसा एवं जीवामृत का प्रयोग करने से खेत में जीवाणुओं की वृद्धि होगी, जो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएगी। दीप्ती सिंह ने जलवायु परिवर्तन से तापमान में दिनों-दिन हो रही वृद्धि पर चर्चा करते हुए बताया कि इसके कारण पानी की समस्याएं बढ़ती जा रही है। किसानों को सुझाव दिया कि वह कम पानी में मोटे अनाजों की खेती कर जल, वायु एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखें। नीरज सिंह ने बताया कि श्री अन्न खाने से शरीर को कई लाभ होते है। डा. दिनेश मिश्र ने बताया कि किचन गार्डन में प्राकृतिक तरीकें से अपने घर की सब्जियों एवं फलों के छिलकों का खाद बनाकर प्रयोग करें। किसान दुरबीन सिंह, गौरीशंकर ने किसानों को स्वच्छता की शपथ दिलायी।

### यात्री को बेहोश कर लूटा

**एटा।** दिल्ली से रोडवेज बस में सवार होकर आ रहे बागवाला थाना क्षेत्र के गांव नहचलपुर निवासी दीपेन्द्र (25) पुत्र राजवीर सिंह को उसके पास बैठे व्यक्ति द्वारा नशीले पदार्थ का सेवन करा दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। उसके पास से अज्ञात व्यक्ति द्वारा नगदी लूट ली गई। बस ने उसको बस स्टैंड पर उतार दिया। अचेतावस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

### पांच लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**एटा।** निधौलीकलां थाना के इंस्पेक्टर जेपी अशोक ने बताया कि अवागढ़ क्षेत्र के ग्राम नगला नथा निवासी वीरेन्द्र पुत्र राजाराम समेत पांच लोगों द्वारा एक गैंग बनाकर निधौलीकलां थाना क्षेत्र में अपराधिक कृत्य किए गए। जनता में भय व्याप्त किया। एसएचओ का कहना है कि पांचों लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट

**एटा।** कोतवाली नगर के कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी पुत्री एवं भाई घर पर मौजूद थे। इसी दौरान मोहल्ला का ही निवासी सौरभ अपने साथियों के साथ आ गया। नामजद लोगों द्वारा पीड़ित की बेटी के साथ छेड़खानी की। युवती के चाचा ने बचाई तो उसके साथ आरोपितों ने मारपीट कर धमकी दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला से जेवर लूटने की रिपोर्ट दर्ज

**मिरहची।** थाना क्षेत्र के ग्राम नयाबांस निवासी सोमेन्द्र पुत्र चरन सिंह का कहना है कि शुक्रवार की रात उसकी पत्नी कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत आगरा रोड स्थित मुथूट फाइनेंस के सामने जा रही थी, तभी कुछ व्यक्तियों ने चार सोने की अंगूठी, एक सोने की जंजीर, दो सोने के कुंडल लूट लिए और फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक बदमाश फरार बताए गए थे।

### लोगों को धर्म के रास्ते पर चलने का दिया संदेश

**अवागढ़।** विकास खंड क्षेत्र के गांव कल्यानपुर में माता कांति की हजूरी में निरंकारी मिशन समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक वीरेंद्र सिंह थे। माता कांति बाई ने सत्संग में आए हुए निरंकारियों को धर्म की राह पर चलने का उपदेश दिया और सदैव सत्य के साथ खड़ा रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया जो लोग अधर्म की राह पर चले, उनका विनाश ही हुआ है। प्रीतम सिंह बंजारा, रमेश, देवेंद्र, रविंद्र आदि रहे।

### गोली चलाकर भट्ठा स्वामी को दी धमकी

**एटा।** नयागांव थाना क्षेत्र के ग्राम सराय अगहत निवासी फारुख अंसारी पुत्र रईस अंसारी का आरोप है कि मैनपुरी के कोतवाली नगर के शिवाजीनगर निवासी गिरीश पुत्र प्रताप सिंह समेत चार लोगों द्वारा सराय अगहत पर पीड़ित के ईंट भट्ठा में हिस्सेदारी की, धोखाधड़ी करके पैसे नहीं दिए। अमानत में ख्यानत की। रुपये मांगने पर गोली चलाई गई। ईंट भट्ठे में झोंकने की धमकी दी गई। पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के खिलाफ नयागांव थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## मतदान के लिए किया जागरूक

**अवागढ़, अमृत विचार:** अवागढ़ क्षेत्र के जलेसर रोड स्थित जनता इंटर कालेज में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश यादव द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरुकता अभियान का हिस्सा बनने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि वोट जैसा और कुछ नहीं, शत प्रतिशत मतदान होगा तभी राष्ट्र का कल्याण होगा। उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं कर्मचारी अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए समाज में जागरुकता फैलाने और सभी को मतदान करने का संकल्प भी दिलवाया गया। प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव, प्रवक्ता विवेक दुबे, रणवीर सिंह परमार, आलोक अमौरिया, अश्वनी कुमार, अनिल कुमार, रामप्रकाश आर्य, मुराही शर्मा, सुधीर उपाध्याय, एसएन यादव आदि उपस्थित रहे।

### करंट से महिला झुलसी

**एटा, अमृत विचार :** मलावन थाना क्षेत्र के ग्राम सईदपुर निवासी पुष्पा देवी (35) पत्नी बृज किशोर शुक्रवार की देर रात घर पर ही बिजली का बल्ब लगा रही थी कि तभी उसको करंट लगा, जिससे वह झुलस गई। महिला को पुत्र उपेन्द्र द्वारा उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हायर सेंटर रेफर कर दिया।


अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामबाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षो का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 31 मार्च 2024, रविवार
21 अप्रैल 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076



अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651



प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006



FUTURE
GROUP OF INSTITUTIONS
Learn · Assimilate · Transcend
• Tele Callers (F)
• Business Executives(M)
• Social Media Exe.(F)
Graduate/MBA(Preferred)
Fluent in English
Salary Negotiable
WALK IN INTERVIEW
31 March, 2024
11:00am to 4:00pm
City Office: D-46, IInd Floor, Butlar Plaza, Bareilly
Ph.:9917480040



आवश्यकता है
प्रशिक्षित अनुभवी अध्यापक/अध्यापिकाओं की
वेतन योग्यतानुसार
शीघ्र सम्पर्क करें
विवेकानन्द पब्लिक हाईस्कूल
बृजविहार कालोनी, शाहजहाँपुर
9936934959



VACANCY
Required Medical Representative (M.R.)
Male/Female for Bareilly HQ.
Experienced will be preferred, Freshers can apply.
Personal Bike, Mobile is must.
Whats app resume at
9105441596
Email : shivdiwakar667@gmail.com



REQUIRED
Well qualified and trained (B.Ed and CTET must) teachers for
Mother Teresa Memorial School
Kareilly, Bareilly
1. PGT- English, Physics, Chemistry, Biology, Maths, Accountancy, Business Studies, Economics, Computer Science, Hindi and PHE.
2. TGT - English
3. PRT- Computer
4. Nursery teachers
EMAIL BIODATA within a week
mtms60469@gmail.com
Ph.No. 7599004065
PRINCIPAL



अमृत विचार Matrimonials
परिचय सम्मेलन
श्री अग्रवाल सभा कल्याण समिति (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 12 व 13 मई 2024 को सम्पन्न होगा। विवाह हेतु शीघ्र पंजीयन करायें। मो० 9412466473, 9897181728, 9412048525, 9927833351, 8923414444, 9927047430



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
WANTED
SARAL PRADEEP MODERN PUBLIC SCHOOL
Labhera Durga Prasad, Meerganj, Bareilly
TEACHERS WANTED
Applications are invited from the qualified teacher for the next Academic year 2024-25
K.G. Teacher
Qualification : B.T.C., N.T.T., B.Ed.
Primary Teacher
Qualification : B.T.C., N.T.T., B.Ed.
Class 1-5 Teacher
Qualification : M.A., B.Ed.
Trained Graduate Teacher
Contact-8171592764, 9149288550



आवश्यकता है
दुकान पर काम हेतु हेल्पर, रिक्शा चालक, टेलर की
शीघ्र सम्पर्क करें
उमंग फोम
सिकलापुर, बरेली
8923818889, 9412489471



आवश्यकता है
लड़के व लड़कियों की आफिस कालिंग हेतु व फील्ड कार्य हेतु।
सैलरी+इन्सेन्टिव
गेट नंबर 1 महानगर बरेली गोल चक्र नियर PNB एटीएम के पास
9045350563, 9258469345



वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

साल 2014 में मोदी लहर के चलते भाजपा ने पश्चिमी यूपी की सभी 16 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन 2019 में जब बसपा, सपा और रालोद ने हाथ मिलाया, तो यहां भाजपा के सांसदों की संख्या घटकर नौ पर पहुंच गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मुसलमानों ने विपक्षी गठबंधन के लिए थोक में मतदान किया। इस कारण यूपी में इसी इलाके में भाजपा ने 2014 की तुलना में सबसे ज्यादा सीटें गंवा दीं। यहां जिन सीटों पर मुस्लिम वोटरों का दबदबा है, उनमें सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र भी शामिल हैं।

# सहारनपुर में तिकोने संघर्ष के आसार

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा का फोकस उन 17 सीटों पर सबसे ज्यादा है, जिन्हें वह पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के बावजूद हार गई थी। इनमें सहारनपुर सीट भी शामिल है। 2019 में सपा, बसपा और रालोद गठबंधन के प्रत्याशी हाजी फजलुर्रहमान ने भाजपा के राघव लखन पाल शर्मा को यहां से हराकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व विधायक इमरान मसूद दो लाख से ज्यादा वोट लेकर अपनी जमानत बचाने में कामयाब रहे थे। इस बार भाजपा ने यहां से तीसरी बार राघव लखन पाल शर्मा दांव लगाया है। राघव 2014 में पहली बार यहां से जीतकर संसद में पहुंचे थे। तब उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद को 60 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। हालांकि 2019 के चुनाव में वह बसपा के प्रत्याशी हाजी फजलुरर्हमान से करीब 22 हजार मतों से पिछड़कर चुनाव हार गए थे। तब बसपा और सपा ने गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। इस बार सपा और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन में सीट कांग्रेस को मिली है। कांग्रेस ने यहां से इमरान मसूद को फिर एक बार मौका दिया है। लेकिन बसपा ने इस सीट पर माजिद अली को उम्मीदवार बनाकर गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। माजिद अली ने वर्ष 2017 में विधानसभा का चुनाव बसपा के टिकट से लड़ा था। लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। माजिद वर्तमान में देवबंद क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य हैं।

### पिछले तीन चुनावों से हर बार नई पार्टी और नया सांसद चुना जनता ने

सहारनपुर में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। यहां के मतदाताओं ने पिछले तीन चुनावों में हर बार नई पार्टी और नया सांसद चुनकर अपने बदलाव के मिजाज को प्रदर्शित किया है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार के चुनाव में यहां के मतदाता अपने पिछले ही रुझान पर कायम रहते हैं या इस परिपाटी को बदलने का काम करते हैं। फिलहाल लोगों से बातचीत करने पर यहां त्रिकोणीय संघर्ष होने की बात सामने आ रही है। सहारनपुर सीट पर पहला चुनाव वर्ष 1952 में हुआ था, तब से लेकर 1977 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा था। 1977 में आपात काल के बाद हुए चुनाव से लेकर 1996 तक इस सीट पर जनता दल या जनता पार्टी ने कब्जा बनाए रखा। हालांकि बीच में 1984 के चुनाव में कांग्रेस ने वापसी की थी। 1996 के चुनाव के बाद सहारनपुर सीट दो बार भाजपा, दो बार बसपा, एक बार सपा और 2014 की मोदी लहर में भाजपा के खाते में आ गई।

### सांप्रदायिक ध्रुवीकरण हर चुनाव में सियासत को सर्द-गर्म करता रहता

- साल 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों ने पश्चिमी यूपी के सामाजिक समीकरण के साथ माहौल बदल दिया था। सहारनपुर की राजनीतिक और सामाजिक तस्वीर भी इससे अछूती नहीं रही थी। वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता इमरान मसूद का भाजपा के पीएम प्रत्याशी नरेंद्र मोदी को लेकर दिया गया चर्चित 'बोटी – बोटी' वाले बयान ने वोटों का सीधा बंटवारा कर दिया था। इसके बाद से चुनाव आने पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की बयार यहां बहती ही रहती है और सियासत को गर्म-सर्द करती रहती है।

### समीकरण 2019 जैसे


- **समीकरण 2019 जैसे, दलित-मुस्लिम गठजोड़ बिगाड़ सकता भाजपा का खेल :** सहारनपुर में एक बार फिर से पिछले चुनाव जैसे ही हालात बन रहे हैं। कांग्रेस और सपा से इमरान मसूद तथा बसपा से माजिद अली के बीच मुस्लिम वोटों के साथ दलित वोटों का घमासान छिड़ा है। ऐसे में अगर एक बार फिर से यहां मुस्लिम-दलित गठजोड़ बना तो भाजपा के लिए मुकाबला कड़ा हो सकता है। दो मुस्लिम प्रत्याशी होने के समीकरण का फायदा उठाने के लिए भाजपा को दलितों को साधना ही होगा। 2019 में भी भाजपा से प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ही थे। उनके सामने कांग्रेस से इमरान मसूद और बसपा से हाजी फजलुर्रहमान मैदान में थे। उस दौरान समीकरण तो भाजपा के पक्ष में थे लेकिन मुस्लिम-दलित गठजोड़ ने भाजपा के समीकरण बिगाड़ दिए थे।



**1952** से 1977 तक हुए चुनावों में इस सीट पर कांग्रेस का रहा कब्जा

**03** चुनावों में जनता ने हर बार नई पार्टी और नया सांसद चुना

### पिछले चार चुनावों में राजनीतिक दलों को मिले वोट (प्रतिशत में)





### किसी दल ने यहां कभी नहीं दिया किसी महिला प्रत्याशी को टिकट

- सहारनपुर लोकसभा सीट पर मजेदार तथ्य यह है कि 47 फीसदी महिला मतदाता होने के बावजूद आज तक किसी भी चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल ने महिला प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा है। इसके चलते कोई भी महिला लोकसभा में नहीं पहुंची है। इस सीट पर अब तक मात्र पांच महिलाएं ही चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरी हैं। सभी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किस्मत आजमाई है। इस बार भी एक महिला प्रत्य़ाशी निर्दलीय शबनम चुनाव मैदान में हैं।


### आधे से ज्यादा मुस्लिम और दलित मतदाता, तय करते जीत और हार

सहारनपुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बड़ी लोकसभा सीटों में गिनी जाती है। यह शहर काष्ठ कला यानी लकड़ी के काम और कलाकृतियों के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। इस्लामिक शिक्षा का केंद्र दारूल उलूम देवबंद भी सहारनपुर को एक अलग पहचान दिलाता है, तो यहां माता शाकंभरी देवी का प्रमुख शक्तिपीठ है, जिसका जिक्र प्राचीन वेद-पुराणों में भी मिलता है। यहां कुल वोटर 19 लाख के करीब हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या लगभग 10 लाख और महिला मतदाता नौ लाख के आसपास हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 85 हैं। सहारनपुर में साढ़े छह लाख मुस्लिम, पांच लाख से अधिक दलित और एक लाख से ऊपर जाट मतदाता हैं। आबादी के लिहाज से सहारनपुर जिले में हिंदू और मुसलमानों की संख्या में ज्यादा अंतर नहीं है। जिले में हिंदुओं की आबादी 56 % तो मुस्लिम समाज की आबादी 42% है। इसके बाद लगभग एक फीसदी सिख समाज की आबादी है। इतने ही अन्य वर्ग के लोग हैं।

### 2019 में किसको मिले कितने वोट




### 2014 में किसको मिले कितने वोट




### मतदाताओं का विधानसभा वार हिसाब-किताब

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| बेहट | 196576 | 177677 | 12 | 374265 |
| सहारनपुर नगर | 236044 | 214934 | 50 | 451028 |
| सहारनपुर देहात | 194644 | 1722930 | 10 | 367584 |
| देवबंद | 182456 | 160278 | 11 | 342745 |
| रामपुर मनिहारान | 168701 | 147522 | 02 | 3162225 |

### 2022 के विस चुनाव में भाजपा देवबंद समेत तीन सीटों पर जीती थी

- सहारनपुर लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में तीन पर भाजपा और दो सीटों पर सपा ने जीत हासिल की थी। भाजपा के हिस्से में सहारनपुर नगर, देवबंद और रामपुर विधानसभा सीट आई थीं, जबकि सहारनपुर देहात और बेहट विधानसभा सीटों पर ने जीत हासिल की थी। बेहट विधानसभा सीट से सपा के उमर अली खान, देहात से आशु मलिक चुनाव जीते थे। बाकी तीन विधानसभा सीटों में देवबंद से भाजपा के कुंवर बृजेश सिंह, सदर से राजीव गुंबर और रामपुर मनिहारान से देवेंद्र निगम ने जीत हासिल की थी।

### सपा और बसपा ने मौका नहीं दिया कांग्रेस ने तीसरी बार टिकट थमाया

- पूर्व केंद्रीय मंत्री रशीद मसूद के भतीजे इमरान मसूद ने 2007 में मुजफ्फराबाद विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़कर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे जगरीश राणा को हराया था। 2012 का विधानसभा चुनाव इमरान ने कांग्रेस के टिकट पर नकुड़ से लड़ा, लेकिन बसपा के डा. धर्म सिंह सैनी से हार गए थे। 2014 में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया, फिर 2019 में भी टिकट दिया। लेकिन इमरान मसूद जीत नहीं पाए। लगातार हार के चलते 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले इमरान कांग्रेस का हाथ छोड़कर सपा में शामिल हो गए। लेकिन सपा ने उन्हें चुनाव नहीं लड़ाया। ऐसे में नगर निगम चुनाव के दौरान सपा की साइकिल से उतरकर वह बसपा में चले गए। बसपा में रहते हुए उन्होंने अपनी भाभी खदीजा मसूद को महापौर का चुनाव लड़ाया पर हार मिली। इसके बाद उन्हें बसपा से निकाल दिया गया। ऐसे में छह माह पहले इमरान मसूद फिर कांग्रेस में शामिल हो गए और पार्टी ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बना दिया।





लोकसभा चुनाव को लेकर पश्चिम बंगाल में कारोबारी भी तरह- तरह की प्रचार सामग्री बनाने में जुटे हुए हैं। ऐसे ही एक कारोबारी ने भाजपा, माकपा, भाकपा, कांग्रेस और टीएमसी के चुनाव निशान वाली पतंगें तैयार की हैं। इन पतंगों की वहां पर जबरदस्त मांग है। पार्टी कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर पतंग खरीद रहे हैं। ● एजेंसी

## शिवसेना यूबीटी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इस सूची में पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे, युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे, राज्यसभा सदस्य संजय राउत सहित अन्य लोग शामिल हैं। ये स्टार प्रचारक प्रदेश में लोकसभा चुनाव का सभी जगह प्रचार करेंगे। अन्य मुख्य स्टार प्रचारकों में सुभाष देसाई, अनंत गिते, चंद्रकांत खैरे, सांसद अरविंद सावंत, विधायक भास्कर जाधव, सांसद अनिल देसाई, विनायक राऊत, विधायक वकील अनिल परब आदि शामिल हैं।

## पीलीभीत में जितिन की जीत के लिए भाजपा कर रही हर जतन

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार:** नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ पीलीभीत सीट पर सियासी रणभेरी बज चुकी है। भाजपा से टिकट न मिलने पर वरुण गांधी के निर्दलीय चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन उनके चुप हो जाने से भाजपा की राह थोड़ी आसान हो गई है। पीलीभीत सीट अब भाजपा की प्रतिष्ठा से जुड़ चुकी है। इसके लिए दिग्गजों ने डेरा जमा लिया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

पीलीभीत सीट से 1952 में पहले सांसद कांग्रेस से मुकुंदलाल अग्रवाल बने थे। भाजपा को इस सीट पर काबिज होने में 39 साल लग गए। 1991 में रामलहर के बीच भाजपा के परशुराम गंगवार ने जीत दर्ज कराई। इससे पहले 1989 में जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़कर मेनका गांधी सांसद बनीं। बाद में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर 2004 में मेनका गांधी सांसद बनीं। 2009, 2014 और 2019 में मेनका गांधी और वरुण गांधी ही सांसद चुने गए। इससे पूर्व 1998 और 1999 के चुनाव में स्वतंत्र चुनाव लड़ीं मेनका गांधी को भाजपा का समर्थन रहा था। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में तस्वीर अलग है। मेनका और वरुण गांधी दोनों इस सीट पर नहीं हैं। सूबे के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

उनके मुकाबले समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री भगवन सरन गंगवार और बसपा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को प्रत्याशी बनाया है। यहां पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में दिन कम बचे हैं और राजनीतिक दलों के आगे चुनौतियां अधिक हैं। चूंकि दो दशक बाद भाजपा ने टिकट में बदलाव किया है, इस कारण पीलीभीत सीट प्रतिष्ठा से जुड़ चुकी है। नामांकन के दिन से ही इसका असर भी दिखाई दे रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद समेत कई नेता आ चुके हैं। स्थानीय मंत्री, विधायकों की जिम्मेदारी हाईकमान तय कर चुका है। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल बुधवार को पीलीभीत पहुंचे। दो अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई अन्य स्टार प्रचारकों का आना भी तय माना जा रहा है। प्रत्याशी की क्षेत्र में जनता के बीच चुनावी सभाओं का कार्यक्रम बनाया जा चुका है।

### सपा की तैयारी पूरी...सही समय पर करेंगे इस्तेमाल

- पीलीभीत लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का कभी सांसद नहीं बना। 2019 में सपा गठबंधन के प्रत्याशी को 4.48 लाख वोट मिले थे। इस बार समाजवादी पार्टी से गठबंधन प्रत्याशी के रूप में भगवत सरन गंगवार चुनाव मैदान में हैं। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा का कहना है कि उनकी टीम समर्थकों के साथ क्षेत्र में सक्रिय है। चुनावी प्रोग्राम तय हैं, लेकिन शो नहीं किया जा रहा है। स्टार प्रचारक के तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तो हैं ही, गठबंधन वाले दलों के भी कई चेहरे हैं। सभी का वक्त के हिसाब से सही जगह इस्तेमाल होगा। कुछ इसी तरह का हाल बसपा में भी दिखाई दे रहा है। बसपा में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की सभा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### दिख रहा सबका साथ... कहीं हो न जाए भितरघात

- भारतीय जनता पार्टी से इस बार दावेदारों की लंबी फेहरिस्त थी। हालांकि टिकट घोषणा के बाद कुछ दावेदारों के बगावत करने के आसार दिखाई दे रहे थे, जिसे शीर्ष नेतृत्व ने संभाल लिया है। अब अधिकांश दावेदार भाजपा प्रत्याशी के साथ ही मंच साझा करते दिख रहे हैं। जिससे सबका साथ तो दिखाई दे रहा है। मगर, चुनावों में भितरघात आम बात है। इस पर नजर बनी हुई है। चर्चा तो ये भी है कि ऐसी स्थिति न बनें, इसके लिए संगठन भी सख्त है। क्षेत्रवार नजर रखी जा रही है। अगर भितरघात की स्थिति बनी तो आगे गाज भी गिरेगी।

### बसपा का माहौल बनाने 15 को आएंगी मायावती

- बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह गौतम ने बताया कि चुनावी तैयारियों में बसपा कहीं भी पीछे नहीं है। कार्यालयों के उद्घाटन किए जा चुके हैं। जनसंपर्क चल रहा है। आठ अप्रैल को मंडल स्तरीय कार्यक्रम होगा। 15 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री मायावती भी पीलीभीत आ रही हैं। इसकी तैयारी की जा चुकी है।



जितिन प्रसाद

**1952** में पहले सांसद कांग्रेस से मुकुंदलाल अग्रवाल बने थे

**2019** सांसद चुने गये वरुण गांधी भाजपा के विरुद्ध बयानों के कारण इस बार टिकट कटा

- दो अप्रैल को मुख्यमंत्री करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई स्टार प्रचारक भी आ सकते
- दो दशक बाद टिकट में बदलाव होने पर प्रतिष्ठा से जुड़ गई सीट, जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी की गई तय




## भाजपा-इंडिया गठबंधन की रैलियां आज

नई दिल्ली, ब्यूरो

- मेरठ में मोदी के साथ जयंत चौधरी और अरुण गोविल भी होंगे
- रामलीला मैदान, नई दिल्ली में आप के साथ गठबंधन नेता जुटेंगे

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद रविवार को मेरठ में बीजेपी एवं दिल्ली में इंडिया गठबंधन की दो रैलियों से होगा। मेरठ की रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे और रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल के लिए वोट मांगेंगे। उनके साथ राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी भी होंगे। दूसरी तरफ दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना के उद्धव ठाकरे, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान, झारखंड के मुख्यमंत्री सीएम चंपई व नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला संबोधित करेंगे।

मेरठ की रैली में प्रधानमंत्री देश को यह भी संदेश देंगे कि वे अयोध्या में मंदिर निर्माण के बाद लोकसभा चुनाव का शंखनाद भी राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल की रैली से कर रहे हैं। इस रैली में बीजेपी के अलावा राष्ट्रीय लोकदल के नेता भी होंगे उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने आज ही चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान उनके पौत्र जयंत चौधरी को दिया है। दूसरी तरफ रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित होने वाली रैली को पुलिस ने कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी है। जिसमें 20 हजार कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय के मुताबिक महारैली का नारा तानाशाही हटाओ-लोकतंत्र बचाओ दिया जाएगा।

यह पहला मौका होगा जब कांग्रेस के कार्यकर्ता और आप के कार्यकर्ता एक साथ किसी रैली में नजर आएंगे। नगर निगम एवं विधानसभा के चुनाव में दोनों दल अलग-अलग थे। आप ने गठबंधन के तहत दिल्ली में कांग्रेस को लोकसभा की तीन सीटें छोड़ दी हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने कहा है कि महा रैली के बाद तीनों प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी जबकि आपने चार सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। रैली में केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के आने की भी संभावना है, लेकिन अभी अधिकृत रूप से जानकारी नहीं दी गई है। मुख्यमंत्री की पत्नी ने लोगों से अपील की है कि वे केजरीवाल को अपना आशीर्वाद देने के लिए व्हाट्सएप पर संदेश भेज सकते हैं, जिसके नंबर 8297324624 एवं 9700297002 हैं।

## कमाल का चुनाव

- चुनाव आयोग ने फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम, स्नेपचैट आदि जैसी वेबसाइट्स को सोशल मीडिया की संज्ञा दी है।राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री चुनाव आचार संहिता के दायरे में है।चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये सोशल मीडिया पर नियंत्रण की ज़रूरत है। चुनाव आयोग के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले शपथपत्र में अपनी ई-मेल आइडी और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होगी। चुनाव आयोग ने फेसबुक-गूगल जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से भी चुनाव को देखते हुए कंटेंट की निगरानी करने का आश्वासन लिया है। नए नियम के अनुसार किसी भी इंटरनेट आधारित माध्यम पर राजनीतिक विज्ञापन देने से पहले चुनाव आयोग द्वारा तय अधिकारी से मंजूरी लेनी होगी। ज़िला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई गई हैं।

# जब मात्र 249 वोट से जीत दर्ज कर श्रीपति मिश्र बन गए थे सांसद

## करीबी मुकाबले में कांग्रेस प्रत्याशी डा. कैलाश नाथ सिंह ने इस हार के बाद ले लिया था राजनीति से सन्यास

**मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर**

**अमृत विचार:** सुलतानपुर लोकसभा सीट ने हमेशा चौकाने वाले परिणाम दिए हैं। यहां के वोटर ने कई मौकों पर कद्दावर, मजबूत व बड़े नाम वाले धुरंधरों को पटखनी दी तो ऐसे भी नेताओं को जिताकर सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचाया, जो यहां के लिए अनजान ही थे। यहां 1969 में उपचुनाव में सबसे नजदीकी मुकाबले में मात्र 249 वोट से जीत दर्ज कर श्रीपति मिश्र सांसद बन गए थे।

चौथी लोकसभा ने बेशक अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया, लेकिन सुलतानपुर संसदीय क्षेत्र के वोटरों को उस बीच अपने तीन सांसदों को चुनने का मौका मिला। चौथी लोकसभा का चुनाव 1967 में हुआ। कांग्रेस ने बाबू गनपत सहाय को अवसर दिया। उन्हें 1,25,473 वोट हासिल हुए थे। निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनसंघ के उम्मीदवार डॉ जितेंद्र कुमार अग्रवाल थे, जिन्हें 79,443 वोट प्राप्त हुए थे। दुर्भाग्य से 8 मार्च 1969 को बाबू गनपत सहाय की मृत्यु हो गई।

सुलतानपुर लोकसभा की रिक्त सीट के लिए 1969 में उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने तब तक यहां के



श्रीपति मिश्र बीकेडी

राजनीतिक क्षेत्रों के लिए अनजान एक प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ कैलाश नाथ सिंह ग्राम त्रिसुंडी (अब अमेठी जनपद) को उम्मीदवार बनाया। उनके मुकाबले चौधरी चरण सिंह की पार्टी भारतीय क्रांति दल की ओर से पंडित श्रीपति मिश्र मैदान में थे। स्व .मिश्र 1967 में चौधरी साहब के साथ कांग्रेस से अलग हुए थे। चौधरी साहब की अगुवाई वाली 1967 की संयुक्त विधायक दल की सरकार ने उन्हें विधानसभा में उपाध्यक्ष बनाया था। इस चुनावी संग्राम में तीसरे महारथी वामपंथी तेवरों वाले इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष केदारनाथ सिंह थे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक खूब जोड़ तोड़, दांव पेंच लगाए गए। जबरदस्त गर्मी के मौसम में हुए इस उपचुनाव में फीका मतदान हुआ था। लेकिन वोटों की गिनती में यह चुनाव सुलतानपुर संसदीय सीट के इतिहास में सबसे कड़े मुकाबले के तौर पर दर्ज है। श्रीपति मिश्र को मात्र 249 वोटों के अंतर से जीत हासिल हुई थी। मिश्र को 48,041 और डॉ कैलाश नाथ सिंह को 47,792 वोट प्राप्त हुए थे।स्व. डॉ. कैलाश नाथ सिंह के राजनीतिक जीवन का यह इकलौता चुनाव था। पराजय के बाद वे एक बार फिर अपने चिकित्सकीय पेशे में व्यस्त हो गए। आगे उनकी कोई उल्लेखनीय राजनीतिक गतिविधि नहीं रही। लेकिन जहां तक पंडित श्रीपति मिश्र की बात थी, उनके राजनीतिक सफर में नई उपलब्धियां जुड़ती गईं। उपचुनाव में सांसद चुने जाने के कुछ दिनों बाद ही चौधरी चरण सिंह की अगुवाई वाली भारतीय क्रांति दल-कांग्रेस गठबंधन की उत्तर प्रदेश सरकार में उन्हें शिक्षा मंत्री बनाया गया। कई अन्य मंत्रालय भी मिले। उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दिया और अगले ही साल 1970 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर एक बार फिर से उपचुनाव हुआ।1970 में कांग्रेस ने स्व. केदारनाथ सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रह



डा. कैलाशनाथ सिंह कांग्रेस

चुके वामपंथी रुझान के स्व. सिंह का किसान-मजदूर आंदोलनों से भी जुड़ाव रहा था। 1969 में कांग्रेस के ऐतिहासिक विभाजन के बाद इंदिरा गांधी नई प्रगतिशील छवि के साथ सामने आई थीं। इस दौर में स्व.सिंह कांग्रेस में काफी सक्रिय हो चुके थे। उपचुनाव में उनके मुकाबले मुस्लिम मजलिस के जुल्फिकार उल्ला और भारतीय जनसंघ के डॉ. जितेंद्र कुमार अग्रवाल प्रत्याशी थे। मुस्लिम मजलिस और जनसंघ के प्रत्याशी की मौजूदगी में खासतौर पर शहरी क्षेत्रों में इस उपचुनाव का प्रचार काफी उत्तेजक हो गया था। लेकिन नतीजों में कांग्रेस को सफलता प्राप्त हुई थी। विजयी केएन सिंह को 47,854 तथा जुल्फिकार उल्ला को 30,602 वोट प्राप्त हुए थे। तीसरे स्थान पर रहे डॉ अग्रवाल के वोट 29,560 थे। 1971 के लोकसभा चुनाव में स्व. केदारनाथ सिंह एक बार फिर इस सीट पर विजयी हुए थे। इस बार उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में उप मंत्री के तौर पर इंदिरा जी ने शामिल किया था।

दूसरी तरफ डॉ. जितेंद्र कुमार अग्रवाल को संसदीय चुनाव में भले सफलता न मिली हो लेकिन 1974 और 1977 में लगातार वे सुलतानपुर शहर की सीट से क्रमशः भारतीय जनसंघ और जनता पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए। इलाहाबाद के वाशिंदे जुल्फिकार उल्ला को 1977 में जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर सुलतानपुर संसदीय सीट पर कामयाबी मिली। मोरारजी की सरकार में उन्हें संचार मंत्री भी बनाया गया। सुलतानपुर प्रधान डाकघर और टेलीफोन एक्सचेंज की मौजूदा इमारत उन्हीं के प्रयास से निर्मित हुई थीं।

### चौथे लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में चुने गये तीन सांसद

### अतीत के झरोखे से

**सन- 1967**

गनपत सहाय कांग्रेस
प्राप्त मत-1,25,453

डॉ जितेंद्र अग्रवाल जनसंघ
प्राप्त मत -79,443

**सन- 1969 (उपचुनाव)**

श्रीपति मिश्र बीकेडी
प्राप्त मत -48,041

डा. कैलाशनाथ सिंह कांग्रेस
प्राप्त मत - 47,792

**सन- 1970 (उपचुनाव)**

केदारनाथ सिंह (कांग्रेस)
प्राप्त मत - 47,854

जुल्फिकार उल्ला मुस्लिम (मजलिस)
प्राप्त मत -30,602

**सन- 1971**

केदार नाथ सिंह (कांग्रेस)
प्राप्त मत - 93,946

राम प्यारे शुक्ल जनसंघ
प्राप्त मत - 31,131

**सन- 1977**

जुल्फिकार उल्ला जनता पार्टी प्राप्त
प्राप्त मत - 2,32,330

केदारनाथ सिंह कांग्रेस
प्राप्त मत - 66,796



केदार नाथ सिंह (कांग्रेस)

# लखनऊ में इण्डिया गठबंधन के रणनीतिक कौशल की परीक्षा

## 1952 से 1984 तक कांग्रेस ने लखनऊ से सात बार जीता लोकसभा चुनाव

**अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ**

**क्या 36 वर्ष का सूखा खत्म कर पाएगा गठबंधन**

**अमृत विचार:** दिल्ली की सत्ता उत्तर प्रदेश से होते हुए जाती है। उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठित सीट लखनऊ है जो कि 33 वर्षों से भाजपा के कब्जे में है। अटल बिहारी वाजपेई से शुरू हुई जीत अभी भी निरंतर जारी है और इसको कायम रखा है रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने। कांग्रेस ने जीत दर्ज करने के लिए एक से एक धुरन्धर उतारे, लेकिन पिछले 36 वर्षों में ऐसा कोई नहीं हुआ जो भाजपा के तिलिस्म को तोड़ पाए।




देश की सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस आज अपने सबसे कमजोर दौर से गुजर रहा है। यूपी की कई ऐसी सीटें हैं जहां सालों से पार्टी को जीत नहीं मिली है। लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। यूपी में कांग्रेस और सपा गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का जलवा हुआ करता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। कांग्रेस को कई सीटों पर सालों से जीत का मुंह देखने को नहीं मिला है। इनमें से एक लखनऊ जैसी वीवीआईपी सीट भी है।

उत्तर प्रदेश की लखनऊ सीट पर कभी कांग्रेस का जलवा हुआ करता था। इस सीट से 1952 से 1984 तक कांग्रेस सात बार चुनाव जीत चुकी है। विजय लक्ष्मी पंडित, शीला कौल जैसे बड़े नाम कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं, जबकि एक बार 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी आनंद नारायण और 1977 में जनता पार्टी से हेमवती नंदन बहुगुणा सांसद रह चुके हैं।

### आसान नहीं होगा राजनाथ का रक्षा कवच भेद पाना

लखनऊ लोकसभा सीट से आखिरी बार कांग्रेस की शीला कौल 1984 में सांसद बनी थी। इसके बाद से आज तक कांग्रेस पार्टी यहां चुनाव नहीं जीत पाई है। पिछले 36 सालों से कांग्रेस के लिए यहां सूखा है। अब ये सीट भाजपा का गढ़ बन चुकी है। साल 1991 से लगातार बीजेपी यहां भगवा लहराती आ रही है। लखनऊ सीट से बीजेपी के दिग्गज नेता सांसद रहे हैं। साल 1991 से लेकर 2004 तक लगातार स्व. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पांच बार सांसद रहे। इसके बाद साल 2009 में लालजी टंडन ने बीजेपी के टिकट पर लखनऊ सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की।



2014 से लगातार दो बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सांसद हैं। बीजेपी ने तीसरी बार भी उन्हें लखनऊ से ही टिकट दिया है। इस बार कांग्रेस और सपा का गठबंधन है। गठबंधन ने रविदास मेहरोत्रा को उम्मीदवार बनाया है। सवाल उठता है क्या इस बार गठबंधन भाजपा का 33 वर्षों का तिलिस्म तोड़ पाएगा। उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ सालों से पार्टी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस की हालत ये हैं कि देश के सबसे बड़े विपक्षी दल होने का दावा करने वाली कांग्रेस को सपा से गठबंधन में सिर्फ 17 सीटें मिली है। अमेठी और रायबरेली जैसी सीटों पर भी प्रत्याशी उतारने के लिए पार्टी को सोचना पड़ रहा है।

### 2019 में लखनऊ लोकसभा सीट के प्रत्याशियों की सूची


| प्रत्याशी का नाम | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|
| राजनाथ सिंह (भाजपा) | 6,33,026 वोट | 56 .7 प्रतिशत वोट दर |
| पूनम सिन्हा (सपा) | 2,85,724 वोट | 25 .59 प्रतिशत वोट दर |
| प्रमोद कृष्णम( कांग्रेस) | 1,80,011 वोट | 16 .12 प्रतिशत वोट दर |
| नोटा | 7,416 वोट | 0 .66 प्रतिशत वोट दर |

## मतदान के लिए अवकाश घोषित

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में मतदान के लिए निजी क्षेत्र के संस्थानों के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। इस सिलसिले में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार मतदान वाले दिन जिलों की सभी दुकानें, प्रतिष्ठान, फैक्ट्रियां आदि बंद रहेंगी। 19 अप्रैल को पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। प्रदेश के 9 जिलों में मतदान होगा। इसके चलते सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत और बरेली में अवकाश रहेगा। 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होने के कारण अमरोहा, हापुड, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में अवकाश घोषित किया गया है। 7 मई को तीसरे चरण के मतदान के लिए मुरादाबाद, संभल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं और बरेली में अवकाश घोषित किया गया है। इसी तरह, चौथे चरण के लिए 13 मई को शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, एटा, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज और बहराइच जिले में अवकाश घोषित किया गया है। पांचवे चरण के लिए 20 मई को मतदान के दिन लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, जालौन, झांसी और ललितपुर जिले में अवकाश रहेगा। हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, बहराइच और बलरामपुर जिले में भी 20 मई को अवकाश रहेगा। इसके अलावा 25 मई को छठे चरण के मतदान के लिए सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी और भदोही जिले में अवकाश रहेगा। सातवें चरण के लिए 1 जून को महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर और सोनभद्र जिले में छुट्टी रहेगी।

**यूपी उपचुनाव के दिन भी रहेगा अवकाश:** प्रदेश में चार जिलों में विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। इसमें शाहजहांपुर की ददरौल सीट पर 13 मई को मतदान होगा। लखनऊ की लखनऊ पूर्वी सीट पर 20 मई को मतदान होगा। बलरामपुर जिले की गैंसड़ी सीट पर 25 मई को व सोनभद्र की दुद्धी सीट पर 1 जून को वोट पड़ेंगे। इस तरह 13 मई को शाहजहांपुर, 20 मई को लखनऊ, 25 मई को बलरामपुर और 1 जून को सोनभद्र जिले में छुट्टी रहेगी।

# प्रतापगढ़ में 10 बार कांग्रेस के सिर ताज, अब महज खेवनहार



राजा दिनेश सिंह



रत्ना सिंह



प्रमोद तिवारी

**आरपी सिंह, प्रतापगढ़**

- **इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी को मिली है प्रतापगढ़ सीट**
- **2019 में तीसरे स्थान पर रहीं थी कांग्रेस की राजकुमारी रत्ना सिंह**

**अमृत विचार :** जनपद प्रतापगढ़ कभी कांग्रेस का गढ़ रहा है। कालाकांकर रियासत के राजा रामपाल सिंह कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे। जनपद के पहले सांसद पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में रहे। राजा दिनेश सिंह सांसद बनने के बाद देश के विदेश मंत्री बने थे। उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह यहां से तीन बार सांसद चुनी गईं। इसके बाद से कांग्रेस जद्दोजहद कर रही है। लोकसभा चुनाव में पहली बार कांग्रेस सीधी लड़ाई में नहीं है। वह आइएनडीआईए गठबंधन से सपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगेगी।

प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र की राजनीति में पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय, राजा दिनेश सिंह, राजा अजीत प्रताप सिंह, प्रो. वासुदेव सिंह, प्रमोद तिवारी, रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के नाम से जिले की पहचान है। प्रतापगढ़ जनपद धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी की जन्मस्थली और महात्मा बुद्ध के तपोस्थली के रूप में भी जाना जाता है। 39 लोकसभा सीट प्रतापगढ़ पर अब तक 17 चुनाव हो चुके हैं, जिसमें सबसे अधिक सत्ता में कांग्रेस पार्टी रही। कांग्रेस ने यहां 10 बार जीत दर्ज की है। वर्ष 1977 में भारतीय लोकदल से रूपनाथ सिंह यादव, 1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह, 1998 में भाजपा से डा.राम विलास वेदांती, 2004 में सपा से अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी, 2014 में अपना दल के हरिवंश सिंह को छोड़कर इस संसदीय सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव में



यहां से भाजपा के संगम लाल गुप्ता ने बसपा के अशोक त्रिपाठी को हराकर चुनाव जीता था। संगम लाल गुप्ता को 4,36,291 वोट में मिले थे, जबकि दूसरे नंबर पर रहने वाले अशोक त्रिपाठी को 3,18,539 वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी को 1,17,752 मतों के अंतर से बसपा प्रत्याशी पर जीत दर्ज की थी। चुनाव में चुनाव में तीसरे नंबर पर कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमारी रत्ना सिंह थीं, जिनको 77,096 वोट मिले थे। इस बार आइएनडीआईए के गठबंधन में यहां की सीट सपा को मिली है। इस कारण कांग्रेस का प्रत्याशी यहां से चुनाव मैदान में नहीं रहेगा। कांग्रेस पार्टी गठबंधन धर्म का पालन करते हुए सपा प्रत्याशी के लिए प्रचार करेगी। 10 बार यहां की सीट पर जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार महज खेवनहार रहेगी। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा. लालजी त्रिपाठी ने कहा कि गठबंधन धर्म का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन किया जाएगा। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ.एसपी सिंह पटेल को कांग्रेस पार्टी अपना उम्मीदवार मान कर वोट मांग रही है।

**हरदोई लोकसभा क्षेत्र**

## दल नहीं चेहरों पर होता रहा है मतदान, 33 साल से जयप्रकाश व ऊषा ही पहुंच रहे लोकसभा

# दो चेहरों में सिमट कर रह गया हरदोई का चुनाव

**वीरेश शुक्ला, हरदोई**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव एक बार फिर आ गया है, लेकिन हरदोई का चुनाव दो चेहरों में ही सिमट कर रह जाता है। यहां पर ऊषा वर्मा व जयप्रकाश ही वर्षों से लोकसभा पहुंच रहे हैं। 2014 में मोदी लहर में सिर्फ अंशुल वर्मा ने लोकसभा में हरदोई का प्रतिनिधित्व किया।

लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद जयप्रकाश को प्रत्याशी बनाया है, वहीं पूर्व सांसद ऊषा वर्मा सपा की प्रत्याशी हैं। हरदोई में लोकसभा का चुनाव वर्षों से इन्हीं दोनों के बीच हो रहा है। कभी जयप्रकाश



सांसद जयप्रकाश

सांसद बनते हैं कभी ऊषा वर्मा। सिर्फ 2014 में मोदी की लहर के दौरान भाजपा के अंशुल वर्मा लोकसभा पहुंचे थे। हरदोई लोकसभा सीट से 1991 में भाजपा से चुनाव जीत कर जयप्रकाश लोकसभा पहुंचे थे। इसके बाद



पूर्व सांसद ऊषा वर्मा

1996 तक वह यहां के सांसद हुए। 1998 में हुए चुनाव में ऊषा वर्मा लोकसभा पहुंची। 1999 में फिर चुनाव हुआ लोकतांत्रिक कांग्रेस से जयप्रकाश सांसद फिर बन गए। 2004 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से पुनः चुनाव जीतकर ऊषा वर्मा दोबारा सांसद बनीं। इसके बाद मोदी लहर में अंशुल वर्मा भाजपा से लोकसभा पहुंचे। अगले चुनाव में जयप्रकाश फिर हरदोई से भाजपा के प्रत्याशी बने और लोकसभा पहुंच गए।

जिले में 1991 से लोकसभा पहुंचने वालों में जयप्रकाश व ऊषा वर्मा ही हैं। लगातार जिले के लोग 33 सालों से यही दोनों लोकसभा हरदोई का प्रतिनिधित्व करते देख रहे हैं। 1991 में पैदा हुए बच्चे आज 33 साल के हो गए हैं। विधायक तो उन्होंने कई बदलते देखे, लेकिन लोकसभा सदस्य के रूप में ही दो चेहरे देख रहे हैं। इस बार भी इन्हीं दोनों चेहरों के बीच मुकाबला हो रहा है।

### अब तक हुए सांसद

**हरदोई।** जिले में लोकसभा सांसद का यह 20 वां चुनाव है। सबसे पहले जिले में 1952 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से बुलाकी राम वर्मा लोकसभा सांसद चुने गए थे। 1957 में जनसंघ के शिवदीन लोकसभा पहुंचे। 1957 से 1971 तक कांग्रेस का जलजला रहा। इस दौरान 1957 में छेदा लाल गुप्ता, लोकसभा सदस्य चुने गए थे। 1962 से 1971 तक दयालु लाल लोकसभा के सदस्य रहे। जनता पार्टी से 1977 में परमाई लाल, 1980 में हुए चुनाव में कांग्रेस के मन्नी लाल, 1984 के चुनाव में कांग्रेस के दयालु लाल, 1989 के चुनाव में परमाई लाल तथा 1990 के चुनाव में हरियाणा से आए चौधरी चांदराम लोकसभा पहुंचे थे।

# बसपा में ही खत्म हो गई मुख्तार की राजनीति

## 1996 में मऊ सदर में पहली बार बना विधायक, 2017 में आखिरी बार बना विधायक

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार।** अपराध की दुनिया और राजनीति, एक दूसरे के पूरक हैं। संरक्षण के लिए अपराधी राजनीति में प्रवेश करता है और राजनीति में कद बढ़ाने को नेता अपराधियों को संरक्षण भी देते हैं। पांच बार विधायक रह चुके मुख्तार अंसारी के राजनैतिक इतिहास से आसानी से लगाया जा सकता है।

पूर्वांचल में अपराध की दुनिया में बढ़ते कद के साथ ही मुख्तार ने बसपा का दामन थामकर 1996 में राजनीति में कदम रखा था और मऊ सदर से जीत दर्ज कर सफेद पोश माफिया बन गया। राजनीति में तमाम उतार-चढ़ाव के साथ ही अंतिम बार 2017 में मऊ से बतौर



बसपा विधायक रहे। माफिया मुख्तार अंसारी ने अपराधिक रिकार्ड बढ़ने के साथ ही 1996 में बसपा के सहारे राजनीति में कदम रखा, मऊ सदर से पहली बार विधायक बना। दूसरी बार 2002 में निर्दलीय विधायकी जीती, बाहुबली होने की वजह से पूर्वांचल की राजनीति में इर्द गिर्द घूमने लगी। विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव, मुख्तार की दखलंनदाजी हर चुनाव में होती थी। प्रदेश के राजनैतिक घटनाक्रमों में मुख्तार कुछ सालों के लिए बसपा से बाहर भी रहे, 2007 में निर्दलीय होकर भी चुनाव जीत दर्ज की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के संपर्क में भी रहा। मगर 2009 में बसपा ने दोबारा वाराणसी से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाकर उतारा, हांलाकि चुनाव में हार मिली। अगले ही साल 2010 में बसपा की मायावती ने फिर पार्टी से निष्कासित किया तो खुद का, कौमी एकता दल का गठन किया, और 2012 में विधायकी जीती। मगर ज्यादा दिन सक्रिय राजनीति से अलग नहीं रहें और 2017 में कौमी एकता दल का विलय बसपा में कर दिया और बसपा के टिकट पर मऊ सीट से विधायक बन गया। यह उनका अंतिम चुनाव साबित हुआ।

# आम चुनाव सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव

आम चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। सामान्य संवाद की भाषा बदल गई है। शब्द आक्रामक हो गए हैं। संवाद की शालीनता समाप्त हो रही है। कायदे से दलतंत्र को लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करना चाहिए। संवाद की भाषा परस्पर प्रेमपूर्ण होनी चाहिए। दल परस्पर शत्रु नहीं हैं। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के आमजनों तक ले जाने और मजबूत करने के उपकरण हैं। लेकिन शब्द अपशब्द हो रहे हैं। वैचारिक आधार पर दलों के मध्य बहस नहीं है। प्रधानमंत्री तक को अपशब्द कहे गए हैं। भारत के आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव है। लेकिन अपशब्दों के प्रयोग वातावरण को उत्पन्न कर रहे हैं। आचार संहिता में निर्देश दिए गए हैं कि सभी दल और उम्मीदवार जाति, सम्प्रदाय, पंथिक समूह या भाषाई समूहों के मध्य अलगाववाद बढ़ाने से दूर रहेंगे। परस्पर विद्वेष और तनाव बढ़ाने वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। संहिता में राजनैतिक दलों की नीतिगत आलोचना की छूट दी गई है। आलोचना में भी संयम बरतने के निर्देश हैं। सबसे बड़ी बात है कि नेताओं और कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी की आलोचना नहीं करेंगे। आदर्श चुनाव आचार संहिता में इसी तरह के तमाम संयम की अपेक्षा की गई है। इस सब के बावजूद व्यक्तिगत आरोपों के माध्यम से वातावरण को बिगाड़ने का काम हो रहा है।

शब्द की शक्ति बहुत बड़ी है। शतपथ ब्राह्मण के ऋषि ने वाणी को विराट कहा है। बाइबल में घोषणा है कि सबसे पहले शब्द था-'इट वाज लोगोस फ़र्स्ट'। महर्षि व्यास ने शब्द को ब्रह्म कहा है। शब्दों के सदुपयोग से सृजन की गतिविधि चलती रही है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में ध्यान दिलाया है कि एक ही शब्द का स्थान के अनुसार प्रयोग भिन्न भिन्न अर्थ देता है। कबीरदास ने भी कहा है कि, ''शब्द की मार बड़ी है।'' शब्द साधना स्तुतियों, काव्य और गीतों में प्रकट होती है। शब्द संयम अपरिहार्य है। ऐतरेय उपनिषद के शांति पाठ में प्रार्थना है, "हे परमात्मा मेरी वाणी मन में स्थित हो और मेरा मन वाणी में स्थित हो जाए। मेरे मन और वाणी साथ साथ काम करें। मेरे संकल्प और वचन विशुद्ध होकर एक रहे। मेरा सुना हुआ और अनुभव में आया हुआ ज्ञान मेरा त्याग न करे। मेरा ज्ञान मुझे सदा स्मरण रहे।" मन का अनुशासन जरूरी है। अनुशासित मन से सुन्दर शब्द और अर्थ निकलते हैं। मन और वाणी के एक साम्य में हमारा मार्गदर्शन करें। ऋषि संकल्प करते हैं, "मैं अपनी वाणी से सदा ऐसे ही शब्दों का उच्चारण करूंगा, जो दोषरहित हो। मैं सत्य बोलूंगा-सत्यं वदिष्यामि। मेरी रक्षा करो। वक्ता की रक्षा करो। भारतीय परंपरा में शब्द अनुशासन पर अतिरिक्त जोर दिया गया है।"



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, "सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी। दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है।

सृष्टि के जन्म और विकास के अनेक सिद्धांत हैं। चार्ल्स डारविन का सिद्धांत विकासवादी कहा जाता है। स्टीफन हाकिंग जैसे ब्रह्माण्ड विज्ञानी सृष्टि के उद्भव पर काम करते रहे हैं। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानियों का कथन है कि एक समय सृष्टि का सारा पदार्थ और ऊर्जा एक छोटे से बिंदु पर थी। इसे ब्रह्म अण्ड भी कहा जाता है। अत्यधिक दबाव के कारण ब्रह्म अण्ड फूटा। उसके कण गतिशील हुए और इस तरह सृष्टि का विकास आगे चल पड़ा। वैज्ञानिक कार्ल सागन ने इसे कॉस्मिक एग 'ब्रह्म अण्ड' कहा है। ऋग्वेद में इसे हिरण्यगर्भ कहा गया है। हिरण्य का अर्थ स्वर्ण या कोई अति चमकीली धातु है। ऋग्वेद में कहते हैं कि सबसे पहले हिरण्यगर्भ ही थे। ऐतरेय उपनिषद ऋग्वेद के आरण्यक का भाग है। उपनिषद (खण्ड 1-4) में कहा गया है, "हिरण्यगर्भ पुरुष ने स्वयं को प्रकट करने के उद्देश्य से तप किया। तप के फलस्वरूप हिरण्यगर्भ फूट गया। इससे फूटकर मुख छिद्र बना। इसी मुखछिद्र से वाणी उत्पन्न हुई।" वाणी आराध्य है। वाणी से ही विचार प्रकट होते हैं। वाद, विवाद और संवाद वाणी से ही संभव है। वाणी के ही सम्यक प्रयोग से संस्कृति का विकास हुआ। ऋग्वेद (10-125) में वाणी सम्पूर्ण प्रकृति को धारण करती है। वाणी में समूचा संसार व्याप्त है।

ऋग्वेद में वाणी का सुन्दर विवेचन है। वाणी के चार रूप बताए गए हैं। पहले रूप को 'परा' कहा है। यह मन में स्थित रहती है। दूसरी का नाम 'पश्यन्ती' बताया गया है। इस मनोदशा में वाणी प्रकट करने का विचार उठता है। तीसरी 'मध्यमा' है। इस तल पर विचार शब्द अपना रूप ग्रहण करता है। शब्द योजना बनती है। शब्दों का विकेंद्रीकरण होता है। चौथी का नाम 'बैखरी' बताया गया है। यह प्रकट वार्ता है। लेकिन साधारण लोग पहली तीन स्थितियां कम जानते हैं। वे केवल चौथी का ही प्रयोग करते हैं। वाणी के सभी रूप पालनीय हैं।

प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, "सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी। दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है। शब्द शक्ति की खोज और पहचान का आदिस्रोत भारत है, ऋग्वेद है। चीन के एक दार्शनिक लाओत्सु (ईसापूर्व 400 वर्ष लगभग) ने भी सृष्टि के विकास पर लिखा है। 'ताओ ते चिंग' उनकी महत्वपूर्ण पुस्तक है। 'ताओ ते चिंग' भी वाणी और शब्द का चमत्कार है। वाणी आराध्य है। छान्दोग्य उपनिषद में व्यथित नारद को सनत् कुमार ने वाणी की शक्ति का दर्शन बताया था। भारत में शब्द और वाणी का जैसा सदुपयोग हुआ है, वैसा अन्य सभ्यताओं में नहीं मिलता। वाणी के सम्यक ज्ञान और सम्यक सदुपयोग से ही मंत्र शक्ति का प्रादुर्भाव हुआ। मंत्र शब्दों के सम्यक प्रयोग से बनते हैं। मंत्रों का उच्चारण अनुशासित वाणी द्वारा ही संभव होता है। सुने गए शब्द अपनी अर्थवत्ता के कारण चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाते हैं। मंत्र के प्रभाव होते हैं या नहीं? यह विषय वैज्ञानिक और दार्शनिक विवेचन का है। लेकिन वाणी की शक्ति से इंकार नहीं किया जा सकता। मधुर वाणी से गीत काव्य प्रकट होते हैं। इसी के सम्यक उपयोग से स्तुतियां बनती हैं।

वाणी की शक्ति अपरिमित है। संस्कृति मनुष्य को उदात्त बनाती है। संस्कृत देववाणी है। इसमें संस्कृति के विकास की विराट क्षमता है। भारतीय संस्कृति में वाणी और शब्द के आश्चर्यजनक सदुपयोग मिलते हैं लेकिन राजनैतिक क्षेत्र में सामान्य वक्तव्य भी हिंसक हो जाते हैं। भारतीय सुभाषितों में कहा गया है कि सत्य बोलो-सत्यम ब्रूयात। प्रिय बोलो-प्रियं ब्रूयात। लेकिन अप्रिय सत्य मत बोलो। यहां सत्य को भी अप्रिय होने के कारण उचित नहीं कहा गया। 2024 के महासमर में सुन्दर वाणी का प्रयोग जरूरी है। लेकिन प्राचीन भारत के युद्धों में भी अश्लील और असभ्य शब्द प्रयोग नहीं मिलते। महाभारत का बड़ा हिस्सा युद्ध का है। सेनाएं आमने सामने हैं। तब दोनों पक्षों के योद्धा परस्पर शालीन वार्तालाप करते थे। भारतीय लोकतंत्र में वैदिक काल से ही सभा समितियां हैं। स्तोता देवताओं से प्रार्थना करते हैं, "मैं सभा में मधु बोलूं। मैं सभा में यशस्वी होऊं। उग्र विषय भी मधुर वाणी में बोलूं। आश्चर्य है कि जिस भारत में मधुर बोलने की प्रतिस्पर्धा थी, उसी परम्परा के उत्तराधिकारी होकर भी हम शब्द संयम तोड़ रहे हैं। वातावरण नई पीढ़ी के लिए अप्रिय हो गया है।

# गलत है महापुरुषों पर जाति का ठप्पा लगाना

कौन कहता है, इस महान, प्राचीन देश की महान, प्राचीन संस्थाओं के संरक्षण-परिवर्धन में एक ही राजनीतिक दल दत्तचित्त है। यह तो अन्य दलों के साथ सरासर अन्याय होगा, भाई। उदाहरण के लिए जाति प्रथा को ले लीजिए। एक महान प्राचीन संस्था, जो इस देश की अनन्य विरासत है।

> अभी एक चुनाव होने वाला है। विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में सभी दलों द्वारा उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया इतनी माथापच्ची के बाद क्यों पूरी हो रही है?

अभी एक चुनाव होने वाला है। विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में सभी दलों द्वारा उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया इतनी माथापच्ची के बाद क्यों पूरी हो रही है? सभी दल समान रूप से जाति नामक प्राचीन भारतीय संस्था के संरक्षण-परिरक्षण के महान दायित्व का निर्वाह करते पाए जा रहे हैं या नहीं? जिन दलों ने इंडिया नामक महागठबंधन बनाया है उनमें सीटों का बंटवारा अंत में किस बात पर आकर अटकता है?



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

हां, जिस दल ने समूचे हिन्दू समाज का उद्धार करने का बीड़ा उठा लिया हो, उसे इस मामले में कुछ छूट तो मिलनी ही चाहिए। उसे तो एक ही मजहब वालों को टिकट देना है। बाकी मजहबों के लिए और सारे दल हैं न? लेकिन इस हिंदू-उद्धारक दल में भी टिकट के बंटवारे में जाति की बेकदरी होती हो, ऐसा कतई नहीं। बात राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं। अगर आप कॉलेजों एवं अन्य शैक्षिक संस्थाओं के विशेषकर देहाती इलाकों में नामकरण का अध्ययन करें तो कुछ दिलचस्प तथ्य सामाने आ सकते हैं।

पता लगाएं, महामना मदनमोहन मालवीय इंटर कालेज खोलने और चलाने वाले प्रधानतः किस जाति के लोग हैं। फिर कोई महाराणा प्रताप महाविद्यालय मिलेगा, पता लगाइए, इसे खोलने-चलाने वाले मुख्यतः किस जाति के हैं? महात्मा गांधी इंटर कालेज भी मिल ही जाएंगे, पता करें इनके पीछे किस जाति के लोग हैं। बाबू राजेंद्र प्रसाद और यहां तक कि बंगाल से दूर-दराज के इलाकों में भी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कालेज मिल सकते हैं, पता करिए, इन्हें खोलने वाले किस जाति के हैं और इनकी प्रबंध-समिति में किस जाति के लोगों का बोलबाला है। आप पाएंगे कि हमने बड़ी शाइस्तगी से अपने महापुरुषों को जातियों के हिसाब से बांट लिया है। महामना मदन मोहन मालवीय पर सिर्फ एक जाति का कब्जा हो गया है, महाराणा प्रताप पर दूसरी जाति काबिज हो गई है और महात्मा गांधी को तीसरी जाति के लिए छोड़ दिया गया है।

बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है और सुभाष चंद्र बोस रहे होंगे पक्के सेक्युलर, लेकिन हमारे जातीय बंटवारे में वे बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ एक चौथी जाति के हिस्से में आ पड़े हैं तो क्या किया जाए? एक जाति ने कब्जाया और बाकी जातियों ने चुप्पी साधकर रजामंदी दे दी, अब और क्या चाहिए? इन महापुरुषों से पूछने की क्या जरूरत कि वे देश के महापुरुष कहलाना पसंद करेंगे या अपनी-अपनी जाति के? यह महान देश है। हमने तो भगवानों/अवतारों तक को बांट लिया है तो महापुरुषों की क्या बिसात? परशुराम केवल एक जाति के भगवान होकर रह गए हैं। इधर कृष्णावतार पर भी एक नई उभरती जाति ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। देखना है, वे कब तक अन्य जातियों के भक्तों को उपलब्ध रहते हैं?

# नवीन शैक्षिक सत्र: चुनौतियां और संभावनाएं

नवीन शैक्षिक सत्र पहली अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है। यह समय लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और तैयारियों का भी है। अलग-अलग चरणों में मतदान तथा उससे संबंधित क्रियाकलापों के चलते इन कार्यों में विद्यालयीय स्टाफ की संलग्नता भी रहेगी। ऐसे समय में विद्यालय संचालन तथा निर्वाचन संबंधी दायित्वों हेतु एक विशिष्ट कार्ययोजना की आवश्यकता होगी, ताकि दोनों ही दायित्वों का सम्यक निर्वहन हो सके। यह संभव हो इसके लिए जरूरी होगा कि बच्चों तथा सामुदायिक ज्ञान संदर्भों का समुचित उपयोग करते हुए कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है।

सबसे पहले बात करते हैं लोकतंत्र के महापर्व की। बच्चों को मतदान जागरूकता फैलाने, अपने घर-परिवेश में वोट का महत्व समझाने तथा सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित करने जैसी ज़िम्मेदारियां देकर भविष्य के एक प्रखर व जागरूक मतदाता के रूप में विकसित करने का यह सही अवसर होगा। आवश्यक यह होगा कि सत्रारंभ में ही इस प्रकार की सुनियोजित कार्ययोजना बना ली जाए कि इस अवधि में बच्चे निरंतरता के साथ जागरूकता तथा पठन-पाठन संबंधी क्रियाकलापों से जुड़े रहें। इसके लिए नवीन शैक्षिक सत्र में पहले दिन से ही विद्यालयों का वातावरण वेलकमिंग बनाना होगा। बच्चों को विद्यालय में आकर लगे कि इस स्थान पर उन्हें पर्याप्त अहमियत दी जाती है। सत्र के प्रारंभिक दस-पंद्रह दिन विद्यालयों में विविधता पूर्ण खेल-गतिविधियों का आयोजन कराया जाए। बच्चे अपने स्थानीय परिवेश में विभिन्न प्रकार के खेल खेलते हैं। इन खेलों में ऐसे कई कौशल होते हैं, जो पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को पूर्ण करते हैं। बच्चों के सहयोग से इन स्थानीय खेलों की सूची बनाकर दिवस वार खेल गतिविधियां निर्धारित करते हुए तथा बच्चों का सहयोग लेते हुए रोचक व रचनात्मक वातावरण का सृजन किया जाए। बच्चे विभिन्न प्रकार के कला-कौशल और स्थानीय शिल्प में निपुण होते हैं। आरंभिक दिनों में उनकी इस प्रतिभा उपयोग किया जाए। विद्यार्थी अपने विद्यालय को सजाएं-संवारें और पूरे विश्वास-उल्लास के साथ कहें कि 'मेरी भी आभा है इसमें'।



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

> विद्यालय स्तर पर बच्चों की विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है। सत्रारंभ सही समय होगा कि उन समितियों के सदस्यों को विभिन्न विद्यालयीय गतिविधियों के संचालन का दायित्व दिया जाए।

विद्यालय स्तर पर बच्चों की विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है। सत्रारंभ सही समय होगा कि उन समितियों के सदस्यों को विभिन्न विद्यालयीय गतिविधियों के संचालन का दायित्व दिया जाए। इससे बच्चों में न केवल दायित्व बोध विकसित होगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। योजना का स्वरूप इस प्रकार निर्धारित हो कि हर बच्चे को किसी न किसी जिम्मेदारी को निभाने का अवसर प्राप्त हो। दायित्वों का दिवसवार मैपिंग करते हुए विभाजन भी निर्धारित किया जा सकता है। इससे चुनावी व्यस्तता के दिनों में भी विद्यालय भलीभांति संचालित होता रहेगा।

बच्चे अपने परिवार और परिवेश से रागात्मक रूप से जुड़े होते हैं। इन सबके बीच उनके रिश्तों और भूमिकाओं का संसार होता है। इन रिश्तों और भूमिकाओं में ज्ञान-विज्ञान के असीमित क्षेत्र और संभावनाएं छिपी होती हैं। विद्यालयीय क्रियाकलापों में इस समृद्ध संसार को शामिल करना सीखने और सिखाने को सुगम व रोचक बनाता है। आवश्यक होगा कि नवीन सत्र हेतु निर्धारित की जा रही योजनाओं में बच्चों के इस ज्ञान-विज्ञान को समुचित स्पेस दिया जाए। शिक्षार्थियों का गुणात्मक उन्नयन काफी हद तक शिक्षण की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। इसी प्रकार शिक्षण की गुणवत्ता निरीक्षणकर्ता के गुणवत्ता परक कार्य, व्यवहार और पारस्परिक सहयोग पर निर्भर करती है। अतः प्रत्येक स्तर पर यह तय करना जरूरी होगा कि सभी का सहयोगात्मक प्रदर्शन सत्रांत में संस्थागत उत्कृष्टता के रूप में उभर कर आए।

विद्यालयों में वर्ष पर्यन्त शिक्षक तथा बच्चे शैक्षिक पंचांग/ वार्षिक कैलेंडर में निहित क्रियाकलापों के अलावा विभिन्न विभागीय तथा अंतरविभागीय गतिविधियों का हिस्सा बनते हैं। विभागीय स्तर पर इन गतिविधियों पर ज़रूरी फिल्टर लगाकर शिक्षण अधिगम के अवसरों को बढ़ाया जा सकता है। अनावश्यक मेले-रैलियों, फ़ोटो प्रेषण की गतिविधियों को संक्षिप्त करते हुए इनके स्थान बच्चों की गुणात्मक वृद्धि में सार्थक नतीजे देने वाले काम कराया जाना ज्यादा जरूरी होगा। निश्चित ही इससे बच्चों की जिंदगी में कई गुणवत्तापरक बदलाव प्रदर्शित होंगे। समय-समय पर विविध प्रकार की सूचनाओं के आदान-प्रदान को एक समस्या के रूप में देखा जाता है। सूचनाओं का प्रवाह कम हो इसके लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान से जुड़ा तंत्र यह निर्धारित करे कि सूचनाएं कम से कम समय में कैसे मैनेज हों ताकि बच्चों के हिस्से का समय प्रभावित न हो। तकनीक समृद्ध समय में सूचना प्रबंधन को कहीं ज्यादा बेहतर और सुव्यवस्थित किया ही जाना चाहिए। सत्रारंभ किसी भी शिक्षार्थी के जीवन का महत्वपूर्ण क्षण होता है। जरूरी है कि शिक्षा से जुड़ा हर व्यक्ति इस बारे में गंभीरता से सोचे कि हम सब मिलकर ऐसा क्या करें कि सत्रारंभ से ही पाठशाला बच्चे के लिए आनंद शाला बन जाए। वह आनंदशाला जिसमें हर बच्चा अपनी रुचि और गति से सीखते हुए अपनी उम्र व कक्षा के अनुसार अपेक्षित ज्ञान, कौशल व दक्षताएं प्राप्त कर रहा हो तथा हम इस बदलाव के वाहक और संवाहक बनने का गर्व-गौरव और सुकून हासिल कर रहे हों।

# कलकत्ता 'मिनी राजस्थान'

जड़ों से उखाड़कर नई जमीन में पौधे को लगाकर पुनर्जीवित करना बेहद कठिन होता है। केवल धान का पौधा ही ऐसा है, जो उखड़ने के बाद फिर रोपे जाने के बाद पनपता है, लेकिन बाकी उखड़ते ही अधमरे हो जाते हैं या मुरझाकर प्राणविहीन हो जाते हैं। केवल उनके प्राण बचते हैं जिनकी जिजीविषा-शक्ति अत्यंत प्रबल रहती है।

पूरी दुनिया के लोग भटकते हैं, कोई रोजगार-व्यापार के लिए, कोई नौकरी के लिए, कोई आसरे के लिए, कोई पढ़ने के लिए, कोई कुछ जानने के लिए, कोई घूमने के लिए तो कोई अपना मुंह छुपाने के लिए। अपने घर को छोड़कर दूसरी दुनिया में जाने का निर्णय लेने वाले या तो अपने हालात से मजबूर होते हैं या वे दुस्साहसी होते हैं। ऐसा देखा गया है कि जिसने अपना घर-परिवार छोड़ा, किसी नई जमीन में जाकर बस गया, वह एक-न-एक दिन खुद को साबित कर देता है। गर्म-रेतीले रेगिस्तान में भटकता इंसान पानी और छांव की तलाश में अनवरत चलते रहता है, क्योंकि उसके पास और कोई विकल्प नहीं रहता। इस कहानी को भारत के उस रेगिस्तानी इलाके से शुरू करते हैं जिसे राजस्थान, मारवाड़ और हरियाणा कहते हैं। अति प्राचीन काल में राजस्थान वैसा बीहड़ मरुस्थल नहीं था, जैसा आज है। वहां सरस्वती और दृषदवती जैसी बड़ी नदियां बहती थी, लेकिन ऋतु-परिवर्तन के कारण भौगोलिक परिस्थितियां बदली और वहां की हरियाली ने थार मरुभूमि का रूप धारण कर लिया। राज्य के पूर्वी भाग को छोड़कर पूरा प्रदेश पानी के लिए तरसता था। पानी नहीं था तो कृषि भी कम थी। कम पानी से होने वाली उपजें हुआ करती थी जैसे ज्वार, बाजरा, काकड़ी, मिर्च, सांगरी आदि। रोजगार नहीं थे इसलिए हरेक घर में फुर्सत का राज्य था, शतरंज की महफिलें लगती, गपशप होती, बहसबाजी होती परिणाम स्वरूप कभी-कभी लट्ठ चल जाते। बीसवीं शताब्दी की शुरुआत में अंग्रेजों ने भारत में अपने पैर पसारने शुरू कर दिए थे और कलकत्ता को उन्होंने अपना 'गेट-वे' बनाया।



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

जिन बड़े घरानों का नाम आज संपूर्ण भारत में उजागर है जैसे बिरला, डालमिया, मोदी, बांगड़, जालान आदि वे इसी इलाके से कलकत्ता पहुंचे लोग हैं, जो अंग्रेजों को मजदूर मुहैय्या कराने या दलाली जैसा छोटा-मोटा काम किया करते थे। इनको अपने काम की देखरेख के लिए आदमी चाहिए थे। कलकत्ता के निवासी-बंगालियों का काम उन्हें पसंद नहीं था, क्योंकि वह घड़ी देखकर काम करने वाला समुदाय था, जबकि उन्हें दिन-रात काम करने वाले लोग चाहिए थे। व्यापार का हिसाब-किताब रखने के लिए विश्वसनीय मुनीम भी चाहिए थे। इसलिए वे 'देश' के परिचित लोगों को कलकत्ता बुलाकर बसाने और उन्हें काम सिखाने लगे और धीरे-धीरे कलकत्ता 'मिनी राजस्थान' हो गया।

# संतन को कहां सीकरी सो काम

कुंभनदास साहित्य के क्षेत्र में भारत की 16-17 वीं शताब्दी अपने संत कवियों के लिए जानी जाती है। वह युग था जब भक्ति आत्म सम्मान का पर्याय थी और व्यवस्था के विरुद्ध विद्रोह के स्वर में मुखरित हुई थी। इन्हीं संत कवियों में एक कुंभनदास हुए। मथुरा के समीप जमुनावतो गांव के निवासी, जन्म से क्षत्रिय और वृत्ति से कृषक। वे कृष्ण-भक्त थे और मथुरा के गोवर्धन पर्वत स्थित श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना और गायन किया करते थे। एक बार बादशाह अकबर ने कुंभनदास का कोई भजन किसी से अपने दरबार में सुना। भजन उसे इतना अच्छा लगा कि उसे कुंभनदास को देखने और उनसे भजन सुनने की इच्छा हो आई। तब अकबर अपने फतेहपुर सीकरी के किले में रह रहा था। उसने कुंभनदास को दरबार में आने का आमंत्रण भेजा। कुंभनदास जाना नहीं चाहते थे, पर दूतों का बार-बार आग्रह देखकर वे सीकरी को चल पड़े। अकबर द्वारा भेजी गई शाही गाड़ी पर सवार होकर नहीं, बल्कि पैदल। अकबर ने उनका काफी आदर भाव किया और चलते वक्त उन्हें कोई भेंट देना चाहा, पर धन, मान, राज-सम्मान की किसी भी इच्छा से विरक्त संत ने एक ही चीज की मांग की कि उन्हें फिर कभी सीकरी न बुलाया जाए। सीकरी से लौटने के बाद कुंभनदास ने अपना प्रसिद्ध पद लिखा था। संतन को कहां सीकरी सों काम।/आवत जात पनहिया टूटी बिसरि गयो हरि नाम॥/ जाको मुख देखे दुख लागत, ताको करन परी परनाम॥ 'कुंभनदास' लाल गिरिधर बिन यह सब झूठो धाम॥/ सत्ताधारियों से चिपके रहने वाले आज के स्वार्थ-लिप्त निकृष्ट चोलाधारी संत क्या जाने की भक्ति क्या होती है?



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# मनुष्य की गहनतम अनुभूति है ईश्वर

आप उसे कल्पना कहते हैं, तब उसका अर्थ कुछ और हो जाता है। लोक जीवन में विद्यमान है, उसे तो कल्पना नहीं कहा जा सकता। वह तो वास्तविकता बन गया न! यह बात अलग है कि संसार में जितने सांस्कृतिक समूह हैं, उतनी ही ईश्वर की अवधारणा हैं। जिस दिन ईश्वर की परिभाषा पूरी हो जाएगी, उस दिन ईश्वर ईश्वर नहीं रह जाएगा, परिभाषा करने वाला ही ईश्वर हो जाएगा।

शब्द कहां हैं, जो उसे बांध सकें? शब्द की बात होती तो ब्रह्मा बेचारा नेति क्यों कहता? मनुष्य की विवशता और मनुष्य की शक्ति दोनों ने मिलकर ईश्वर को खोजा है। वास्तव में ईश्वर की यह खोज जीवन की खोज है, सुख की खोज है, आनंद-मंगल की खोज है, शक्ति की खोज है, सत्य की खोज है, पूर्णत्व की खोज है, अंतर्तम की खोज है, मनुष्यता की खोज है, स्वयं अपनी खोज है। ईश्वर की अवधारणा समष्टिगत भी है और व्यक्तिनिष्ठ भी होती है। हर आदमी अपनी तरह से वंदना करता है।

अपनी तरह से परिभाषा करता है, ईश्वर मेरा है, ऐसी भावना भी करता है। जरूरी नहीं कि वह किसी किताब की परिभाषा को लेकर चले। ईश्वर मनुष्य की गहनतम अनुभूति है। वेद ईश्वर की वाणी इसलिए है कि लोक ने उसे प्रतिष्ठित किया है। बाइबिल, कुरान, त्रिपिटक, अवेस्ता, गुरुग्रंथ साहब अपने-अपने लोक समुदाय के द्वारा प्रतिष्ठित ईश्वर-वाणी हैं। ईश्वर की अवधारणा को लेकर बुद्धिजीवी की बहस हम फेसबुक पर नित्य ही देखते हैं, पर मुश्किल यह है कि वे अपने को लोक से भिन्न और ऊंचा मान लेते हैं और सामान्यजन को मूर्ख! वैज्ञानिक समाजवाद कहें या जनवाद कह लें, यदि उस पुस्तक में यह लिखा है कि निर्बल के साथ रहो सहो, उसके दुख को अपना दुख मानो, उसके पक्ष में खड़े हो जाओ, उसको इतनी ताकत दो कि वह न्याय पा सके तब तो ठीक है और यदि आप अपने अहंकार में धर्म, ईश्वर और आस्था को ही अपना निशाना बना रहे हैं तो स्पष्ट है कि आपके पास लोकजीवन को देने के लिए कुछ भी नहीं है। निश्चित ही धर्माडंबर, चमत्कारवाद, जड़ता और भेड़चाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। महात्मा गांधी और भारत की विस्तृत संत परंपरा ने इनका निषेध भी किया था, परंतु आप अपनी सनक में उस गरीब का भरोसा या तिनके का सहारा भी छीन लेना चाहते हैं। ईश्वर की कोई भी परिभाषा अंतिम नहीं हो सकती। सात समुद की मसि करूं, लेखनि सब बन-राय। /सब धरती कागद करूं, तव गुन लिखा न जाए। (कबीर) सात-समुद्र में स्याही घोलूं/ सारी महावृक्षों की कलम बनाऊं।/सारी धरती पर तेरे गुणों का बखान करूं/तो भी तेरे गुणों को नहीं लिखा जा सकेगा। असित गिरि समं स्यात्कज्जलं सिंधुपात्रे, सुरतरुवर-शाखा लेखनी पत्रमुर्वी/ लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं तदपि तव गुणानामीश पारं न याति। वेदशास्त्र उसे जान चुके होते तो भला नेति क्यों कहते? वह कहने की बात होती तो ब्रह्मा कब का कह चुका होता।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> शब्द कहां हैं, जो उसे बांध सकें? शब्द की बात होती तो ब्रह्मा बेचारा नेति क्यों कहता? मनुष्य की विवशता और मनुष्य की शक्ति दोनों ने मिलकर ईश्वर को खोजा है।

अवाङ्‌नसगोचर या गिराज्ञानगोऽतीत क्यों कहा जाता? अव्यक्त क्यों कहा जाता? वह भाव-रूप न होता तो तुलसी या दूसरे मनीषी उसे भावगम्य क्यों कहते? भाव ही साधन है और भाव ही साध्य है। जीवन में भाव की कितनी सशक्त भूमिका होती है? आप उसे मनुष्य का विश्वास कहें या कुछ और मनुष्य अपने साथ ईश्वर की अवधारणा को अपने साथ लेकर चलता है। जीवन में कितनी बार याद कर लेता है? सुख-दुख, भय-संकट, रोग-शोक, जय-पराजय, आंधी-तूफान, पीड़ा-संताप, जन्ममरण कितने संदर्भ हैं।

# नर हो, न निराश करो मन को

धर्मस्थलों में नियमित जाकर प्रार्थना या गुहार लगाने से भौतिक वस्तुओं की यदि प्राप्ति होती रहती तो फिर उद्यम या मेहनत करने की जरूरत नहीं करनी पड़ती जिसने भी इस तरह के उपायों को अपनाया,उन्हें अंत में निराशा ही होती है। ऐसे लोग प्रार्थना और दुआ की महत्ता नहीं जानते, क्योंकि प्रायः इस तरह की बातें धर्माधिकारियों द्वारा दी जाती है कि धर्मस्थलों पर प्रार्थना और मन्नत मानने एवं चढ़ावा चढ़ाने से मन की मुरादें पूरी हो जाएंगी। धर्मस्थलों में जाना कोई गलत बात तो नहीं, लेकिन वहां जाने और मत्था टेकने से रुपए-पैसे मिलने लगेंगे, यह मान लेना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

धार्मिक स्थलों पर जाने का उद्देश्य तो अच्छे संस्कार एवं आचरण अपनाने के लिए हो तो बेहतर है। धर्मस्थलों में जब कभी प्रसाद के रूप में कुछ भी मिलता है तब उसे बड़ी आस्था से लेकर घर वापसी होती है और घर-परिवार के सदस्यों में उसे बांटा भी जाता है, लेकिन यदि किसी उपदेशक, पुजारी या मौलवी आदि ने अच्छे संस्कारों को अपनाने की सलाह दी तो उसे वहीं छोड़ दिया जाता है। उपदेशक समूह में यदि संदेश या खुतबा देता है,'सदैव सत्य बोलो, असत्य बोलने से ईष्टदेव नाराज होते हैं, अनीतिपूर्वक काम न करो' तो उपस्थित लोगों में अधिकांश को महसूस यही होता है कि यह उपदेश मेरे लिए नहीं, बल्कि अन्य लोगों के लिए है। अधिकांश को अपना अनीतिपूर्ण कार्य जायज और जरूरी भी लगता है।

ऐसी ही एक बोध कथा है, 'एक अंधा व्यक्ति मस्जिद के बाहर खड़ा होकर गुहार लगा रहा था,'परवरदीगार मेरी आंखों की रोशनी गायब हो गई है, उसे लौटा दो।' उस रास्ते से एक बादशाह गुजरा और बोला, 'कब से यहां खड़े होकर गुहार लगा रहे हो?' वह अंधा व्यक्ति बोल पड़ा, 'तकरीबन 10 साल से।' बादशाह बोला, 'जा रहा हूं किसी काम से, एक सप्ताह में लौटूंगा, यदि तब तक तुम्हारी आंख की रोशनी नहीं लौटी तो तलवार से तुम्हारी गर्दन काट दूंगा। मेरे राज्य का हर आदमी इसी तरह अपना समय बर्बाद करेगा तो राज्य की स्थिति खराब हो जाएगी। 'अंधा व्यक्ति घबरा गया। जब आंख की रोशनी नहीं जिंदगी पर आफत आ गई तब घबराया हुआ वह चिकित्सक के पास गया और सारी बात बताकर जल्द रोशनी लौटा देने की डॉक्टर से कहा। उसने यह भी कहा कि चाहे जितना पैसा लगे, वह देने के लिए तैयार है। डॉक्टर ने इलाज किया और एक सप्ताह में आंखों की रोशनी लौट आई। जब बादशाह लौटा तो बोल पड़ा, 'जहांपनाह, रोशनी लौट आई है।' बादशाह बोला,'फिर दस साल से यहां आकर नाटक कर रहे थे? खुदा को छोटे-छोटे कामों में उलझा रहे थे?' इसलिए धर्म-पथ पर चलते हुए अच्छे विचार तथा संस्कार की प्रार्थना या दुआ ही करनी चाहिए।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

अत्यंत आस्था के ग्रंथ रामचरितमानस का पाठ करते समय प्रायः 'दीनदयाल विरद संभारी, हरहु नाथ मम संकट भारी' चौपाई पढ़ी जाती है। इस चौपाई पर गौर किया जाए तो यहां संकट रुपए, पैसे, गाड़ी-बंगला, नौकरी का नहीं, बल्कि मानसिक विकारों से ग्रस्त मन में जो संकट है,उससे मुक्ति की प्रार्थना समझ कर करनी चाहिए, क्योंकि जीवन में लोभ, लालच, क्रोध, हीनता की भावनाएं प्रवेश करती रहती हैं। इस तरह की भावनाओं से मन द्विविधाग्रस्त होता है। आत्मबल कमजोर होता है,जबकि आत्मबल ही ईश्वरीय शक्ति है। मशहूर कवि मैथिलीशरण गुप्त की कविता पंक्ति 'नर हो, न निराश करो मन को' से यही ध्वनित होता है कि जिसका आत्मबल सशक्त होता है,वह नर ही नहीं,बल्कि खुद नारायण हो जाता है। नारायण का अर्थ ही नर का आयण यानी आश्रम। मजबूत आत्मबल नारायण स्वरूप प्रदान करता है। वहीं नारायण आकर विराजते हैं। ऐसी स्थिति में कोई कार्य असंभव भी नहीं लगता और नकारात्मक कार्य की ओर मन नहीं जाता। धार्मिक ग्रंथों में कही गई बातों का मर्म समझने की जरूरत है। मर्म समझे बिना धर्मपथ पर चलना निरुद्देश्य भटकना ही साबित होता है।

## सार-संक्षेप

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दस्तावेज तैयार कर रहा ट्रस्ट

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट आयोजनों का दस्तावेज तैयार कर रहा है। एक स्मारिका पुस्तिका भी बनाई जाएगी, जिसमें शामिल साधु संतों और विशिष्ट अतिथियों के अनुभव की राय ली जा रही है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में देश के अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े लगभग आठ हजार विशिष्ट अतिथि और संत धर्म आचार्य शामिल हुए थे। महोत्सव को देश के पांच लाख मठ मंदिरों में भी मनाया गया था। जिसको लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रमुख साधु-संतों से लिखित रूप से आयोजन के संबंध में अनुभव की जानकारी जुटा रहा है। अयोध्या से बाहर रहने वाले लोगों से सोशल मीडिया के माध्यम से राय मांगी जा रही है। हालांकि इस मामले पर कोई भी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन ट्रस्ट सूत्र बताते हैं कि देश में पहली बार इस तरह का आयोजन हुआ। जिसमें पूरी दुनिया से लोग शामिल हुए थे। इस पर दस्तावेज तैयार कराए जा रहे हैं

### महंगी हुई कॉपी किताबों के दाम कम करने की मांग

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी व्यापार सभा ने राज्य सरकार से नए शैक्षणिक सत्र में महंगी हुई कॉपी किताबों के दाम कम करने की मांग की है। इसके बीच तर्क दिया गया है कि पहले से ही महंगाई और मंदी से परेशान अभिभावकों को इससे राहत मिल सके। लखनऊ में शनिवार को व्यापार सभा के प्रदेश कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने इस मामले को उठाया। व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल और प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता अभिमन्यु ने कहा कि सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की किताबों के कुछ निजी प्रकाशकों ने तो 10 फीसदी तक दाम बढ़ा दिए हैं। कॉपियों की कीमतें भी 15 से 25 फीसदी तक बढ़ी हैं। इन पदाधिकारियों ने कहा कि कुछ ने रेट नहीं बढ़ाए तो पन्ने कम कर दिए और कुछ ने पन्ने बढ़ाए तो रेट भी बढ़ा दिए। कहा कि दुकानदार भी एमआरपी पर छूट देने से साफ इनकार कर दे रहे हैं। यह हाल तब है जबकि मिलों ने कागज के दाम नहीं बढ़ाए हैं।

### सेवानिवृत्त कार्मिकों को सौंपे गये पेंशन व अन्य प्रपत्र

**लखनऊ, अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के सेवानिवृत्त कार्मिकों को सेवानिवृत्ति के दिन पेंशन व अन्य देयों के भुगतान सम्बन्धी पेंशन प्रपत्र सौंपे गए। शनिवार को शक्ति भवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने कार्मिकों को प्रपत्र सौपे। पावर कॉरपोरेशन व ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन समेत वितरण निगमों के 20 कार्मिकों को पेंशन प्रपत्र सौंप गए। यह पहला मौका है कि जब ऊर्जा निर्गमन के कार्मिकों को सेवानिवृत्ति पर उनके पेंशन प्रपत्र सौंपे गए हैं। जिन कार्मिकों को पेंशन निदेशालय के लिए अग्रसारित पत्र व इनकैशमेंट पेपर आदि दिये गये, उनमें राजीव कुमार वर्मा, (मुख्य अभियन्ता), राजीव सक्सेना (अधिशासी अभियन्ता), हेमन्त कुमार गुप्ता (अधिशासी अभियन्ता), शैल सक्सेना (समीक्षा अधिकारी) महेन्द्र प्रताप सिंह आदि शामिल हैं।

### सपा में शामिल हुए बसपा नेता जहीर मलिक

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की नीतियों और नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए शनिवार को बसपा छोड़कर नगर पंचायत जलालाबाद जिला शामली के अध्यक्ष जहीर मलिक ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जहीर मलिक सन् 2006 से 2011 तक नगर पंचायत जलालाबाद बस्ती के अध्यक्ष रहे थे। सन् 2022 में वह बसपा के सिम्बल पर विस. का चुनाव भी लड़े थे। बसपा के सिंबल पर ही वे दुबारा 2023 में नगर पंचायत के अध्यक्ष बने हैं।

### मुख्तार अनीस की तीसरी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की ओर से सपा के वरिष्ठ नेता एवं सीतापुर के पूर्व सांसद मुख्तार अनीस की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्तार अनीस सपा के नेता एवं चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया और पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निकट सहयोगियों में थे। उन्होंने डॉ. राम मनोहर लोहिया पर एक संग्रहणीय ग्रंथ के सम्पादन के अतिरिक्त समाजवाद के शिल्पी पुस्तक भी लिखी थी।

### योगी ने विभूतियों के परिजनों को दी भारत रत्न की बधाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी.वी. नरसिम्हा राव, कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एस स्वामीनाथन व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न मिलने पर शनिवार को अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स के जरिए उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं।

## अदालत में मुख्तार अंसारी ने जज से कहा था-बहुत इच्छा है कुरकुरे खाने की, दिलवा दीजिए

# जेल में ताजा मछलियां खाने वाला कुरकुरे-बिस्कुट को तरसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** कुख्यात माफिया सरगना मुख्तार अंसारी जेल के अंदर और बाहर एक ही अंदाज में रहता था। जेल जाने के बाद उसे वह सारी सुविधाएं सरकार मुहैया कराती थी, जिन सुविधाओं को वह जेल के बाहर रहने पर स्वयं से मैनेज करता था। जेल में वह कलेक्टर और एसपी के साथ बैडमिंटन खेलता था। अनधिकृत रूप से जेल से बाहर घूमने के दौरान जेल में लगे सीसीटीवी को बंद कर दिया जाता था। ताजी मछलियां खाने को मिले, इसके लिए जेल परिसर में ही तालाब खुदवा दिया गया।

प्रदेश का निजाम बदलने के बाद उसी मुख्तार अंसारी को कुरकुरे और बिस्कुट खाने के लिए जज के सामने गिड़गिड़ाना पड़ा। पहली जनवरी 2024 को एमपी-एमएलए कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई पेशी के दौरान मुख्तार अंसारी ने विशेष सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव से कुरकुरे और बिस्कुट की मांग की। हालात यहां तक आए कि कोर्ट रूम में खड़े वकील और कुछ पैरोकार कुरकुरे और बिस्कुट की मांग सुनकर हस पड़े। यह वही मुख्तार था जिसे ताजी मछलियां खिलाने के लिए जेल में ही तालाब खोद दिया गया था। जिसके बैरक में छापे के दौरान कुंतलों फल और मशहूर प्रतिष्ठानों की मिठाइयां मिली थी। लखनऊ जेल में भी मुख्तार के बैरक में एसी लगा हुआ था। 15 सौ वर्ग फिट में बने बैरक की सभी खिड़कियों और दरवाजों में महंगे पर्दे लगे होते थे। उसी बैरक में पांच बेड और बैठने के लिए अच्छे फर्नीचर रखे जाते थे। मुख्तार से मिलाई करने वालों की जांच जेल कर्मी न करके मुख्तार के गुर्गे करते थे। मुख्तार के गुर्गे बैरक के बाहर खड़े रहते थे। प्रतिदिन चूल्हे पर बकरे और मछलियां पकती थी। यह चूल्हा बैरक के बाहर स्थापित किया जाता था। बाहर का भोजन करने का मूड होने पर जेल के सीसीटीवी को बंद कर दिया जाता था। जेल के गेट के बाहर लग्जरी गाड़ियां कतार में खड़ी हो जाती थीं। वापसी तक पूरा जेल प्रशासन अलर्ट मोड पर रहता था। गाजीपुर में तो जिलाधिकारी स्वयं मुख्तार के साथ बैडमिंटन खेलने के लिए जेल तक जाता था। प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद मुख्तार को आम कैदी बना दिया गया। जो भोजन सामान्य कैदी को मिलता था वही मुख्तार को खाना पड़ता था। मोहाली जेल से यूपी में स्थानांतरित होने के बाद मुख्तार एक-एक दिन घुट-घुट कर जिया।

### मुख्तार की तन्हाई बैरक के सीसीटीवी फुटेज सील

**बांदा, अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी की तन्हाई बैरक की निगरानी में लगे आठ सीसीटीवी कैमरों के फुटेज सील कर दिए गए हैं। इसके साथ ही मुख्तार को कौन-कौन बीमारियां थीं किससे, कब और कहां इलाज कराया गया, कौन सी दवाएं चल रहीं थीं, इन सबकी रिपोर्ट जेल प्रशासन तैयार कर रहा है। जिला जज, सीजेएम, डीएम और एसपी बांदा जेल का निरीक्षण कर चुके हैं। सीजेएम ने मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक और डीएम ने मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए थे। जेल सूत्रों के हवाले से मुख्तार की तन्हाई बैरक और उसकी निगरानी में लगे आठ सीसीटीवी के दो माह के फुटेज सील किए गए हैं। सीनियर जेल सुपरिटेंडेंट वीरेशराज शर्मा ने बताया कि बैरक और फुटेज सील करने के अलावा मुख्तार के हेल्थ डोजियर की रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है। जैसे उसे कौन सी बीमारियां थीं, किन डॉक्टरों ने चेकअप किया, दवाएं कौन सी चल रही थीं, इस रिपोर्ट को मुख्यालय भेजने के अलावा जांच के लिए भी प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्तार की सुरक्षा में हर माह अलग-अलग डिप्टी जेलर और वार्डर तैनात होते थे।

### मौत की सीबीआई जांच होनी चाहिएः सुलखान सिंह

संवाददाता कालपी (जालौन) अमृत विचार। पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बुंदेल खंड लोकतांत्रिक पार्टी बनाई है। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि मुख्तार अंसारी की मौत को संदेहास्पद बताया। जिसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। जेल प्रशासन और प्रदेश की पुलिस पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें सब मालूम है कि प्रदेश की जेलों में क्या नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पुलिस कभी भी कुछ भी कर सकती है। इसीलिए उत्तर प्रदेश पुलिस के 240 पुलिसकर्मी और अधिकारी कई जघन्य अपराधों में जेलों में बंद हैं। उन्होंने बताया कि इसबार के लोकसभा के चुनाव में प्रस्तावित बुंदेलखंड राज्य की सभी आठ लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े करेंगे। जिसमे मध्य प्रदेश की 4 और उत्तर प्रदेश की 4 लोकसभाएं शामिल हैं। उन्होंने बुंदेलखंड प्रथक राज्य की स्थापना करना ही पार्टी के गठन करने का मुख्य उद्देश्य बताया। इस मौके पर कालपी के पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, जन सत्ता दल के उत्तर प्रदेश के महासचिव ब्रजेश सिंह राजावत, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान,मीडिया प्रभारी प्रमोद सिंह, अवनीत गुर्जर, मनोज आदि मौजूद रहे।

# जांच के अभाव में निलंबन अवधि के दौरान वेतन कटौती अनुचित

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में याची के पक्ष में दिया निर्देश

विधि संवाददाता,प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वेतन कटौती से संबंधित एक मामले में माना कि हिरासत की अवधि के दौरान निलंबित किए गए किसी कर्मचारी को किसी भी अनुशासनात्मक जांच और जमानत के अभाव में बरी होने पर वेतन से वंचित नहीं किया जा सकता है। अगर कर्मचारी को उसकी हिरासत के कारण साधारण रूप से निलंबित किया गया है और निलंबन के दौरान उसके खिलाफ कोई विभागीय अनुशासनात्मक जांच नहीं की गई है, तो उसे यह सिद्ध करने के लिए कोई प्रमाण पत्र देने की आवश्यकता नहीं है कि वह इस अवधि के दौरान किसी लाभकारी पद पर कार्यरत था। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अजीत कुमार की पीठ ने अनिल कुमार सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए विपक्षी को याची की हिरासत अवधि के दौरान बकाया वेतन का भुगतान करने का निर्देश दिया।

याची गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, फतेहपुर में रूटीन ग्रेड क्लर्क के रूप में नियुक्त था। विभाग के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची द्वारा कर्तव्य का निर्वहन न करने के लिए विभाग को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि वह हिरासत में था। याची हिरासत में था, इसलिए उसे निलंबित किया गया चूंकि याची को बरी नहीं किया गया, इसलिए वह निलंबन अवधि के दौरान वेतन पाने का हकदार नहीं था। हालांकि याची के अधिवक्ता ने उक्त तर्क का खंडन करते हुए कहा कि याची के खिलाफ कोई विभागीय जांच नहीं की गई थी। उसे केवल हिरासत के आधार पर निलंबित कर दिया गया और निलंबन आदेश रद्द होने पर याची निलंबन अवधि का वेतन पाने का हकदार है। याची रूटीन ग्रेड क्लर्क के रूप में एक आपराधिक मामले में आरोपी बनाया गया। 9 अगस्त 2009 से 1 अगस्त 2010 तक वह जेल में रहा। उसके बाद वर्ष 2016 तक वह हिरासत में रहा। हिरासत की अवधि के दौरान याची को निलंबित कर दिया गया और आपराधिक मामले में बरी होने के बाद उसे बहाल कर दिया गया।

## रेरा पोर्टल पर सही फार्मेट में अपलोड करें अभिलेख

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने शिकायतकर्ताओं द्वारा पोर्टल पर अभिलेखों को सही फार्मेट में अपलोड करने के सम्बन्ध में नया आदेश जारी किया है। पक्षकारों को आदेश दिया है कि ई-कोर्ट्स में उनके द्वारा साक्ष्य में कोई भी अभिलेख केवल पीडीएफ फाइल में ही अपलोड किया जाए। यूपी रेरा ने शिकायत पोर्टल पर अपलोड किए जाने वाली फाइलों का साइज दो एमबी से बढ़ाकर तीन एमबी कर दिया है। यूपी रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि ई-कोर्ट्स में शिकायतों की सुनवाई के दौरान यह देखा जाता है कि पक्षकारों द्वारा अपलोड किए गए कई अभिलेख साफ या पठनीय नहीं होते हैं।

# पोस्टल बैलेट से तीन दिन डाल सकेंगे वोट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक होगी मतदान की सुविधा

**अमृत विचार :** आवश्यक सेवाओं में लगे कार्मिक पोस्टल बैलेट के जरिए तीन दिन में किसी दिन मतदान कर सकेंगे। इन कार्मिकों को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने पहले चरण की आठ सीटों के लिए मतदान की तैयारी शुरू कर दी है।

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि 12 आवश्यक सेवाओं में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा), डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कार्मिक जो मतदान दिवस से सम्बन्धित ड्यूटी पर व मतदान दिवस की कवरेज के आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गई है। दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए हो रहे चुनाव को लेकर शनिवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मेरठ लोकसभा सीट के लिए दो, गाजियाबाद में एक व मथुरा में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। इस चरण में प्रत्याशी चार अप्रैल तक नामांकन कर सकेंगे। मतदान 26 अप्रैल को होगा।

## आयकर विभाग के नोटिस पर कांग्रेस ने जिला मुख्यालयों के सामने किया प्रदर्शन



केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयकर विभाग की ओर से कांग्रेस को 1823.08 करोड़ की नोटिस जारी किए जाने के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों के सामने विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के अधिकारियों के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

राजधानी लखनऊ में जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा सरकार के इशारे पर संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से विपक्षी पार्टियों पर अलोकतांत्रिक हमलों को तत्काल प्रभाव से रोका जाए, ताकि देश में स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया जीवित रह सके। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पिछले डेढ़ महीने से सभी लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर केन्द्र की मोदी सरकार ने आयकर विभाग को सामने रखकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ एक असंवैधानिक व गैर कानूनी युद्ध छेड़ रखा है।

## लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1,157 मामलों में कार्रवाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** बिना अनुमति के चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के मामले में 1157 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 49,57,898 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 30,14,824 व निजी स्थानों से 19,43,144 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 3,28,492, पोस्टर के 14,02,506, बैनर के 8,70,882 व अन्य 4,12,944 मामलों में कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 2,49,145, पोस्टर के 8,90,898, बैनर के 5,02,380 व अन्य 3,00,721 मामलों में कार्रवाई की गई है।

## राजबब्बर को राहत दोषसिद्धि के आदेश को किया निलम्बित

विधि संवाददाता, लखनऊ

- अधिकारी से मारपीट मामले में दोषी करार दिए गए थे



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मतदान अधिकारी से मारपीट के वर्ष 1996 के एक मामले में दोषी करार दिए गए कांग्रेस नेता राज बब्बर को बड़ी राहत देते हुए, दोषसिद्धि के आदेश को निलंबित कर दिया है। राज्य सरकार को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का भी आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 1 मई 2024 को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान की एकल पीठ ने राज बब्बर की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर पारित किया है। राज बब्बर की ओर से उनके वकील गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि 7 जुलाई 2022 को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने राज बब्बर को दोषसिद्ध करार देते हुए दो साल कारावास की सजा सुनाई थी। मजिस्ट्रेट कोर्ट के उक्त आदेश के विरुद्ध राज बब्बर ने अपील दाखिल की। सत्र अदालत ने अपील को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए, राज बब्बर को जमानत तो दे दी परंतु दोषसिद्धि के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। प्रार्थना पत्र का राज्य सरकार की ओर से विरोध किया गया। बहस सुनने के बाद न्यायालय ने कहा है कि याची पांच बार सांसद रह चुका है, वहीं चुनाव आयोग ने आम चुनावों की घोषणा कर दी है। इन परिस्थितियों को देखते हुए इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि याची के लिए वर्तमान प्रार्थना पत्र दाखिल करना जरूरी था।


## वर्ग पहेली-25

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाहर निकलना 2. उदय होना 3. अन्य की अपेक्षा आगे निकल जाना; बढ़ जाना 4. दूध आदि तरल पदार्थों का खौलकर गाढ़ा होना।
2. 1. झांकने की क्रिया या भाव (ताक-झांक में प्रयुक्त होने वाला शब्द) 2. जासूसी 3. झलक, झरोखा।
5. 1. ठगने में किसी दूसरे को प्रवृत्त करना 2. किसी के ठगे जाने में सहायता करना।
8. 1. प्रतिकार करने वाला, आदेश का उल्लंघन करने वाला 2. नष्ट करने वाला।
10. आतंकित होकर एक साथ भागना, भगदड़।
11. ग्वाला।

**ऊपर से नीचे**

3. एक प्रकार का बनबिलाव।
4. दिवाकर या सूर्य के पुत्र- शनि तथा यम।
6. झूला झूलते समय झूले या हिंडोले का एक ओर से दूसरी ओर जाना।
7. 1. विपत्ति या कठिन वक्त के लिए संचित करके रखा गया धन, संचित धन, रक्षित द्रव्य, जमा-पूंजी 2. धरोहर,अमानत, किसी के पास सहेजकर रखने के लिए छोड़ी की गई वस्तु।
8. कुश्ती का एक दांव।
9. 1. नदी



### वर्ग पहेली -24 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 फ़ | | 2 भं | गि | 3 मा |
| 4 ता | म | र | स | | | लि |
| | | लां | | 5 न | चा | की |
| | 6 पुं | ग | फ | ल | | |
| 7 फ़ | | | | सा | | |
| क़ | | | | 8 ज़ | ई | फ़ |
| 9 त | स | दी | क | | | |

## सुडोकू -104

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 3 | | 9 | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| | 9 | | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | 9 | | 7 | | | |
| 3 | 4 | 6 | | 2 | | | 5 | |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | 2 | 5 |
| 9 | | 7 | | 4 | | | | |

### सुडोकू -103 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-षष्ठी 21.30 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 22.57 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** — आज किसी की भी बात पर भरोसा करने के बजाय उसकी सत्यता पहले परख लें। धर्म-कर्म में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। शरीर में संक्रमण और खुजली की शिकायत हो सकती है। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

**वृष** — आज का दिन आनंददायी रहने वाला है। घरेलू विवाद सुलझ सकते हैं। दांपत्य जीवन में खुशहाली रहेगी। अविवाहितों के विवाह के योग बन रहे हैं। व्यापारिक लेन-देन से लाभ मिलेगा। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है।

**मिथुन** — आज जीवनसाथी की वजह से किसी समस्या से पार पा सकेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। चित्त शांत और गंभीरता युक्त रहेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभप्रद रहेगी। नया घर लेने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

**कर्क** — आज प्रेमी जन के साथ बहुत अच्छा वक्त बिताएंगे। अपनी योग्यता का भरपूर सार्थक उपयोग कर पाएंगे। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। सुबह आप किसी बात पर गुस्सा हो सकते हैं। दोपहर के बाद आपके आत्मविश्वास में शानदार वृद्धि होगी।

**सिंह** — आज खर्चे बहुत ज्यादा बढ़ने के कारण समस्या बढ़ेगी। परिस्थितियों का गलत आकलन कर सकते हैं। व्यापार की समस्याओं में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बहसबाजी से आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या** — आज मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। करियर में उन्नति के अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में सहभागिता रहेगी। आपका आत्मबल और मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। सोशल मीडिया के माध्यम से आपकी लोकप्रियता बढ़ सकती है।

**तुला** — आज जीवनशैली व्यवस्थित रखें। घर पर परिजनों के साथ उत्तम समय बिताएंगे। परिश्रम का पूरा फल नहीं मिलेगा। पाचन में खराबी होने की संभावना है। व्यर्थ की समस्याओं से मन व्यथित हो सकता है। माता-पिता की दवाइयों पर धन खर्च होगा।

**वृश्चिक** — आज समाज में आपकी सराहना होगी। घर का माहौल सुखदायक रहेगा। कार्य पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से बेहद शुभ है। अपने काम करने के तरीके को बदलने का विचार बनाएंगे।

**धनु** — आज शांत होकर के अपने काम में ध्यान दें। संभव हो तो महत्वपूर्ण कार्यों को दो दिनों के लिए टाल दें। संयम और सहनशीलता का परिचय देते हुये कार्य करें। कारोबार में हानि हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।

**मकर** — आज प्रभावशाली लोगों से आपके संपर्क प्रगाढ़ होंगे। परिवार में आप लोगों के बीच सेतु की तरह काम करेंगे। दोस्तों व रिश्तेदारों से प्रोत्साहन और अपेक्षित मदद मिलेगी। अपने आलोचकों की बात को गंभीरता से न लें।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आप कुछ बदलाव का विचार बना सकते हैं। पिता की सलाह से आपको लाभ होगा। खानपान में शुद्धता का ध्यान रखेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने विचारों से कई लोगों को प्रभावित करेंगे।

**मीन** — आज व्यर्थ विवादों को टालने का प्रयास करें। काम के बजाय योजनाओं में ज्यादा रुचि रहेगी। नए व्यापारिक सौदे हो सकते हैं। आपकी सलाह से लोगों को बहुत लाभ होगा। ललित कलाओं और मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
वीरगति — सुबह : 11.00
सपूत — रात : 07.00

**&pictures**
वेलकम बैक — सुबह : 11.00
रोबोट — शाम : 04.23

**SONY PIX**
ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 11.05
जर्नी 2 — रात : 07.24

**ZEE CINEMA**
फटा पोस्टर निकला हीरो — सुबह : 10.05
पिप्पा — रात : 10.40

**colors CINEPLEX**
द रीटर्न ऑफ रिबेल — सुबह : 10.31
ओएमजी 2 — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गुप्ता जी ने रास्ते में बैठे भिखारी से कहा-भीख मांगते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। मेरे साथ चलो, मेरे घर काम करना। मैं तुम्हें दिन के तीन सौ रुपये दूंगा।
भिखारी ने कहा- अच्छा ठीक है, तुम मेरे साथ बैठ जाओ। मैं तुम्हें दिन के पांच सौ रुपए दूंगा।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 1845, राज श्री 1380, फ़ॉर्चून कि. 1790, रविन्द्रा 1805, फॉर्चुन ली0 1645, जय जवान 1450, सचिन 1590, सूरज 1475, अवसर 1630, राग गोल्ड 1685, गृहणी 1560, क्लासिक (किलो) 1730, मोर 1595, चक्र टिन 1680, ब्लू 1680, आशीर्वाद मस्टर्ड 1750, स्वास्तिक 1835। **किराना :** (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950। **चावल :** (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250। **दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7150, लाल हिंदुस्तान 7250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10400, मोटा हीरा 11800, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000। **चीनी :** डालमियां 4020, पीलीभीत 3980, नवाबगंज 3970 (नयी), बहेड़ी 3980 (नयी)।

# अगले हफ्ते खुलेगा भारती हेक्साकॉम का आईपीओ, 12 को लिस्ट होंगे शेयर

## 3 से 5 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन, यह भारतीय एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए अगले हफ्ते ओपन होगा। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक बोली लगा सकेंगे।

12 अप्रैल को कंपनी के बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी 4,275 करोड़ जुटाना चाहती है। यह पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल होगा, जिसमें कंपनी के मौजूदा निवेशक पूरे 4,275 करोड़ के 75,000,000 शेयर बेच रहे हैं।




इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 26 शेयर के लिए अप्लाय करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड 542-570 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 570 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,820 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 338 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 192,660 इन्वेस्ट करने होंगे।

आईपीओ ओपन होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 6.49% यानी 37 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ऐसे में अपर प्राइस बैंड 570 के हिसाब से इसकी लिस्टिंग 607 पर हो सकती है।

1995 में स्थापित हुए भारती हेक्साकॉम लिमिटेड टेलीफोन और ब्रॉडबैंड सर्विस प्रोवाइस करती है। कंपनी राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा सहित अन्य राज्यों में अपनी सर्विस देती है। 31 दिसंबर 2023 तक कंपनी के 27.1 मिलियन कस्टमर्स थे।

## जेएसडब्ल्यू स्टील ने कर्नाटक संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल चालू की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू स्टील ने शनिवार को कर्नाटक के विजयनगर स्थित अपने एकीकृत इस्पात संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल शुरू करने की घोषणा की। जेएसडब्ल्यू स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने 50 लाख टन की वार्षिक क्षमता वाली मिल से स्टील उत्पादों की पहली खेप भेजी है। कंपनी ने कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स लिमिटेड (जेवीएमएल) ने आज विजयनगर संयंत्र में 50 लाख टन प्रतिवर्ष क्षमता के साथ अपनी हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) को चालू किया और पहली खेप भेजी। जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि यह संयंत्र 17 मार्च, 2024 को तैयार हुआ था और शुरुआती परीक्षण के बाद वाणिज्यिक विनिर्माण और बिक्री शुरू हो गई है।

## त्योहारी मांग से खाद्य तेल व तिलहन की कीमतों में सुधार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश में खाद्य तेलों की आपूर्ति कम रहने के बीच त्योहारी मांग बढ़ने के कारण शनिवार को देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहन कीमतों में मजबूती देखने को मिली। आयातित तेलों की कम आपूर्ति की स्थिति के बीच सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतें मजबूती दर्शाती बंद हुईं।

बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि कम आपूर्ति (शॉर्ट सप्लाई) की वजह पाम एवं पामोलीन तेल का सूरजमुखी से महंगा होना है। इस महंगे दाम के कारण पाम, पामोलीन का आयात प्रभावित हुआ है जिस तेल की पूरे तेल आयात में लगभग 65 प्रतिशत की हिस्सेदारी होती है और कमजोर आयवर्ग के लोग इस तेल का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। पाम, पामोलीन जब सूरजमुखी से सस्ता होगा तभी इसका आयात बढ़ेगा और आपूर्ति लाईन दुरुस्त होगी। लगभग 65 प्रतिशत पाम, पामोलीन की कमी को किसी साफ्ट आयल से पूरा करना लगभग असंभव है। पाम, पामोलीन के दाम महंगे होने से सॉफ्ट आयल कीमतों पर भी दबाव बढ़ गया है। इससे सभी तेल तिलहन के दाम मजबूत होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल के मुकाबले शनिवार को सरसों की आवक घटकर साढ़े छह लाख बोरी रह गई। इस सरसों की खरीद के मामले में हरियाणा सरकार का कदम सराहनीय कहा जा सकता है। छिटपुट आवक शुरु होने के बीच वहां प्रदेश सरकार ने 5,650 रुपये प्रति क्विन्टल के एमएसपी पर किसानों की सरसों खरीद शुरु की है।

### सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 67500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 66500 |
| सिल्वर (पक्की) | 747 (अनुमानित) |

## साइबर सुरक्षा नवाचार के लिए स्टार्टअप समूह लॉन्च

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) में उन्नत साइबर सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब सी3आईहब ने यहां स्टार्टअप समूह लॉंच करने की घोषणा की है। सी3आईअब ने स्टार्टअप समूह तीन, चार और पांच लॉंच किया है। एनएम-आईसीपीएस मिशन के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा वित्त पोषित, सी3आईहब ने स्टार्टअप इनक्यूबेशन कार्यक्रम में 19 स्टार्टअप प्रस्तुत किए।

## इंडिगो ने अबू धाबी और कन्नूर के बीच सीधी उड़ानों की घोषणा की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने नौ मई से अबू धाबी और उत्तरी केरल के कन्नूर के बीच सीधी उड़ानों की घोषणा की है। एयरलाइन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति का विस्तार करते हुए इस सीधी दैनिक उड़ान का संचालन करेगी। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा कि इन उड़ानों के अलावा, एयरलाइन भारत के आठ शहरों से अबू धाबी के लिए 56 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी।

## नौ शहरों में बिना बिके मकान सात प्रतिशत घटे: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

नयी आपूर्ति की तुलना में बिक्री अधिक होने के कारण पिछले तीन महीनों में देश के नौ प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या सात प्रतिशत घटकर लगभग 4.81 लाख इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म प्रॉपइक्विटी के मुताबिक इस साल मार्च के अंत में नौ प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या 4,81,566 थी। यह आंकड़ा दिसंबर 2023 के अंत में 5,18,868 इकाई था। ये नौ शहर मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, दिल्ली-एनसीआर (दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद), बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई और कोलकाता हैं। प्रॉपइक्विटी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक (एमडी) समीर जसूजा ने कहा कि नयी आवक के मुकाबले बिक्री अधिक होने से बिना बिके मकानों की संख्या में कमी आई है।

## पंजाब में दो और टोल प्लाजा बंद किए जाएंगे : भगवंत मान

**चंडीगढ़, एजेंसी**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि लुधियाना-बरनाला राज्य राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा को दो अप्रैल से बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रियायत अवधि खत्म होने के कारण रकबा (लुधियाना में मुल्लांपुर के पास) और मेहल कलां (बरनाला के पास) टोल प्लाजा दो अप्रैल को अपना परिचालन बंद कर देंगे।

लुधियाना जिले में स्थित दाखा-हलवारा-रायकोट-बरनाला राज्य राजमार्ग 57.94 किलोमीटर लंबा है। पंजाब सरकार ने राजमार्ग को बेहतर बनाने के लिए, 2007 में बनाओ, चलाओ और हस्तांतरित करो (बीओटी) योजना को मंजूरी दी थी। इस परियोजना के लिए रोहन राजदीप टोलवेज लिमिटेड के साथ 17 वर्षों के लिए एक समझौता किया था। मान ने कहा कि कंपनी ने कोविड महामारी और किसानों के आंदोलन का हवाला देते हुए टोल परिचालन 448 दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था, लेकिन पंजाब सरकार ने इसे अस्वीकार कर दिया।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''दोनों टोल प्लाजा अपना परिचालन बंद कर देंगे और जनता से कोई टोल नहीं वसूलेंगे।'' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पूंजीपतियों को अनुचित लाभ देने के लिए नहीं है और टोल परिचालन अवधि खत्म होने के बाद किसी को भी आम जनता को लूटने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मान सरकार पिछले दो वर्षों में राज्य के विभिन्न स्थानों पर 10 टोल प्लाजा को बंद कर चुकी है।

# राष्ट्रीय

### एक नजर

## हत्या के मामले में आरएसएस के तीन कार्यकर्ता बरी

**कासरगोड (केरल)।** केरल में कासरगोड की एक अदालत ने 2017 में जिले की एक मस्जिद के अंदर एक मदरसा शिक्षक की हत्या से संबंधित मामले में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के तीन कार्यकर्ताओं को बरी कर दिया। कासरगोड प्रधान सत्र अदालत के न्यायाधीश के के बालाकृष्णन ने मामले में तीन आरोपियों को बरी कर दिया। मामले का विस्तृत फैसला अभी आना बाकी है। मोहम्मद रियास मौलवी (34) पास के चूरी में स्थित एक मदरसे में पढ़ाते थे। मौलवी की 20 मार्च, 2017 को मस्जिद में उनके कमरे में हत्या कर दी गई थी। चूरी स्थित मुहयुद्दीन जुमा मस्जिद के परिसर में घुसे एक गिरोह ने कथित तौर पर उनका गला काट दिया था।

## निर्माणाधीन पुल के तीन स्लैब गिरे, जांच समिति गठित

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जिले के नरसेना क्षेत्र के गजरौला गांव में गंगा नदी पर एक निर्माणाधीन पुल के तीन स्लैब गिर गए। इसमें किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी ने मामले में जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति बना दी है। इस बीच, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने मामले को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा पर चुनावी चंदा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा लोगों के जीवन से खेल रही है।

## महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को सेवा विस्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्य सचिव नितिन करीर का कार्यकाल शनिवार को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार केंद्र ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी को एक अप्रैल से 30 जून तक विस्तार देने संबंधी राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। करीर ने पिछले साल दिसंबर में शीर्ष पद के लिए वरिष्ठ नौकरशाह मनोज सौनिक का स्थान लिया था। महाराष्ट्र कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी इस महीने सेवानिवृत्त होने वाले थे।

# इलेक्टोरल बॉन्ड आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला, भाजपा ने ईडी से कराई उगाही

## आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने लगाया आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए ईडी से उगाही कराई है। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि बीते 10 साल में भाजपा की हरकतें देखकर समझ आने लगा है कि क्यों सरदार बल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था।

भाजपा इस देश की सबसे खराब, अक्षम और दोमुंही पार्टी है। ईमानदारी, भाजपा का सबसे बड़ा डर है और आम आदमी पार्टी का सबसे बड़ा हथियार है। इसी ईमानदारी की सजा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मिल रही है। आज का देश का हर नागरिक जानता है कि जो केजरीवाल सरकार हर साल जनकल्याण की सुविधाएं देने के बाद भी मुनाफे का बजट पेश करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दो साल से हमारे ऊपर अनगिनत छापे की कार्रवाई करवाई लेकिन इतने छापों के बाद भी एक चवन्नी बरामद नहीं हुई। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अब अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। ईडी ने करीब 51 हजार डॉक्यूमेंट्स कोर्ट के समक्ष रखे हैं और 458 गवाहों से पूछताछ की गई है। इतनी सारी पूछताछ करने के बाद केवल चार जगह अरविंद केजरीवाल का नाम आता है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेस में अकेले दौड़कर प्रथम आना चाहते हैं और इसलिए वह तमाम विपक्ष की सारी बुलंद आवाजों को जेल भेज रहे हैं।

### हेमंत सोरेन की पत्नी ने सुनीता केजरीवाल से मिलीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से शनिवार को मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि कल्पना सोरेन ने 6 फ्लैगस्टाफ रोड स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास पर जाकर सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात करीब 15 से 20 मिनट तक चली। झारखंड में कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था और वह तब से जेल में हैं।



इंदौर में रंगपंचमी गेर उत्सव के दौरान उमड़ा जनसैलाब। • एजेंसी

## तमिल के लोकप्रिय अभिनेता डेनियल बालाजी का निधन

**चेन्नई, एजेंसी**

अपने शानदार अभिनय के लिए विख्यात लोकप्रिय तमिल फिल्म अभिनेता डेनियल बालाजी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। अस्पताल के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। वह 48 वर्ष के थे। तिरुवानमियूर में रहने वाले अभिनेता ने सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें तुरंत यहां कोट्टिवक्कम के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया।

अभिनय के क्षेत्र से राजनीति में आये कमल हासन ने कहा, ''डेनियल का अचानक निधन चौंकाने वाला है। कम उम्र में मौत की पीड़ा परेशान करने वाली है।'' उन्होंने शोक संतप्त परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

## मुख्यमंत्री खांडू सहित 10 भाजपा उम्मीदवार विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**ईटानगर, एजेंसी**

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप मुख्यमंत्री चौना मीन सहित भारतीय जनता पार्टी के 10 उम्मीदवार राज्य विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सेन ने यहां संवाददाताओं को बताया कि नामांकन वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद खांडू और नौ अन्य को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि खांडू तवांग जिले के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे, जबकि उप मुख्यमंत्री चौना मीन ने चौखम सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की, क्योंकि उनके एकमात्र प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के बयामसो क्रि ने शनिवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। सेन ने कहा, ''छह विधानसभा क्षेत्रों में केवल एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया था जबकि चार अन्य में विपक्षी उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली।''

## इंदौर में रंगपंचमी की 'गेर' में उमड़े हजारों हुरियारे, सीएम भी शामिल


**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में फागुनी मस्ती के माहौल में रंगपंचमी पर हर साल निकाली जाने वाली ''गेर'' (होली की विशाल शोभायात्रा) में शनिवार को हजारों लोग शामिल हुए और त्योहारी उल्लास में डूब गए। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शहर में गेर की करीब 75 साल पुरानी रंगारंग परंपरा में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ एक खुले वाहन में सवार हुए और उन्हें गेर में शामिल लोगों पर पिचकारी से रंग बरसाते देखा गया। यादव ने संवाददाताओं से कहा, ''गेर होली खेलने वाले लोगों की वह टोली है जो सबको अपना बनाने के लिए निकलती है।''

## असम राइफल्स ने दलाई लामा के साथ अपने जुड़ाव को याद किया

**गुवाहाटी, एजेंसी**

चौदहवें दलाई लामा के अपनी मातृभूमि तिब्बत से भागकर भारत आने के 65 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में असम राइफल्स ने आध्यात्मिक नेता के साथ अपने निरंतर सहयोग को याद किया। दलाई लामा को सुरक्षित लाने की जिम्मेदारी असम राइफल्स को ही सौंपी गई थी। बल की 5वीं बटालियन को दलाई लामा और उनके दल को नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश) के माध्यम से असम में सुरक्षित लाने का काम दिया गया था। दलाई लामा ने 31 मार्च, 1959 को भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया था। अर्धसैनिक बल ने एक बयान में कहा, ''1959 में दलाई लामा की 5वीं असम राइफल्स की सुरक्षा संबंधी विरासत भारत और तिब्बत के साझा इतिहास में एक मर्मस्पर्शी अध्याय बनी हुई है, जो दोस्ती, समर्थन और मानवतावाद की स्थायी भावना का प्रतीक है।''



इसने कहा, ''दलाई लामा के साथ संबंध वर्षों से जारी है। बल का एक समूह, जिसे अक्सर 'दलाई लामा बटालियन' कहा जाता है, हर साल हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में उनसे आशीर्वाद लेने के लिए जाता है।''

## दिल्ली में छह घंटे प्रभावित रहेगा आवागमन

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली पुलिस ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रविवार को होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ रैली' के मद्देनजर यातायात परामर्श जारी किया है और कहा है कि उस दिन शहर में वाहनों की आवाजाही छह घंटे के लिए नियंत्रित की जाएगी।

मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव सहित विभिन्न विपक्षी दलों के शीर्ष नेता 31 मार्च को रामलीला मैदान में रैली में भाग लेंगे। यह रैली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि में आयोजित की जा रही है। यातायात परामर्श के

### 'इंडिया' गठबंधन रैली

अनुसार, बाराखंभा रोड से गुरु नानक चौक तक रणजीत सिंह फ्लाईओवर, मिंटो रोड से गोल चक्कर कमला मार्केट तक विवेकानंद मार्ग, हमदर्द चौक, दिल्ली गेट से गुरु नानक चौक तक जेएलएन मार्ग पर और अजमेरी गेट, कमला मार्केट गोल चक्कर से गुरु नानक चौक और वीआईपी गेट के पास चमन लाल मार्ग, गुरु नानक चौक से तुर्कमान गेट तक सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक यातायात की आवाजाही को नियंत्रित किया जाएगा और यातायात प्रतिबंधित भी किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि राजघाट चौक, मिंटो रोड, डीडीयू मार्ग, पहाड़गंज चौक और दिल्ली गेट पर सुबह नौ बजे से मार्ग परिवर्तन किया जा सकता है। परामर्श में कहा गया है कि आवश्यकता के अनुसार यातायात नियमों और मार्ग परिवर्तन के संबंध में समीक्षा की जाएगी, जिसके बाद इसमें बदलाव भी किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि यात्रियों से अनुरोध है कि यदि संभव हो तो इन रास्तों का उपयोग करने से बचें और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें।

### संविधान की रक्षा के लिए 'इंडिया' की रैली : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की "लोकतंत्र बचाओ रैली" का उद्देश्य संविधान और लोकतंत्र को बचाना है। विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा कि रैली से लोक कल्याण मार्ग (जहां प्रधानमंत्री का आवास स्थित है) को कड़ा संदेश दिया जाएगा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समय पूरा हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रैली को लेकर कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेता रैली को संबोधित करेंगे। यह कोई व्यक्ति विशेष की रैली नहीं है। इसीलिए इसे लोकतंत्र बचाओ रैली कहा जा रहा है। यह किसी एक पार्टी की रैली नहीं है, इसमें 27-28 पार्टियां शामिल हैं।

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.333 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.528 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |



शिखर धवन



निकोलस पूरन

## खेल डायरी

### टी20 कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं शाहीन

**लाहौर।** तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान क्रिकेट और टी20 कप्तान के रूप में उनके भविष्य से संबंधित चर्चाओं में शामिल नहीं किये जाने से निराश हैं जिससे वह कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। शाहीन के करीबी सूत्र ने कहा कि यह गेंदबाज इस बात से नाराज है कि जहां तक कप्तानी या कोचों की नियुक्ति का सवाल है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने एक बार भी उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में बात नहीं की है। इस सूत्र ने कहा, ''शाहीन राष्ट्रीय टी20 टीम का कप्तान है तो उसका निराश होना लाजमी है।''

### आज होगा हॉकी की प्रतिभाओं का सम्मान

**नई दिल्ली।** हॉकी की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी में रविवार को यहां भारतीय हॉकी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में कुल पुरस्कार राशि सात करोड़ 56 लाख रुपये रखी गयी है। आठ श्रेणियों में दिये जाने वाले इन पुरस्कारों के लिये 32 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन खिलाड़ियों की 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहना की जाएगी। पुरस्कार समारोह में ओलंपियन रघबीर लाल, ए.एस. बख्शी जैसी दिग्गज हस्तियां शामिल होंगी।

### रीयल कश्मीर एफसी ने नेरोका एफसी को हराया

**श्रीनगर।** रीयल कश्मीर एफसी ने आई लीग फुटबॉल के मैच में नेरोका एफसी को 3-0 से हराकर उसे दूसरी श्रेणी में धकेल दिया। कश्मीर के लिये नोहेरे क्रिजो ने 35वें, हैदर युसूफ ने 45वें और शहर शाहीन ने 67वें मिनट में गोल दागे। इस हार के बाद मणिपुर की नेरोका एफसी 21 मैचों में 13 अंक लेकर 12वें स्थान पर है। इस सत्र में उसने चार मैच जीते, एक ड्रॉ खेला और 16 गंवाये। अब उसे तीन ही मैच खेलने है और सभी जीतने पर भी वह दूसरी श्रेणी में खिसकने से नहीं बच सकती। वहीं कश्मीर की टीम ने चार ड्रॉ खेलने के बाद जीत दर्ज की। उसका अपराजेय अभियान नौ मैचों का हो गया है।

### उत्पीड़न के मामले में एआईएफएफ सदस्य गिरफ्तार

**पणजी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को गोवा पुलिस ने दो महिला खिलाड़ियों के कथित शारीरिक उत्पीड़न के मामले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इंडियन वुमैन्स फुटबॉल लीग के दूसरे डिविजन में हिस्सा लेने आयी हुए हिमाचल प्रदेश के खाड एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि क्लब के मालिक शर्मा ने 28 मार्च की रात को उनके कमरे में घुसकर उनके साथ मारपीट की थी। खिलाड़ियों के एक समूह ने हालांकि दावा किया कि शर्मा बेकसूर हैं। पुलिस उपाधीक्षक संदेश चोडनकर ने कहा, ''एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को औपचारिक शिकायत मिलने के बाद दिन में पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

### सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स सेमीफाइनल से बाहर


**मैड्रिड।** एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी के शनिवार को यहां सेमीफाइनल में हारने से मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी। इंडोनेशिया के रिनोव रिवाल्डी और पीठा हानिंगटयास मेंटारी की जोड़ी ने सिर्फ 29 मिनट में भारतीय चुनौती 21-17, 21-12 से समाप्त कर दी। एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी ने शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के रेहान नौफाल खुशारजांटो और लिसा आयु कुसुमावती को 14-21, 21-11, 21-17 से हराया था। शुक्रवार को सुपानिडा काटेथोंग ने भारतीय स्टार पीवी सिंधू को एक घंटे 17 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 24-26, 21-17, 22-20 से शिकस्त दी।

### पूर्वी क्षेत्र सीनियर महिला मल्टी डे ट्राफी के सेमीफाइनल में

**पुणे।** पूर्वी क्षेत्र ने खिलाड़ियों के हरफनमौला प्रयास से यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र पर पारी और 120 रन की जीत से सीनियर महिला अंतरक्षेत्रीय बहुदिवसीय (वुमेन इंटरजोनल मल्टी डे) ट्राफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूर्वी क्षेत्र ने पूर्वोत्तर को पहली दो पाारियों में 108 और 157 रन पर समेटकर जीत हासिल की। पूर्वी क्षेत्र ने धारा गुज्जर के पहली पारी में 140 रन की बदौलत आठ विकेट पर 385 रन पर पारी घोषित कर दी थी। पूर्वोत्तर की बल्लेबाजों ने अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश की लेकिन पूर्वी क्षेत्र को दोबारा बल्लेबाजी के लिए काफी रन नहीं बना सकीं। पूर्वोत्तर के लिए मोनिका 39 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। पश्चिम क्षेत्र ने मध्य क्षेत्र से ड्रा खेला लेकिन 111 रन की बढ़त से सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया।

# डिकॉक और पूरन की पारी से पंजाब किंग्स ढेर

## घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स की 21 रनों से जीत, शिखर धवन की अर्धशतकीय पारी नहीं आई काम



क्विंटन डिकॉक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **मैच में 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में खेल रहे केएल राहुल कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाये**

क्विंटन डिकॉक (54), निकोलस पूरन (42) और कृणाल पांड्या (43 नाबाद) के बाद मयंक यादव (27 रन पर तीन विकेट) और मोहसिन खान (34 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार वापसी करते हुये पंजाब किंग्स को 21 रन से हरा कर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला। 21 वर्षीय दिल्ली के मयंक यादव ने आईपीएल में अपने पदार्पण का आगाज तूफानी अंदाज में किया और 155.8 रन प्रति ओवर की तूफानी गेंद फेंक कर भारत की राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ताओं को तूफानी रफ्तार वाले गेंदबाज की तलाश पूरी करने में मदद की।

अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम पर एलएसजी ने टॉस जीत कर पहले खेलते हुये निर्धारित 20 ओवर में 199 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था जिसके जवाब में पंजाब की टीम रन ही बना सकी। कप्तान शिखर धवन (70) और जॉनी ब्रेयस्टो (42) ने दस ओवर के खेल में बगैर विकेट खोये 98 रन जोड़ लिये थे, उस स्थिति में पंजाब मुकाबले में आगे चलता दिख रहा था मगर पारी के 11वें ओवर में रवि विश्नोई ने मात्र तीन रन देकर पंजाब पर दवाब बढाया जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव ने अपनी तूफानी रफ्तार से मेहमान टीम के एक के बाद एक विकेट झटक कर मैच का पासा पलट दिया जबकि बची खुची कसर मोहसिन खान ने शिखर धवन और सैम करन का विकेट निकाल कर पूरी कर दी। बेयरस्टो यादव का पहला शिकार बने जब 12वें ओवर में 143 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी गयी शॉर्ट ऑफ़ लेंथ गेंद को पुल करने के प्रयास में बेयरस्टो डीप मिड विकेट पर खड़े फ़ील्डर ने आसान सा कैच देकर पवेलियन लौट गये वहीं प्रभसिमरन सिंह (19) को यादव ने 147 की रफ्तार से गेंद फेंकी और वह बैकफ़ुट पर जाकर शॉट लगाने का प्रयास करने पर मिड ऑन के फ़ील्डर को आसान कैच दे बैठे। जितेश शर्मा (6) को यादव में 142 की रफ्तार से गेंद फेंक कर विकेट पर टिकने से पहले ही चलता किया और टीम का स्कोर तीन विकेट पर 139 रन हो गया। एक छोर पर थके से दिख रहे शिखर धवन मोहसिन खान का शिकार बने जब धीमी शार्ट पिच गेंद को पुल करने के प्रयास में वह अपना विकेट गंवा बैठे। शिखर धवन ने 50 गेंदो की पारी के दौरान सात चौके और तीन छक्के लगाये। इससे पहले एलएसजी के केएल राहुल (15) ने डिकॉक के साथ पारी की शुरुआत करते हुये 35 रन 3.5 ओवर में जोड़ लिये मगर इस बीच राहुल अर्शदीप की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। पंजाब को दूसरी सफलता देवदत्त पडिक्कल (9) के तौर पर जल्दी ही मिल गयी। मेजबान टीम का तीसरा विकेट मार्कस स्टॉयनिस (19) के रुप में नौवें ओवर में गिरा, उस समय एलएसजी का स्कोर 78 रन था।

**लखनऊ 199/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक का जितेश बो अर्शदीप | 54 | 38 | 5/2 |
| केएल राहुल का बेयरस्टो बो अर्शदीप | 15 | 09 | 1/1 |
| देवदत्त पड्डिकल का धवन बो कुरेन | 09 | 06 | 2/0 |
| मार्कस स्टोइनिस बो चाहर | 19 | 12 | 0/2 |
| निकोलस पूरन बो रबाडा | 42 | 21 | 3/3 |
| आयुष बडोनी का बेयरस्टो बो कुरेन | 08 | 10 | 0/0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 43 | 22 | 4/2 |
| रवि बिश्नोई का तनय बो कुरेन | 00 | 01 | 0/0 |
| मोहसिन खान रन आउट | 02 | 01 | 0/0 |
| नवीनुल हक नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** कुरेन 4-0-28-3, अर्शदीप 3-0-30-2, रबाडा 4-0-38-1, चाहर 3-0-42-1, बरार 2- 0-14 -0, पटेल 4-0-45-0

**पंजाब 178/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन का डिकॉक बो मोहसिन | 70 | 50 | 7/3 |
| जॉनी बेयरस्टो का स्टोइनिस बो यादव | 42 | 29 | 3/3 |
| प्रभसिमरन सिंह का नवीनुल बो यादव | 19 | 07 | 1/2 |
| जितेश शर्मा का नवीनुल बो यादव | 06 | 09 | 1/0 |
| लियाम लिविंगस्टोन नाबाद | 28 | 17 | 2/2 |
| सैम कुरेन का पूरन बो मोहसिन | 00 | 01 | 0/0 |
| शशांक सिंह नाबाद | 09 | 07 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** सिद्धार्थ 2-0-21-0, नवीनुल 4-0-43-0, मोहसिन 4-0-34-2, कृणाल 3-0-26-0, बिश्नोई 3-0-25-0, यादव 4-0-27-3

## सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार फॉर्म से गुजरात टाइटन्स को खतरा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटन्स को अगर रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार लय को रोकने की कोशिश करनी है तो उसे अपने गेंदबाजी आक्रमण में सुधार करना होगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर आईपीएल का सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और सत्र की पहली जीत हासिल की।

गुजरात टाइटन्स ने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस पर जीत से शुरूआत की लेकिन पिछले मैच में चेन्नई में उसे हार का सामना करना पड़ा। चोटिल मोहम्मद शमी की जगह खेल रहे उमेश यादव कहीं भी उनके बराबर नहीं हैं जो गुजरात टाइटन्स के लिए बड़ी परेशानी साबित हो रहा है। 63 रन से मिली हार से उनका नेट रन रेट प्रभावित हुआ जो -1.425 पहुंच गया है और यह लीग की 10 टीम में सबसे खराब है। टूर्नामेंट के अंतिम छोर में यह उसके लिए कुछ समस्यायें खड़ी कर सकता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हार्दिक पंड्या के जाने से टीम का संतुलन बिगड़ा है।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बीआर शरथ। **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन। **मैच भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा।**

## धीरे-धीरे कप्तानी के गुर सीख जायेगा गिल : गैरी कर्स्टन

**अहमदाबाद।** पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस की आईपीएल 2024 में शुरूआत भले ही उतार चढाव भरी रही हो लेकिन उसके मेंटोर गैरी कर्स्टन ने शुभमन गिल का बचाव करते हुए कहा है कि इस तेज रफ्तार टी20 प्रारूप में रणनीतिक फैसले लेना वह सीख जायेगा। आईपीएल 2022 की चैम्पियन और मौजूदा उपविजेता टाइटंस दो मैचों में एक जीत और एक हार के बाद सातवें स्थान पर है। कर्स्टन ने कहा,'' यह तेज रफ्तार खेल है। नियमित आधार पर तकनीकी फैसले लेने होते हैं। यह टेस्ट क्रिकेट नहीं है जो लंबा चलता है।'' उन्होंने मैच की पूर्व संध्या पर कहा,'' मैं कप्तान के तौर पर उससे काफी प्रभावित हूं।''

## अप्रैल के अंतिम हफ्ते में टीम चुने जाने की संभावना

टी20 विश्व कप

नयी दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम के अप्रैल के अंतिम हफ्ते में चुने जाने की संभावना है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टीम सौंपने की अंतिम तारीख एक मई है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। लेकिन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली प्रत्येक टीम को 25 मई तक अपनी शुरूआती टीम में खिलड़ियों को बदलने का मौका मिलेगा। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''भारतीय टीम का चयन अप्रैल के अंतिम हफ्ते के दौरान किया जायेगा और इस समय तक आईपीएल का पहला हिस्सा खत्म हो जायेगा जिससे राष्ट्रीय चयन समिति दावेदारों की फॉर्म और फिटनेस का आकलन करने की स्थिति में होगी।'' सूत्र ने कहा, ''क्रिकेटरों का पहला जत्था 19 मई को आईपीएल का लीग चरण खत्म होने के तुरंत बाद न्यूयॉर्क के लिए रवाना होगा।''

चारों राष्ट्रीय चयनकर्ता ज्यादातर मैच देखने के लिए यात्रा करेंगे। पता चला है कि विश्व कप के लिए किसी भी दावेदार को कार्यभार प्रबंधन के बारे में कोई निर्देश नहीं दिया गया है क्योंकि इन दो महीनों में वे फ्रेंचाइजी के अधीन खेलेंगे।




## दबंग 4 के ऐलान पर सलमान खान ने तोड़ी चुप्पी! बताया कब बनेगी



**मुंबई, एजेंसी।** सलमान खान को फिर से चुलबुल पांडे बने देखने का सपना फैंस लंबे समय से देख रहे हैं लेकिन अब लगता है कि फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। हाल ही में अरबाज खान ने कहा था कि वो दबंग 2 जरूर बनाएंगे और अब सलमान खान ने भी हरी झंडी दे दी है और बताया है कि दबंग 4 जल्दी ही बनेगी। अभी तक दबंग 4 की मेकिंग को लेकर कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है लेकिन अब सलमान खान ने इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और कहा है कि आने वाले दिनों में दबंग 4 को मंजूरी मिल जाएगी। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि फिल्म फिलहाल क्यों रुकी हुई है। सलमान खान के छोटे भाई और निर्माता अरबाज खान पहली फिल्म के बाद से दबंग फ्रेंचाइजी संभाल रहे हैं। इस फिल्म को लेकर अरबाज का रिएक्शन भी सामने आ चुका है और अब तो खुद दबंग खान ने दबंग 4 पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में अरबाज खान की नई फिल्म पटना शुक्ला की स्क्रीनिंग के दौरान सलमान से दबंग 4 को लेकर सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में सलमान खान ने कहा, 'यह फिल्म बहुत जल्द बनेगी। सलमान ने कहा, 'जैसे ही दोनों भाई एक स्क्रिप्ट तय कर लेंगे, फिल्म जरूर बनाई जाएगी।'



## 'शाहरुख के साथ काम करने की बात पहले मजाक लगी'

**मुंबई, एजेंसी।** प्रियामणि ने हाल ही में खुलासा किया कि जब उन्हें पहली बार रोहित शेट्टी के ऑफिस से शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'चेन्नई एक्सप्रेस' के लिए फोन आया, तो उन्हें ये मजाक लगा था। प्रियामणि को यकीन ही नहीं हुआ कि ऐसा हो सकता है। प्रियामणि ने बातचीत के दौरान कहा- एक दिन मुझे रोहित शेट्टी के ऑफिस से फोन आया। मुझे लगा रोहित शेट्टी की टीम का कोई व्यक्ति मुझसे क्यों संपर्क करेगा। फिर उन्होंने मुझसे मुंबई आने के लिए कहा। इस बात के लिए मैं तुरंत मान गई और हामी भरकर फोन रख दिया। सच कहूं तो मुझे लगा कोई मुझसे शरारत कर रहा है। फिर मैंने ये पता करने के लिए कि कॉल क्या सच है या मजाक अपने मैनेजर से पूछा। 5 मिनट बाद मेरे मैनेजर ने जानकारी दी कि वो कॉल असली थी। बस फिर क्या था, अगला काम जो मैंने किया वो था- बैग पैक करके सीधा मुंबई आना। आखिरकार हमारी मुलाकात रोहित शेट्टी से हुई। रोहित शेट्टी ने मुझे बताया कि उन्होंने एक कन्नड़ गाना देखा है, जिसमें मैं और पुनीत राजकुमार हैं। प्रियामणि ने आगे कहा- मैंने 'चेन्नई एक्सप्रेस' का एड अखबार में देखा था। मुझे पता था कि इस फिल्म में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण हैं।

## फिल्म खेल-खेल में लीड रोल में तापसी पन्नू और वाणी कपूर नजर आएंगी

**मुंबई, एजेंसी।** डायरेक्टर मुदस्सर अजीज की अपकमिंग फिल्म 'खेल खेल में' की शूटिंग खत्म हो गई है। यह एक कॉमेडी जॉनर की फिल्म है। इसमें अक्षय कुमार और तापसी पन्नू लीड रोल में हैं। दोनों के साथ वाणी कपूर भी देखी जाएंगी। सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही मेकर्स फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस करेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार और फरदीन खान करीब 17 साल बाद एक साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। 2007 में दोनों कॉमेडी फिल्म 'हे बेबी' में एक साथ नजर आए थे। अब दोनों एक बार फिर से कॉमेडी फिल्म में साथ दिखेंगे। वहीं तापसी पन्नू, अक्षय कुमार के साथ 'बेबी' और 'मिशन मंगल' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वाणी कपूर ने भी अक्षय के साथ फिल्म 'बेल बॉटम' में काम किया है। अक्षय कुमार के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ और सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। अली अब्बास के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसके तुरंत बाद अक्षय फिल्म सरफिरा में दिखाई देंगे, जो तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की हिंदी रीमेक है। सुधा कोंगारा प्रसाद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। अक्षय को फिल्म सिंघम अगेन में वीर सूर्यवंशी के रोल में देखा जाएगा। इसमें करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर भी दिखाई देंगे। फिल्म में अजय देवगन लीड रोल में होंगे। इसके अलावा अक्षय के पास वेलकम टू द जंगल, स्काई फोर्स, हाउसफुल 5 और जॉली एलएलबी 3 जैसी फिल्में भी हैं।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# न्यूजक्लिक के विरुद्ध पुलिस ने दाखिल की पहली चार्जशीट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुलिस का आरोप-चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में लिया था पैसा

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। पुलिस ने पहली चार्जशीट दायर की है। पुलिस का आरोप है कि न्यूज पोर्टल को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में पैसा मिला था।

आरोपपत्र पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. हरदीप कौर की कोर्ट में पेश किया गया। न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक और इसके संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। बीती 23 फरवरी 2024 को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गैरकानूनी प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में न्यूज पोर्टल के संस्थापक और एडिटर इन चीफ प्रबीर पुरकायस्थ और न्यूज पोर्टल के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती के खिलाफ जांच पूरी करने के लिए पुलिस को 20 दिन का और समय दिया था।

गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967, इन आरोपों के बाद कि न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी धन प्राप्त हुआ। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पवन कुमार ने जांच की समय बढ़ाते हुए जांच पूरी करने में लंबा समय लेने के लिए दिल्ली पुलिस की खिंचाई भी की थी। उन्होंने पूछा था कि 150 दिनों की जांच में क्या किया है। यदि उन्होंने इन दिनों का उपयोग किया होता तो उन्हें विस्तार की आवश्यकता नहीं होती।

# एटीएस की कार्रवाई नवी मुंबई से पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई:** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने नवी मुंबई में अवैध तरीके से रहने वाले पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गि रफ्तार किया है। शुक्रवार को एटीएस ने घनसोली के दो इलाकों में छापेमारी की थी। एक अधिकारी ने कहा, गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस ने कार्रवाई करते हुए पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

किसी के पास भी वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय आहत जमाल शेख, 40 वर्षीय रेबुल समद शेख, 25 वर्षीय रोनी सोरिफुल खान, 28 वर्षीय जुलू बिलाल शरीफ और 49 वर्षीय मोहम्मद मुनीर मोहम्मद सिराज मुल्ला के तौर पर की गई है। ये सभी बांग्लादेश के दो जिले से आए थे और यहां राजमिस्त्री के तौर पर काम कर रहे थे।

# आज निपटा लें काम... नए वित्तीय वर्ष में हो रहे ये पांच बड़े बदलाव

*मार्च का महीना खत्म होने जा रहा है। अब अप्रैल से नए वित्त वर्ष की शुरुआत होगी। हर महीने की पहली तारीख को कई बदलाव होते हैं। 1 अप्रैल से भी कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इनमें क्रेडिट कार्ड, ईपीएफओ और फास्टैग जैसे कई बदलाव शामिल हैं। इन बदलावों का असर सीधे आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। आईए जानें इनके बारे में...*




## क्रेडिट कार्ड के नियम

एक अप्रैल 2024 से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत होने के बाद क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में भी बदलाव होने हैं। इसमें एसबीआई क्रेडिट कार्ड के नियम एक अप्रैल 2024 से बदल जाएंगे। नए नियमों के अनुसार क्रेडिट कार्ड के जरिए किराए का भुगतान करने पर अब रिवार्ड प्वाइंड नहीं जारी किए जाएंगे। कई अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड पर भी यह नियम 15 अप्रैल 2024 से लागू हो सकता है।

**पैन-आधार लिंक-** सरकार पैन कार्ड और आधार कार्ड को लिंक करने की डेडलाइन कई बार बढ़ा चुकी है। फिलहाल 31 मार्च 2024 को आधार पैन लिंक करने की आखिरी तारीख है। अगर 31 मार्च से पहले आपने अपना पैन और आधार कार्ड लिंक नहीं कराया तो आपका पैन कार्ड कैंसिल हो सकता है। पैन कार्ड निष्क्रिय होने पर आपको कई तरह की परेशानी हो सकती है। ऐसे में उसे दोबारा एक्टिव कराने के लिए आपको 1000 रुपये के जुर्माने का भी भुगतान करना पड़ेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च 2024 से पहले अपना पैन और आधार कार्ड आपस में लिंक करा लें।




## ईपीएफओ के नियम

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नियमों में 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब नौकरी बदलने की स्थिति में कर्मचारी का ईपीएफओ खाता खुद-ब-खुद नए नियोक्ता के पास ट्रांसफर हो जाएगा। पहले खाताधारकों की रिक्वेस्ट पर ही खाते को ट्रांसफर किया जाता था।

## फास्टैग केवाईसी नियम




एक अप्रैल 2024 से फास्टैग से जुड़े कुछ नियम भी बदल रहे हैं। अगर आपने अब तक अपनी कार के फास्टैग की बैंक केवाईसी पूरी नहीं की है तो एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष में आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च तक ही अपने फास्टैग की केवाईसी से जुड़ी प्रक्रिया पूरी कर लें। अगर आपने ऐसा नहीं किया तो आपका फास्टैग खाता बैंक की ओर से निष्क्रिय या ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो फास्टैग खाते में मौजूद बैलेंस का इस्तेमाल करने में भी आपको परेशानी हो सकती है।

## गैस की कीमतें



सरकार की ओर से हर महीने की एक तारीख को रसोई गैस के कमर्शियल और घरेलू सिलेंडरों के कीमत की समीक्षा की जाती है। हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लगी हुई है, इसलिए कीमतों में परिवर्तन की गुंजाइश कम है। लेकिन केंद्र सरकार अगर चाहे तो चुनाव आयोग से अनुमति लेकर रसोई गैस की कीमतों में बदलाव का एलान भी कर सकती है।

## एक नजर

### दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जुमा के चुनाव लड़ने पर रोक

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा देश में 29 मई को होने वाले आम चुनाव में उम्मीदवार के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग (आईईसी) ने शुक्रवार को बताया है कि, जांच आयोग की सुनवाई को बीच में ही छोड़कर चले जाने पर जुमा को 2021 में दक्षिण अफ्रीका की संवैधानिक अदालत ने 15 माह जेल की सजा सुनाई गई थी। जुमा को उनकी पार्टी एएनसी ने 2018 में बर्खास्त कर दिया था। स्व-निर्वासित गुप्ता परिवार के साथ जुमा की कथित नजदीकियों को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा गया था जिसके बाद ही एएनसी ने जुमा को पार्टी से बर्खास्त करने का कदम उठाया। आईईसी ने कहा कि जुमा को उनके आपराधिक रिकॉर्ड के कारण चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

### पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश 5 कोयला खदान श्रमिकों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में भारी बारिश के कारण एक घर की छत गिर गई और मलबे में दबने से पांच खदान श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस घर को कोयला खदान के लिए बाहर से आए मजदूरों के रहने के लिए बनाया गया था। उन्होंने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण कोयला खदान ढह गई और पांच मजदूर मलबे में दब गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मृतकों के शवों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें उनके मूल क्षेत्रों में भेज दिया गया और वहां उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### नीदरलैंड: एक शहर में घुसे अज्ञात हमलावर, लोगों को बनाया बंधक

**एडे (नीदरलैंड)।** यूरोपीय देश नीदरलैंड के एडे शहर में शनिवार को दर्जनों लोगों को एक इमारत में बंधक बना लिया गया। भारी-भरकम हथियारों से लैस नीदरलैंड पुलिस ने एडे शहर को घेर लिया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इमारत में कई लोगों को बंधक बनाकर रखा गया है। पुलिस प्रवक्ता साइमन क्लोक ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि एडे शहर में लोगों को बंधक बनाया जा रहा है। मगर उन्होंने इस घटना के बारे में अधिक जानकारी देने और इसमें कितने लोग शामिल हैं इसके बारे में बताने इनकार कर दिया।

### श्रीलंका और भारत द्विपक्षीय परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा

**कोलंबो।** श्रीलंका और भारत आर्थिक संबंधों को बढ़ाने पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी मौजूदा द्विपक्षीय आर्थिक परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। विक्रमसिंघे के वरिष्ठ सलाहकार सागला रत्नायका की भारत यात्रा के दो दिन बाद दोनों पड़ोसी देशों ने इस पर सहमति व्यक्त की। रत्नायका ने अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा के साथ चर्चा की। बयान में कहा गया कि द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करने के लिए तिमाही आधार पर समीक्षा की जाएगी।

# भीषण बर्फबारी में भी जा सकेंगे लद्दाख निम्मू- पादुम-दारचा मार्ग हुआ तैयार

## हिमाचल से लेह तक अब 10 घंटे में तय होगी दूरी, अप्रैल से चालू होगा मार्ग

लेह, एजेंसी

लद्दाख और कश्मीर के लोग जिस सड़क का 24 साल से इंतजार कर रहे थे, वो अब बनकर तैयार है। रणनीतिक रूप से बेहद अहम 248 किमी लंबी निम्मू- पादुम-दारचा रोड पर सीमा सड़क संगठन (बीआरओ)अंतिम 600 मी. का काम कर रही है। यह रोड हिमाचल के दारचा को लेह के निम्मू से जोड़ेगी। बीआरओ के मुताबिक, सेना अप्रैल से इसे शुरू करने जा रही है। इसके बनने से तीन बड़े फायदे होंगे। पहला भीषण बर्फबारी में भी देशवासी वाया रोड लेह- लद्दाख जा सकेंगे।

अभी बर्फबारी में यहां सिर्फ विमान से पहुंचा जा सकता है। दूसरा- सेना किसी भी परिस्थिति में सिर्फ 10 घंटे में एक साथ चीन और पाकिस्तान सीमा तक भारी मशीनरी पहुंचा सकेगी। अभी 17 घंटे तक लगते हैं। तीसरा- कश्मीर-लद्दाख से कटा रहने वाला बौद्ध बहुल जांस्कर उप मंडल लेह से जुड़ जाएगा। 13 बीआरटीएफ के कमांडर ले. कर्नल पारस के मुताबिक बीआरओ ने माइनस 30 डिग्री में यहां दो टुकड़ियों में बिना रुके काम किया है। नया रास्ता 10 महीने खुला रहेगा। मेंटेनेंस के लिए इसे दो महीने बंद रखेंगे।



### सेना को लेह तक नए मार्ग की थी दरकार

1999 के करगिल युद्ध के बाद सेना को लद्दाख तक एक आसान रोड की जरूरत महसूस हुई थी, क्योंकि मनाली-लेह मार्ग लंबा होने के साथ ही पांच ऊचाई वाले पहाड़ी दरों से गुजरता है और महीनों बंद रहता है। दूसरा मार्ग भी ऐसा ही है।

### पड़ोसी देश इस रोड को ट्रैक नहीं कर पाएंगे

अभी श्रीनगर और मनाली से लेह के लिए दो सड़कें हैं। दोनों 400 किमी से ज्यादा लंबी हैं और सर्दियों में 6-7 महीने बंद रहती हैं। 2200 करोड़ की नई रोड ऑल वेदर वाली है। बीआरओ ने इसका ज्यादातर हिस्सा पहाड़ों के बीच रखा है। इस खूबी से चीन-पाकिस्तान का इसे ट्रैक कर पाना मुश्किल होगा। निम्मू में पूर्वी लद्दाख और सियाचिन ग्लेशियर की रक्षा के लिए एक्सआईवी कोर का मुख्यालय है। नए रोड से मुख्यालय सीधे जुड़ जाएगा। रोड से सियाचिन एक दिन में सप्लाई पहुंच जाएगी। श्रीनगर-लेह सड़क करगिल में एलओसी से होकर गुजरती है। यह संवेदनशील रोड है, इसलिए गोलीबारी के वक्त कई बार इसे बंद करना पड़ता है। नई सड़क ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक है।

- **दुनिया की सबसे खूबसूरत रोड में से एक होगी:** करगिल हिल डेवलपमेंट काउंसिल के सीईसी के मुताबिक यह दुनिया की सबसे सुंदर रोड में से एक है। सर्दियों में जांस्कर नदी जम जाती है और पहाड़ बर्फ से ढंक जाते हैं। इन भौगोलिक विषम परिस्थितियों में भी बीआरओ ने काम नहीं रोका।
- **समय से पहले बनकर तैयार:** शुरुआत में बजट 251 करोड़ रु. था और डेडलाइन 2012 थी। लेकिन, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के चलते रोड अटक गई। जुलाई 2019 में इसे नई 2276 करोड़ की लागत से बनाना शुरू किया और अब डेडलाइन (2025) से पहले ही बनकर तैयार है।

# विश्व के नेताओं की सलाह, ट्रंप नहीं बनेंगे राष्ट्रपति: बाइडन

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में एक रैली के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विश्व के अधिकांश नेताओं ने उनसे कहा है कि आगामी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को नहीं जीतने देना। उन्हें डर है कि इससे उनका लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। चाहे जी 20 शिखर सम्मेलन हो या कोई अन्य अवसर हर बार यही देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि जो वह कह रहे हैं अतिशयोक्ति नहीं है। दुनिया के लगभग हर नेता मुझसे यह बात कहने के लिए अकेले में बात करने का बहाना खोजते थे। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कहा है कि अगर वह नवंबर में चुनाव में हारे तो खून खराबा होगा। आखिर उसे हुआ क्या है। यह मुझे सबसे अधिक चिंतित करता है। बाइडन ने कहा कि यह वह व्यक्ति है जिसने उन देशों के खिलाफ जो चाहे कदम उठाने के लिए रूस को उकसाया जो अपनी जीडीपी का दो प्रतिशत रक्षा पर खर्च नहीं करते। इस बीच बाइडन की ओर से कैंपेन अभियान संभाल रही टीम ने निक्की हेली के समर्थकों को लुभाने का प्रयास शुरू किया है। वह रिपब्लिकन की रेस से हाल ही में बाहर हुई हैं।

# ईरानी पोत के नौ अपहर्ताओं पर कार्रवाई करेगा भारत: नौसेना



नई दिल्ली, एजेंसी

- समुद्री लुटेरों के चंगुल से छुड़ाये 23 पाकिस्तानियों का होगा मेडिकल परीक्षण

अरब सागर में ईरानी जहाज अल-कंबर का अपहरण करने वाले नौ समुद्री लुटेरों को भारत लाकर उन पर मुकदमा चलाया जाएगा। इससे पहले जहाज से मुक्त कराए गए 23 पाकिस्तानी कर्मियों और नौ समुद्री लुटेरों का मेडिकल परीक्षण होगा।

परीक्षण के बाद ईरानी जहाज गंतव्य के लिए रवाना होगा। बता दें, अरब सागर में यमन के सोकोत्रा द्वीप के नजदीक समुद्री लुटेरों ने गुरुवार को ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज को बंधक बना लिया था। जहाज द्वारा भेजा गया आपात संदेश प्राप्त होने पर शुक्रवार को क्षेत्र में मौजूद भारतीय नौसेना के दो युद्धपोतों-आईएनएस सुमेधा और आईएनएस त्रिशूल को कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। दोनों युद्धपोतों ने कुछ ही घंटों में अपहृत जहाज का रास्ता रोक लिया और देर रात कमांडो कार्रवाई में अपहर्ता दस्युओं को आत्मसमर्पण के लिए विवश कर दिया।

मुक्त हुए पाकिस्तानी नागरिकों ने राहत की सांस ली और उन्होंने भारत और भारतीय नौसेना का जयघोष किया। अब जहाज और 23 पाकिस्तानी नागरिक भारतीय नौसेना की सुरक्षा में हैं। इन पाकिस्तानी कर्मियों का नौसेना मेडिकल परीक्षण करा रही है, इसके बाद ईरानी जहाज को उसके मार्ग पर रवाना कर दिया जाएगा, जबकि नौ अपहर्ताओं को भारत लाकर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पकड़े गए सभी लुटेरे सोमालियाई मूल के हैं।

## जनजीवन अस्त-व्यस्त...



**शिमला:** पिछले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश, हिमपात और तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वाहन यातायात, बिजली, पानी की आपूर्ति और संचार सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हो गई हैं। साउथ पोर्टल के आसपास के क्षेत्र में भारी बर्फबारी हो रही है और साउथ पोर्टल से लेकर सोलंग नाला तक की सड़कों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। वहीं कई संवेदनशील क्षेत्रों हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। ● एजेंसी

# इजराइल यात्रा को ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति का जब्त पासपोर्ट देने से सुप्रीम इनकार

**रियो डी जिनेरियो, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने इजराइल की यात्रा करने के लिए पासपोर्ट लौटाने के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो के अनुरोध को खारिज कर दिया है। बोलसोनारो के अधिवक्ता ने गुरुवार को कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मई में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम के लिए बोलसोनारो को आमंत्रित किया है। ऐसे में उन्होंने उच्चतम न्यायालय से उनका पासपोर्ट लौटाने का अनुरोध किया था।

शीर्ष कोर्ट के न्यायमूर्ति अलेक्जेंडर डी मोरेस ने कहा, जिस व्यक्ति के खिलाफ जांच जारी है, उस पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाना जल्दबाजी होगी, जब्त पासपोर्ट देने से इनकार कर दिया। बता दें, 2022 के चुनाव परिणामों को अनदेखा करने और हारे हुए नेता को सत्ता में बनाए रखने के लिए विद्रोह करने की साजिश रचेने के अरोप है, और जांच जारी है, मामले को देखते हुए उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया था।

# ब्रिटेन अब 41 लाख वेतन पर ही देगा वर्कर वीजा

लंदन, एजेंसी

- 4 अप्रैल से स्किल्ड वर्कर वीजा के नियमों में हो रहा बदलाव, 2 लाख भारतीयों पर असर




ब्रिटेन के भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक प्रवासियों को लेकर लगातार सख्त कदम उठा रहे हैं। ब्रिटेन में 4 अप्रैल से मिड लेवल टीचर, शेफ, नर्सेज और केयर गिवर्स प्रवासियों के प्रवेश वीजा पर बदलाव किया है। सुनक सरकार के नए नियम के अनुसा, स्किल्ड वर्क वीजा से ब्रिटेन में तब प्रवेश मिलेगा जब प्रवासियों का सैलरी पैकेज 41 लाख रुपये सालाना होगा।

बता दें, अब तक ये सीमा साढ़े 27 लाख रुपये थी। सुनक सरकार ने सैलरी सीमा में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी कर ब्रिटेन में नौकरी की चाह रखने वाले भारतीयों की राह में मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मिड लेवल नौकरी के लिए ब्रिटेन आने वाले लगभग दो लाख भारतीयों पर इसका असर पड़ने की आशंका है। बता दें कि पिछले दिनों स्किल्ड वर्क वीजा के तहत आवेदन करने वाले आईटी प्रोफेशनल के सैलरी पैकेज की सीमा 35 लाख से 52 लाख रुपये कर दी गई थी। भारतीय स्किल्ड वर्करों के लिए फैमिली वीसा पाने के लिए सैलेरी लिमिट में 56 फीसदी का इजाफा किया है। पहले ब्रिटेन में 19.50 लाख रुपए सालाना कमाने वाले भारतीय फैमिली वीसा के लिए आवेदन कर सकते थे, अब ये सीमा बढ़ाकर 30.50 लाख रुपए कर दी गई है। ये नियम 11 अप्रैल से लागू होंगे। साथ ही नेशनल हेल्थ स्कीम के तहत एनरोल होने के लिए भारतीय स्किल्ड वीसा धारको के लिए 65 हजार की सालाना फीस को बढ़ाकर एक लाख 10 हजार रुपए कर दिया गया है। एनएचएस फीस को बढ़ा कर प्रवासी परिवारों की एंट्री रोकना है। मिड लेवल वर्करों पर नए नियम लागू होने से तीन साल में लगभग आठ लाख भारतीय वर्करों को ब्रिटेन से स्वदेश लौटना पड़ सकता है। ब्रिटेन में अभी ये तीन साल के स्किल्ड वीसा पर है। इसकी औसत सैलरी 28 लाख है, तीन साल में ये बढ़कर 41 लाख नहीं होगी। ऐसे में इन वर्करों का स्किल्ड वीसा रिन्यू नहीं होगा, इन्हें वापस लौटना पड़ेगा। ब्रिटेन में 16 से 64 साल के 28 लाख लोग आर्थिक रूप से सक्रिय नहीं हैं। सुनक सरकार इन 28 लाख लोगों के लिए जॉब क्रिएट करना चाहती है।

# इमरान खान के 51 समर्थकों को पांच साल की सजा

इस्लामाबाद, एजेंसी

- नौ मई हिंसा मामले में हुई कार्रवाई 10 हजार जुर्माना भी लगाया



बीचे साल नौ मई को हुई हिंसा के मामले में आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीसी) ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने में शामिल होने के लिए दो मामलों में पाकिस्तान की एटीसी अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के 51 समर्थकों को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

9 मई को हुए दंगों के संबंध में पीटीआई नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के खिलाफ दर्ज मामलों में यह पहली सजा है। एटीसी जज नताशा नसीम ने हिंसा के मामले में सजा सुनाई है। उन्होंने जेल के बाहर कड़ी सुरक्षा के बीच सेंट्रल जेल, गुजरांवाला में कार्यवाही की और फैसला सुनाया। दोषियों में पीटीआई विधायक कलीमुल्लाह खान भी शामिल हैं। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि जेल की सजा के साथ ही सभी पर 10 हजार पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया। गौरतलब है कि पिछले साल मई में खान के पीटीआई समर्थकों ने भ्रष्टाचार के मामले में अपनी पार्टी के संस्थापक की गिरफ्तारी के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए रावलपिंडी में सेना मुख्यालय और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित कई सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था।


**विज्ञान** एक शोध से हुआ खुलासा, 2 मिलियन पुरानी घटना ने लालग्रह की धरती पर बनाए 2 अरब गड्ढे

# क्षुद्रग्रह ने किया मंगल की धरती का सीना छलनी

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** लालग्रह मंगल की धरती पर एक समय ऐसा भी आया था, जब एक क्षुद्रग्रह की टक्कर ने मंगल की धरती को बुरी तरह छलनी कर दिया। इस टक्कर में मंगल ग्रह पर 2 अरब गड्ढे बन गए। यह भीषण घटना दो मिलियन वर्ष पुरानी है।

ताजा शोध में यह जानकारी सामने आई है। सभी जानते हैं कि पृथ्वी भी एक बार क्षुद्रग्रह की टक्कर से बुरी तरह प्रभावित हुई थी। यह घटना करीब 6 करोड़ वर्ष पहले हुई थी। जिसमें विशालकाय जीव डायनासोर का अस्तित्व मिट गया था। इसी तरह मंगल की धरती भी क्षुद्रग्रह की मार से अछूती नही है। मंगल की सतह पर बेशुमार गड्ढे इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इन गड्ढों को खगोलविद देखते आ रहे थे, इन गड्ढों की उत्पत्ति से अनभिज्ञ थे। जिसे समझने के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर कई देशों के वैज्ञानिकों ने सामूहिक शोध किया। शोध के लिए मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एमआरओ) से प्राप्त डेटा को शामिल किया गया। जिसमें कोरिन्टो नामक क्रेटर को आधार बनया गया। गहन जांच पड़ताल के बाद यह निष्कर्ष निकला कि यह टक्कर सिर्फ एक क्षुद्रग्रह का परिणाम है। जिसकी टक्कर से हद से अधिक संख्या में मंगल से मलवे के साथ पत्थर छिटके और मंगल की सतह को छलनी करते चले गए। इस भीषण घटना का प्रभाव मंगल की सतह पर 2000 किमी दायरे में पड़ा। जिसमें दो अरब से अधिक छोटे बड़े गड्ढे बन गए, जो वर्तमान में मंगल के अतीत की दुर्दशा बयान करते है, जो आज भी एक अलग कहानी बयान करते हैं। इन गड्ढों का न्यूनतम आकार 10 मीटर हैं। शोधकर्ताओं ने यह जानकारी टेक्सास में आयोजित चंद्र और ग्रह विज्ञान सम्मेलन में सार्वजनिक की । शोध पेपर को यूनिवर्सिटी स्पेस रिसर्च एसोसिएशन (यूएसआरए) की साइट मे भी देखा जा सकता है।



मंगल ग्रह के गड्ढों की तस्वीर।

### मंगल की हर जानकारी बेहद जरूरी: वरिष्ठ खगोलविद

वरिष्ठ खगोलविद प्रो. आरसी कपूर कहते हैं कि मंगल की हर जानकारी बेहद जरूरी है, तभी मंगल पर मैन मिशन को सफल बनाया जा सकता है। हम मान सकते हैं कि शायद मंगल इंसान का भविष्य है। जिस कारण मंगल पर बहुत तेजी से शोध किए जा रहे हैं। जिसमे दुनिया के कई देश शामिल हैं। मंगल पर मानव बस्ती बसाने का सपना कब तक साकार हो पायेगा, यह कहना फिलहाल संभव नहीं है।

# भारत को चंद्रमा पर मिली उपलब्धियां हैरान करने वाली

पेरिस, एजेंसी

- यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इसरो की तारीफ की

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसेफ एशबैकर ने हाल के सफल प्रक्षेपणों के लिए इसरो की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष और विशेष कर चंद्र अन्वेषण में भारत की उपलब्धियां आश्चर्यजनक हैं।

अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा है, वह आश्चर्यजनक

ईएसए की ओर से पेरिस में 323वीं परिषद बैठक की मेजबानी की गई। एशबैकर ने कहा कि अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा है, वह आश्चर्यजनक है। हमने ईएसए परिषद में इसरो अध्यक्ष डा. एस सोमनाथ की मेजबानी की। यह प्रतिनिधियों के लिए ईएसए-इसरो के वर्तमान और भविष्य की योजनाओं के संबंधों में अधिक जानने का अवसर था। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ सहयोग को गहरा करने के रणनीतिक महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। मील के पत्थर वाले इन कदमों ने न सिर्फ वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को सुदृ कर दिया, बल्कि भारत में निजी क्षेत्रों को भी बढ़ावा देने का कार्य किया है।

### नई ऊंचाइयों पर पहुंचा भारत: अंतरिक्ष यात्री

अंतरिक्ष यात्री थामस पेस्केट भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल साफ्ट लैंडिंग और भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के प्रक्षेपण के साथ ही भारत 2023 में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा।